ललितपुर ■ रविवार 18 मई 2025 ■ वर्ष-19 ■ अंक-308 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹04

# दैनिक सत्ता सुधार

जनता के साथ जनता की आवाज

**सुविचार**

आप जितना दिखावट से दूर होते जाएंगे, वैसे ही आपके अंदर सत्य को समझने का हुनर आ जाएगा।



प्रक्षेपण सुबह 5.59 बजे होगा

## आज इसरो की 101वीं लॉन्चिंग

# दुश्मनों पर रहेगी भारत की नजर

एजेंसी ■ नई दिल्ली

इसरो के पीएसएलवी-सी61/ ईओएस-09 मिशन की तैयारी शनिवार को पूरी हो गई। इसरो रविवार को सुबह 5:59 बजे पर सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा से लॉन्च होने के लिए तैयार है। यह इसरो का 101वां लॉन्च है। इसरो ने पीएसएलवी-सी61/ ईओएस-09 को पीआईएफ से एमएसटी तक ले जाने का एक टाइमलैप्स वीडियो जारी किया, जो इस मिशन की तैयारियों की सटीकता और जटिलता को दर्शाता है। यह वीडियो हर फ्रेम में इसरो की इंजीनियरिंग कौशल, टीमवर्क और समर्पण को कैप्चर करता है।

### मिशन का लक्ष्य

यह उपग्रह 1,710 किलोग्राम वजन का है। सी-बैंड सिंथेटिक अपर्चर रडार से लैस है, जो इसे दिन-रात, किसी भी मौसम में हाई-रिजॉल्यूशन तस्वीरें ले सकता है। ईओएस-09 का मुख्य उद्देश्य कृषि, वन निगरानी, आपदा प्रबंधन, शहरी योजना और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में मदद करना है।

### सीमाओं की बढ़ेगी और चौकसी

विशेष रूप से, हाल के सुरक्षा घटनाओं जैसे पहलगाम, जम्मू और कश्मीर में आतंकी हमले पर निगरानी रखी जा सके। इस उपग्रह की तैनाती को त्वरित किया गया है ताकि संवेदनशील सीमाओं और तटीय क्षेत्रों पर निगरानी बढ़ाई जा सके।

**भागवत का पाक पर प्रहार...बोले-जब शक्ति होती है तो दुनिया सुनती है प्रेम और मंगल की भाषा**


# जो दुस्साहस करेगा, उसे सबक सिखाएगा भारत

## संघ प्रमुख ने कहा-भारत का रहने वाला हूं, भारत की बात सुनाता हूं...

- दुर्बल कुछ नहीं कर सकता दिखानी होती है शक्ति
- बच्चों को संस्कार दो कि संतों के सानिध्य में जाओ

एजेंसी ■ जयपुर/ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि भारत किसी से शत्रुता नहीं करता है, लेकिन कोई दुस्साहस करेगा तो उसे सबक सिखाने से भी पीछे नहीं हटेगा। दुनिया प्रेम और मंगल की भाषा भी तब ही सुनती है, जब आपके पास शक्ति हो। यह दुनिया का स्वभाव है, इसको बदला नहीं जा सकता। इसलिए विश्व कल्याण के लिए हमें शक्ति संपन्न होने की जरूरत है। भागवत जयपुर के सीकर रोड स्थित रविनाथ आश्रम में आयोजित रविनाथ महाराज की पुण्यतिथि के कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोगों के मन में आ रहा होगा कि मैं रविदास आश्रम क्यों आया हूं। यह वाजिब भी है। लेकिन मैं रविदास का भक्त हूं, उन्हीं के कारण आश्रम में आया हूं। भागवत ने आश्रम में अपने संबोधन की शुरुआत भारत का रहने वाला हूं, भारत की बात सुनाता हूं से की। उन्होंने भारत को विश्व का सबसे प्राचीन



देश बताते हुए उसकी भूमिका बड़े भाई की बताई। उन्होंने कहा कि भारत विश्व में शांति और सौहार्द के लिए काम कर रहा है। भारत सब क्षेत्रों में प्रगति करेगा।

### हम कई देशों के बड़े भाई

भागवत ने कहा कि भारत जिन दूसरे राष्ट्र की मदद करता है, वो देश कभी-कभी विपरीत धाराओं में बहते हैं, फिर भी हम मदद करते हैं। क्योंकि हमारे मन में सहयोग का भाव रहता है। हम कई देशों के बड़े भाई हैं, लेकिन बड़ा भाई होने का घमंड नहीं करना है। बल्कि बड़े भाई का फर्ज निभाते हुए छोटों को सही नसीहत देनी है।

### हमारी ताकत विश्व ने देखी

भागवत ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किए बिना कहा कि दुर्बल कुछ नहीं कर सकता है। दुनिया को शक्ति दिखानी होती है। हम जिसका जैसा हित है, उससे वैसा व्यवहार करते हैं। कभी-कभी हमारे विपरीत भी हालात होते हैं, लेकिन हम फिर भी मदद करते हैं। हमारी ताकत विश्व ने देखी है।

### भारत में त्याग की परंपरा

संघ प्रमुख ने कहा कि भारत में त्याग की परंपरा रही है। भगवान श्रीराम से लेकर भामाशाह को हम पूजते और मानते हैं। विश्व कल्याण हमारा धर्म है। विशेषकर हिंदू धर्म का तो यह पक्का कर्तव्य है। यह हमारी ऋषि परंपरा रही है, जिसका निर्वहन संत समाज कर रहा है। सारी दुनिया में सब एक है।

## आईएसआई के दो आतंकी मुंबई एअरपोर्ट से गिरफ्तार

एनआईए ने महाराष्ट्र के पुणे में आईईडी के निर्माण और परीक्षण से संबंधित 2023 के केस में आईएसआई आतंकवादी संगठन के स्लीपर मॉड्यूल के फरार दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। दोनों पर 3-3 लाख का इनाम भी घोषित किया था। जांच एजेंसी ने शनिवार को बताया कि अब्दुल्ला फैयाज शेख उर्फ डायपरवाला और तल्हा खान के रूप में पहचाने गए दो लोगों को मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 2 से इमिग्रेशन ब्यूरों ने उस वक्त गिरफ्तार किया जब वे इंडोनेशिया के जकार्ता से भारत वापस लौटने की कोशिश कर रहे थे।

## शहबाज शरीफ ने कबूला-भारत ने घुसकर मारा

**पाक के नूर खान सहित कई एयरबेस को पहुंचा नुकसान**

आखिरकार पाक के पीएम शहबाज शरीफ ने कबूल किया है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने कई एयरबेस को नुकसान पहुंचाया। इनमें नूर खान एयरबेस भी शामिल है। एक समारोह के दौरान शरीफ ने कहा कि भारतीय सेना का हमला शुरू होने के बाद सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने उन्हें रात 2.30 बजे जगाया। शरीफ ने कहा-जनरल मुनीर ने मुझे हमलों के बारे में सूचित करने के लिए फोन किया। यह गंभीर चिंता का पल था। भारतीय सेना ने हमारे कई एयरबेस पर हमला किया और भारी नुकसान पहुंचाया



## ज्योति मल्होत्रा सहित छह गिरफ्तार

### देश से गद्दारी करने का आरोप, पाकिस्तानी एजेंसी से जुड़े तार



**इधर,** हरियाणा की फेमस यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को पाकिस्तान से जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। ज्योति पर पाक खुफिया एजेंसी को संवेदनशील जानकारी देने का आरोप है। ज्योति 2023 में पाक गई थी, वहीं से उसका संपर्क पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों से हुआ। ज्योति ट्रैवल विद जो यूट्यूब चैनल चलाती है। इस मामले में अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ज्योति को हिसार से गिरफ्तार किया गया है। ज्योति मल्होत्रा की अगर इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर देखा जाए तो ज्यादातर वीडियो पाकिस्तान ट्रैवल के हैं। ज्योति मल्होत्रा को पाकिस्तान उच्चायोग के एक कर्मचारी से मुलाकात के मामले में शनिवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।

## ऑपरेशन सिंदूर...भारतीय डेलिगेशन में थरूर के नाम पर तकरार

- कांग्रेस ने कहा-हमने उनका नाम ही नहीं दिया, सरकार ने उन्हें एक डेलिगेशन का लीड बनाया
- यूएस में थरूर करेंगे सांसदों के दल का नेतृत्व
- रविशंकर खाड़ी देशों में पाक को करेंगे बेनकाब

**इधर,** केंद्र ने ऑपरेशन सिंदूर और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख बताने के लिए





सर्वदलीय सांसदों के 7 डेलिगेशन बनाए हैं। ये डेलिगेशन दुनिया के बड़े देशों, खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों का दौरा करेगा। संसदीय कार्य मंत्रालय ने शनिवार को डेलिगेशन को लीड करने वाले सांसदों के नाम जारी किए। इसमें कांग्रेस से एकमात्र सांसद शशि थरूर का नाम शामिल है। अब कांग्रेस ने कहा है कि उसने केंद्र को थरूर का नाम नहीं दिया था। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि डेलिगेशन के लिए 4 सांसदों का नाम मांगा था। कांग्रेस ने आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और राजा बरारके नाम दिए थे। इधर शशि थरूर ने कहा-एक सर्वदलीय डेलिगेशन का नेतृत्व करने के लिए भारत सरकार के निमंत्रण से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। जब राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की जरूरत होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा।

## ब्रीफ न्यूज

### सेंट्रल-नॉर्थ कश्मीर में कई जगहों पर छापेमारी

**श्रीनगर।** शनिवार को जम्मू-कश्मीर की स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने सेंट्रल और नॉर्थ कश्मीर के कई इलाकों में छापेमारी की। यह कार्रवाई आतंक से जुड़े मामलों की जांच के सिलसिले में की गई है। ये छापे सोपोर, बारामुला, हंदवाड़ा, गांदरबल और श्रीनगर में मारे गए।

### सोना अब 92,301 रु.तोला और चांदी 94,606 किलो

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में गिरावट रही। पिछले शनिवार को सोना 95,726 रुपए पर था, जो अब को 92,301 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 3,425 रुपए गिरी है। वहीं, चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को 95,726 रुपए पर थी, जो अब 94,606 रुपए किलो पर पहुंच गई है।

### कामायनी एक्सप्रेस में बम की अफवाह

**खंडवा।** इटारसी से भुसावल की ओर जा रही वाराणसी- लोकमान्य तिलक कामायनी एक्सप्रेस में बम होने से सूचना से रेलवे में हडकंप मच गया। ट्रेन खंडवा पहुंचने पर यात्री को कोच से उतारकर एक घंटे सघन जांच की गई। जांच में कोई भी विस्फोटक या आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई। बम होने की सूचना जीआरपी खंडवा को दोपहर 12.42 बजे भोपाल जीआरपी कंट्रोल रूम से मिली थी।

### पुतिन और जेलेंस्की युद्ध रोकने कल करेंगे बात

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि वह सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात करेंगे। यह बातचीत भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे होगी। उन्होंने बताया कि बातचीत का मुख्य उद्देश्य यूक्रेन-रूस युद्ध में जारी रक्तपात को रोकना है। ट्रंप ने इसे मानवता के खिलाफ त्रासदी करार दिया है।

# आप में फूट! अब इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी नाम से तीसरा मोर्चा

### संभालेंगे मुकेश गोयल: एमसीडी में अलग गुट की घोषणा



**दिल्ली निगम में आप के 15 पार्षदों ने पार्टी से दिया इस्तीफा**

एजेंसी ■ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम में आप के 15 नगर पार्षदों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इन्होंने इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी नाम से तीसरा मोर्चा बनाने की घोषणा भी कर दी है।

मुकेश गोयल नए मोर्चे का नेतृत्व करेंगे। इस्तीफा देने वाले अन्य पार्षदों में हेमचंद गोयल, हिमानी जैन, रुनाक्षी शर्मा, उषा शर्मा, अशोक पांडेय, राखी यादव, साहिब कुमार, राजेश कुमार लाडी, मनीषा, सुमन अनिल राणा, देविंदर कुमार और दिनेश भारद्वाज शामिल हैं। पार्षदों ने एक प्रेस रिलीज में लिखा-

### दिल्ली में नई हलचल

एमसीडी में इस नई पार्टी के गठन से राजनीति में एक नई हलचल पैदा हो गई है। दिल्ली में आप के दबदबे को चुनौती देने के लिए इस गुट का उभरना राजनीतिक समीकरणों में बड़ा बदलाव ला सकता है।

हम सभी पार्षद एमसीडी में साल 2022 में आप की टिकट से चुने गए थे। हालांकि, 2022 में चुनाव जीतने के बावजूद पार्टी का शीर्ष नेतृत्व एमसीडी को ठीक से नहीं चला पाया। बड़े नेताओं का पार्षदों से आपस में समन्वय न के बराबर रहा, जिसके कारण पार्टी विपक्ष में आ गई है। जनता से किए गए वादे को पूरा न कर पाने के कारण हम पार्षद पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं।

## केदारनाथ में हेली एम्बुलेंस क्रैश आपात लैंडिंग के दौरान हादसा



- सभी सुरक्षित: पायलट, मरीज-डॉक्टर थे सवार
- केदारनाथ हेलीपैड से 20 मीटर दूर हुआ हादसा

**देहरादून।** उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में एक बार फिर हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। शनिवार को इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान हेलीकॉप्टर क्रैश हुआ है, जिसमें डॉक्टर सहित तीन लोग सवार थे। जो हेलीकॉप्टर क्रैश हुआ है, वो एयर एंबुलेंस बताई जा रही है। यह एंबुलेंस ऋषिकेश एम्स की थी। दरअसल, केदारनाथ धाम से मरीज को लेकर एयर एंबुलेंस के जरिए ऋषिकेश एम्स ले जाया जा रहा था। हेलीकॉप्टर में पायलट, मरीज और डॉक्टर मौजूद थे। हेलीकॉप्टर का पीछे वाला हिस्सा अचानक से टूट गया, जिसके चलते क्रैश लैंडिंग हुई है।

# दिल्ली-एनसीआर में बारिश दीवार गिरने से तीन की मौत

### 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा, दिल्ली में मेट्रो स्टेशन का शेड उड़ा

### मध्यप्रदेश के 21 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

सत्ता सुधार ■ भोपाल/ नई दिल्ली

मौसम विभाग ने देश के 24 राज्यों में आंधी-बारिश और तूफान का अलर्ट जारी किया गया था। इसका असर राजधानी दिल्ली में नजर आया। जहां शनिवार दोपहर कई इलाकों में जोरदार बारिश हुई। 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। जिसके कारण अशोक नगर मेट्रो स्टेशन का शेड उखड़ गया। आंधी-बारिश के दिल्ली के नवी करीम इलाके में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग की दीवार गिर गई। इसमें दबने से 3 मजदूरों की मौत हो गई। दोपहर 3 बजे तक लगभग एक मिमी बारिश दर्ज की गई। इधर, उत्तर प्रदेश के नोएडा में तेज हवाओं के कारण पेड़ उखड़ गए। दिल्ली-एनसीआर के महारानी बाग, मयूर विहार, गाजियाबाद और नोएडा में बारिश के कारण गर्मी से राहत मिली।



### 11 उड़ानें रद्द...यात्री हुए परेशान

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को 49 उड़ानें देरी से चलीं जिनमें 16 अंतरराष्ट्रीय और 33 घरेलू उड़ानें शामिल हैं। 11 उड़ानें रद्द भी की गईं जिनमें दो अंतरराष्ट्रीय और नौ घरेलू थीं। उड़ानों में देरी और रद्द होने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा और उन्हें हवाई अड्डे पर इंतजार करना पड़ा।

### अमेरिका में भीषण तूफान, 21 लोगों ने तोड़ा दम

**उधर,** सेंट्रल अमेरिका में भीषण तूफान की वजह से शनिवार तक मिसौरी और दक्षिण-पूर्वी केंटकी राज्य में 21 लोगों की मौत हो गई और कई राज्यों में पब्लिश इन्फ्रास्ट्रक्चर को भारी नुकसान हुआ। 21 में से 14 मौतें केंटकी में जबकि 7 मौतें मिसौरी राज्य में हुई। इन दोनों के साथ-साथ इलिनोइस और इंडियाना में भी भारी नुकसान हुआ है। शनिवार को एक दर्जन राज्यों में 6.60 लाख घर में बिजली सप्लाई रुक गई, जिनमें मिसौरी और केंटकी सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। इन तूफानों ने घरों को नुकसान पहुंचाया है, बिजली की लाइनें तोड़ दीं।

**मानवीय पहलू** | सम्मान समारोह के दौरान सीजेआई गवई बोले-जमीनी हकीकत नजरअंदाज नहीं कर सकते जज

# न्यायपालिका का लोगों से दूरी बनाए रखना असरदार नहीं

एजेंसी ■ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के नव-नियुक्त सीजेआई बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि जज जमीनी हकीकत को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। वे बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सम्मान समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान सीजेआई ने सामाजिक वास्तविकताओं को समझने और उनका जवाब देने में जजों की भूमिका पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि आज की न्यायपालिका मानवीय अनुभवों की जटिलताओं को नजरअंदाज करते हुए कानूनी मामलों को सख्त काले और सफेद शब्दों में देखने का जोखिम नहीं उठा सकती। सीजेआई ने इस बात पर जोर दिया कि न्यायपालिका में लोगों



से दूरी रखना असरदार नहीं है। उन्होंने इस धारणा को खारिज कर दिया कि सुप्रीम कोर्ट के जजों को लोगों से जुड़ने से बचना चाहिए। सीजेआई ने जज का पद मिलने की अपनी शुरुआती हिचकिचाहट के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि उनके पिता ने उनसे कहा था कि वकील के रूप में काम करना आर्थिक समृद्धि लाएगा, लेकिन संवैधानिक न्यायालय में जज के रूप में सेवा करने से उन्हें डॉ. बीआर अंबेडकर के सामाजिक और आर्थिक न्याय के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा। अपने पिता की सलाह मानते हुए सीजेआई ने हाईकोर्ट जज के रूप में अपने 22 साल के कार्यकाल और सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में छह साल के कार्यकाल पर संतोष जताया। सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि इस दौरान उन्होंने हमेशा ज्यूडिशियल सिस्टम को अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास किया है।

### देश के दूसरे दलित सीजेआई गवई

गौरतलब है कि जस्टिस गवई देश के दूसरे दलित सीजेआई हैं। उनसे पहले जस्टिस केजी बालाकृष्णन देश के मुख्य न्यायाधीश बने थे। जस्टिस बालाकृष्णन साल 2007 में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बने थे। सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में जस्टिस गवई कई ऐतिहासिक फैसलों में शामिल रहे हैं। उनमें मोदी सरकार के 2016 के डिमॉनेटाइजेशन के फैसले को बरकरार रखना और चुनावी बॉण्ड योजना को असंवैधानिक घोषित करना शामिल है। जस्टिस गवई के बाद जस्टिस सूर्यकांत वरिष्ठता सूची में आते हैं। संभावना है कि उन्हें 53वां चीफ जस्टिस बनाया जाएगा।

### आरबीआई जारी करेगा 20 रुपए के नए नोट

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने एक अहम घोषणा की है। आरबीआई जल्द ही 20 रुपए के नए नोट जारी करेगा। खास बात यह है कि इन नोटों पर नए आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। हालांकि आम जनता को चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि पहले से प्रचलन में मौजूद 20 रुपए के सभी नोट पहले की तरह चलन में बने रहेंगे। आरबीआई ने साफ किया है कि नए 20 रुपए के नोट महात्मा गांधी (नई) सीरीज के ही होंगे। इनका डिजाइन भी मौजूदा 20 रुपए के नोट जैसा ही रहेगा। केवल एक बदलाव होगा-नोटों पर अब गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे।

## ब्रीफ न्यूज

### सीएम आज भोज नर्मदा द्वार भूमि पूजन में शामिल होंगे

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को नर्मदा पुरम रोड स्थित 11 मील पर भोज नर्मदा द्वार के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने भोपाल से जुड़े राजाओं के नाम पर नगर में द्वार बनाने का निर्णय लिया है। इससे भोपाल को नया स्वरूप भी मिलेगा। मुख्यमंत्री ने भोपाल में नगर के प्रवेश स्थल पर दो द्वार बनाने का निर्णय लिया था। इसमें नर्मदा पुरम रोड पर भोज नर्मदा द्वार और इंदौर मार्ग पर सम्राट विक्रमादित्य मार्ग शामिल हैं। प्रथम चरण में नर्मदा पुरम रोड पर भोज नर्मदा द्वार का भूमि पूजन होगा।

### चोपड़ा की उपलब्धि से देश हुआ गौरवान्वित: सीएम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारत के गोल्डन बॉय, एथलीट नीरज चोपड़ा को दोहा डायमंड लीग 2025 में अद्भुत प्रदर्शन के लिए बधाई दी। चोपड़ा ने इतिहास रचते हुए 90.23 मीटर तक भाला फेंक कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीरज चोपड़ा की इस उपलब्धि से पूरा देश गौरवान्वित है। चोपड़ा भारत के इकलौते एथलीट हैं, जिन्होंने भाला फेंक में 90 मीटर का लेवल पार किया। सीएम ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### उच्च रक्तचाप से बचने नियमित जांच कराएं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर प्रदेशवासियों से, अपने परिवार और समाज में हाई ब्लड प्रेशर के प्रति जागरुकता लाने के प्रयास करने का आहवान किया है। उन्होंने कहा कि उच्च रक्तचाप दिवस, सभी को नियमित जांच के लिए प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि उच्च रक्तचाप से बचाव के लिए संयमित जीवनशैली, नियमित योग-व्यायाम, संतुलित आहार व प्रभावी कार्य-प्रबंधन आवश्यक है।

### मुख्यमंत्री ने विश्व दूरसंचार दिवस की शुभकामनाएं दीं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को विश्व दूरसंचार दिवस की शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है पीएम मोदी के मार्गदर्शन में डिजिटल इंडिया के संकल्प के साथ भारत ने दूरसंचार क्षेत्र में आत्म-निर्भर बनते हुए अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने प्रदेशवासियों से नवीन तकनीकों एवं नवाचारों को अधिक से अधिक अपनाकर देश-प्रदेश की विकास यात्रा में अपना योगदान देने का आहवान किया है।

# भारतीय सेना ने रचा शौर्य और पराक्रम का नया इतिहास

## मुख्यमंत्री तिरंगा यात्रा में हुए शामिल, सैनिकों के सम्मान में उमड़ा जनसैलाब

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्तमान युग में एक नई शक्ति के रूप में उभर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर से थल, वायु और नौसेना ने अद्वितीय साहस और पराक्रम का परिचय देते हुए दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। भारतीय सेना ने मात्र 4 दिन के अल्प समय में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। इस अभियान ने दुनिया को भारत की सैन्य क्षमता, एकजुटता और आधुनिक तकनीकी सामर्थ्य का परिचय दिया है। आतंकवाद के मंसूबों को ध्वस्त किया गया है। आज कोई भी शक्ति भारत की प्रगति को रोक नहीं सकती। हम सभी इस तिरंगा यात्रा से भारतीय सेना को सम्मान देने के लिए एकत्र हुए हैं। यह तिरंगा यात्रा ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक निरंतर आयोजित की जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को भोपाल जिले के बैरसिया में वीर सैनिकों के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे शूरवीरों ने पाकिस्तान को आधी रात में ऐसा सबक सिखाया कि पाकिस्तान के साथ दुनिया के 200 देश में से सिर्फ दो देश साथ आए- एक तुर्किए और दूसरा अजरबैजान। अब देश की जनता तुर्किए का बहिष्कार कर रही है और भविष्य में अजरबैजान के साथ भी ऐसा ही होगा।

मुख्यमंत्री ने तिरंगा यात्रा मार्ग में उपस्थित जनसमूह का अभिवादन किया। पूरा बैरसिया देशभक्ति की भावना से सराबोर हो उठा। भारत माता की जय और वंदे मातरम् के गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा। इस यात्रा में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आयु वर्ग के नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। हर धर्म, जाति और वर्ग के लोगों ने देश के प्रति अपनी निष्ठा और वीर जवानों के प्रति सम्मान प्रकट किया।



### देश और प्रदेश में आज मजबूत सरकारें

विधायक विष्णु खत्री ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकियों का खात्मा किया है। आज की यह विशाल तिरंगा यात्रा हमारे वीर सैनिकों के सम्मान में आयोजित की गई है। परमाणु शक्ति का डर दिखाने वाला पाकिस्तान 4 दिन में घुटनों पर आ गया। यह भारतीय सेना के पराक्रम और नेतृत्व का कमाल है। सभा में अन्य वक्ताओं ने कहा कि देश और प्रदेश में आज मजबूत सरकारें हैं। जनता के कल्याण के सभी कदम उठाए गए हैं।

## वर्षा के जल को संग्रहित कर वर्तमान और आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित करना होगा

# मानव और जीवों के अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण तत्व है जल

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मानव और जीवों के अस्तित्व के लिए सबसे महत्वपूर्ण तत्व जल है। जल नहीं होगा तो जीवन मुश्किल में पड़ जाएगा। प्रकृति हमें वर्षा के माध्यम से पर्याप्त जल उपलब्ध कराती है। वर्तमान समय में जल को संरक्षित करना मानव जीवन के लिए महती आवश्यकता बन गया है। हम सब को वर्षा के जल को संग्रहित कर न केवल वर्तमान बल्कि आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित करना होगा। इसके लिए पुरानी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार और नई जल संरचनाओं के निर्माण को प्राथमिकता देना होगी, जिससे जल की एक-एक बूंद को संरक्षित किया जा सके। प्रदेश में इसी उद्देश्य से 30 अप्रैल से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया गया है, जो आगामी 30 जून तक जारी रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभियान अंतर्गत जहां एक ओर पुरानी बावडियों और तालाबों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है, वहीं बड़े पैमाने पर किसानों के खेतों में खेत तालाब भी बनाए जा रहे हैं। वर्षा के जल को संग्रहित करने स्टॉपडेम सहित अन्य जल संरचनाओं का निर्माण भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि अभियान की विशेषता यह है कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जन-भागीदारी भी व्यापक रूप ले चुकी है। सीएम ने अभियान में जन-भागीदारी को प्रोत्साहित करने विभिन्न जिलों में जाकर स्वयं भी श्रमदान कर रहे हैं। मंत्रि-परिषद के सदस्य, सांसद, विधायक, नगरीय एवं पंचायत प्रतिनिधि, जन अभियान परिषद सहित अनेक स्वयं सेवी संस्थाएं भी अभियान का अभिन्न हिस्सा बन कर इसे जन आंदोलन बना रही हैं। देवास जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले तालाबों, जल स्त्रोतों तथा देवालयों में जल-संरक्षण के कार्य भी किये जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बागली विकासखंड की ग्राम पंचायत बरझाई में जन सहयोग से बावड़ी एवं घाट का जीर्णोद्धार कर उनकी साफ-सफाई की गई। जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं गहरीकरण से इनकी जल संग्रहण की क्षमता बढ़ेगी, साथ ही आस पास की छोटी जल संरचनाओं में भी भू-जल पर्याप्त मात्रा में बना रहेगा।



### अब नहीं सूखेगी बर्षाती नदी

ग्वालियर जिले के विकास खंड भितरवार में जल गंगा संवर्धन अभियान में स्थानीय वर्षाती नदी के संरक्षण के लिए श्रमदान किया गया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद से जुड़ी नवांकुर संस्था के संयुक्त प्रयास से ग्राम पंचायत कैथी और भेंगना के बीच बर्षाती नदी पर युवाओं ने श्रमदान किया। संचार युवा मंडल के पदाधिकारियों ने भी श्रमदान में सहभागिता की। इससे नदियों के संरक्षण के साथ जल संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक किया गया।

### जाम नदी की सफाई

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर के नेतृत्व में पांढुर्ना जिले के जनप्रतिधियों ने स्थानीय समुदाय के साथ मिल कर मां जाम नदी के तट पर साफ-सफाई के लिए श्रमदान किया। जाम नदी के घाट परिसर की स्वच्छता के अभियान में जन अभियान परिषद और ग्रामीण आदिवासी समाज कल्याण विकास संस्थान की टीम का सहयोग महत्वपूर्ण रहा।

### मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों में परस्पर कनैक्टिविटी बढ़ाना जरूरी


■ तेजी से विस्तार ले रहे नगरीय क्षेत्रों का व्यवस्थित नियोजन जरूरी



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में नगरीय क्षेत्रों का तेजी से विस्तार हो रहा है। जनसामान्य को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नगरीय क्षेत्रों के व्यवस्थित नियोजन को समय रहते सही दिशा देना जरूरी है। इंदौर-उज्जैन-देवास-धार और भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा (राजगढ़) को मिलाकर प्रदेश में दो मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र विकसित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों के नगरीय निकायों और विकास प्राधिकरणों के प्रबंधन को सशक्त करते हुए संस्थाओं की वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। प्रस्तावित क्षेत्रों में वर्तमान में पर्याप्त औद्योगिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं। मेट्रोपॉलिटन के रूप में विकास से यहां निवेश और औद्योगिक विकास की प्रक्रिया तेज होगी। मुख्यमंत्री प्रदेश में प्रस्तावित मेट्रोपॉलिटिन एरिया गठन से संबंधित बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में आयोजित बैठक में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव नागरीय विकास एवं आवास संजय शुक्ला सहित अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रस्तावित मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों में परस्पर कनैक्टिविटी बढ़ाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की पंचायतों को आवश्यकतानुसार नगर परिषद के रूप में विकसित किया जाए। बैठक में दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित महाराष्ट्र, हरियाणा, तेलंगाना, यूपी, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और तामिलनाडु में मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र विकास एवं प्रबंधन के लिए व्यवस्था पर भी चर्चा हुई।

# इंदौर में 20 मई को कैबिनेट बैठक राजवाड़ा तीन दिन के लिए बंद



## मुख्यमंत्री गार्डन और राजवाड़ा पैलेस के कामों का करेंगे भूमिपूजन

सत्ता सुधार ■ भोपाल/इंदौर

इंदौर का दिल कहे जाने वाले राजवाड़ा पैलेस में 20 मई को प्रदेश सरकार बैठक करने जा रही है। अलग-अलग विभाग इसकी तैयारियों में जुट गए है। राजवाड़ा के गणेश हॉल में बैठक होगी। वहां की रंगाई-पुताई,फर्श की सफाई की जा रही है। कैबिनेट बैठक के बाद पैलेस के खुले हिस्से में भोजन की व्यवस्था रहेगी। इसके लिए डोम भी बनाया जाएगा। अब बैठक में तीन दिन शेष है। इस कारण राजवाड़ा पैलेस को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है। अब राजवाड़ा पैलेस पर्यटकों के लिए 20 मई के बाद ही खुलेगा। यहां हर दिन शाम को लाइट एंड साउंड शो भी आयोजित किया जाता है। वह भी फिलहाल बंद रहेगा।

शनिवार को कैबिनेट बैठक की तैयारियों के मद्देनजर अफसरों ने राजवाड़ा पैलेस और उद्यान का दौरा भी किया। संभावित बारिश के मद्देनजर भी व्यवस्थाएं जुटाने के लिए कहा गया है। पहला मौका है जब शहर में कैबिनेट बैठक होने जा रही है। इससे पहले इंदौर जिले के उज्जैनी में नर्मदा-शिप्रा संगम स्थल पर बैठक आयोजित की गई थी। देवी अहिल्या की 300वीं जयंती के मौके पर राजवाड़ा के पैलेस में बैठक करने का फैसला लिया गया है।

इंदौर में कैबिनेट बैठक दोपहर 12 बजे होगी। बैठक में प्रदेश के अलग-अलग एजेंडों पर चर्चा होगी और उन्हें मंजूरी दी जाएगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री मोहन यादव लालबाग पैलेस के गार्डन और राजवाड़ा पैलेस के कामों का भी भूमिपूजन करेंगे। बैठक से पहले राजवाड़ा चौक पर लगी देवी अहिल्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने भी मुख्यमंत्री मोहन यादव जाएंगे। नगर निगम 20 लाख रुपये खर्च कर उद्यान को भी संवार रहा है।

### 200 साल पुराना है राजवाड़ा

राजवाड़ा 200 साल पुराना है। 1984 के दंगों में राजवाड़ा का एक हिस्सा जल गया था। 25 साल पहले राजवाड़ा की जीर्णद्धार किया गया था। इसके बाद चार साल पहले स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत 20 करोड़ रुपए से राजवाड़ा को नया स्वरुप दिया गया। राजवाड़ा होलकर राज परिवार का राज दरबार था। देवी अहिल्या ने अपनी राजधानी महेश्वर को बनाया था, लेकिन बाद में यशवंत राव होलकर, तुकोजीराव होलकर ने इंदौर में रहकर राज चलाया।

# सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा का अनावरण

सत्ता सुधार ■ भोपाल

जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने शनिवार को भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा का अनावरण जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय, चंबल-बेतवा कछार, भोपाल के प्रांगण में किया। इस अवसर पर प्रमुख अभियंता विनोद कुमार देवड़ा सहित विभाग के अभियंताओं और कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में सर विश्वेश्वरैया के जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला गया। सर विश्वेश्वरैया भारत के महान सपूत और इंजीनियरिंग के युगपुरुष थे, जिन्होंने कृष्णराज सागर बांध, स्वचालित फ्लड गेट सिस्टम और भारतीय विज्ञान संस्थान की स्थापना जैसे कार्यों से देश के विकास में अमूल्य योगदान दिया। उनकी अनुशासित जीवनशैली और समय ही धन है का सिद्धांत आज भी प्रेरणा देता है। इस अवसर पर सभी ने उनके आदर्शों को अपनाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।



## सैनिकों के सम्मान के लिए निकल रही हैं तिरंगा यात्राएं...

# सैनिकों के सम्मान में मंच से नतमस्तक हुए डिप्टी सीएम देवड़ा

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्य प्रदेश के देवास में तिरंगा यात्रा में आज सबकी निगाहें डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा पर थीं जो मंच से ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी के लिये मंच से सै भारतीय सेना को प्रणाम कर रहे थे। देवड़ा पर कॉंग्रेस ने सेना का अपमान करने का आरोप लगाया था।

जगदीश देवड़ा ने तिरंगा यात्रा में कहा कि आज लोगों में आतंकवादियों की हरकत पर अपार गुस्सा है और देश की सेना के लियेअटूट विश्वास है। देश के सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा पूरे देश में निकल रही है। पहलगाम में जो कुछ हुआ उसका जवाब भारत के सैनिकों ने दिया। पाकिस्तान के उस घर में घुसकर जिन माताओं बहनों के सिंदूर को मिटाने का काम किया हमारे भारत के सैनिकों ने उनको मिटाने का काम किया। हम नतमस्तक हैं भारत के इन सैनिकों के। प्रणाम कर रहे हैं उनके चरणों में। जो बाईस अप्रेल को हुआ वो पूरे देश की जनता ने देखा है। धर्म पूछ पूछ कर के पहले बेटियों के सामने, पत्नी के सामने उन आतंकवादियों ने गोलियाँ चलाईं। भारत की सरकार ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने हमारी तीनों सेनाओं को छूट दी। और कहा कि जाओ जिनने माताओं और बहनों के सिंदूर को मिटाने का काम किया। आपको खुली छूट है उनके घर में घुसकर के जिन्होंने हिन्दुस्तान पर इस तरह की निगाह उठाई उनको नेस्तनाबूद कर दो। धन्य है हमारी सेना के ऊपर । गर्व करते हैं हमारी सेना के ऊपर। आज पूर्व सैनिक इस तिरंगा यात्रा में चल रहे थे। उनको भी प्रणाम कर रहे हैं। भारत माँ के स्वाभिमान और गौरव को बनाये रखने के लिये अगर एक एक नागरिक की भी जरूरत पड़ी देश के लिये राष्ट्र के लिये एक एक नागरिक राष्ट्र के लिये समर्पित हो जायेगा। राष्ट्र के लिये अपने प्राणों की आहूति भी देना पड़े तो देंगे। इस समय हमारे देश की जनता में अपार उत्साह है। एक एक बच्चे के मन में राष्ट्रभक्ति है। तिरंगा यात्रा चल रही थी हमारे शहर के एक एक घर से बड़ा उत्साह था। इस तिरंगा यात्रा में आप सभी राष्ट्रभक्तों का अभिनंदन करता हूँ। एक बार भारत की सेना के सम्मान में जोरदार नारा लगायेंगे। हमारे भारत के सैनिकों की जय। उनके चरणों में नमन करते हुये प्रणाम करते हुये भारत माता की जय। वंदे मातरम।



**बैठक** | उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्माण एजेंसियों को दिए निर्देश

# निर्माण कार्यों को गति देकर समय-सीमा में पूरा करें

सत्ता सुधार ■ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा शहर में निर्माणाधीन विकास कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा कराया जाए। आगामी 15 जून को जिला चिकित्सालय के विस्तार भवन एवं ओपीडी शुरू किया जाए। राजनिवास सर्किट हाउस में उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने पीआईयू द्वारा पुनर्घनत्वीकरण योजनान्तर्गत 65 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन विकास कार्यों को गति देकर शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

शुक्ल ने व्यंकट क्लब भवन और पीडब्ल्यूडी भवन का शेष निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के लिए संबंधित निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया। उन्होंने कोल भवन की बाउन्ड्रीवाल सहित शेष निर्माण कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए। पीके स्कूल सांदीपनी विद्यालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा की और दिसम्बर माह तक सांदीपनी विद्यालय का निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने ढेकहा तिराहा से करहिया मण्डी तक सड़क निर्माण कार्य को वर्षाकाल से पूर्व पूरा करने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रीवा बायपास फोर लेन के निर्माण के लिए शेष अर्जित भूमि का अधिग्रहण कर निर्माण एजेंसी को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 19 किलोमीटर लंबाई का बायपास सर्विस रोड के साथ फोरलेन बन रहा है। इसके कार्य में व्यवधान न हो तथा यह कार्य समय-सीमा में पूर्ण हो जाए। उप मुख्यमंत्री ने लायब्रेरी भवन सहित अन्य शासकीय भवनों के रूके हुए निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए।



### जगद्गुरु रामभद्राचार्य को सम्मानित किए जाने पर बधाई

उप मुख्यमंत्री श्रराजेन्द्र शुक्ल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा पूज्य संत, पद्मविभूषित जगद्गुरु तुलसीपीठाधीश्वर, रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य महाराज को संस्कृत भाषा और साहित्य के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान हेतु प्रतिष्ठित 'ज्ञानपीठ पुरस्कार-2023' से सम्मानित किए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें आत्मीय बधाई दी है। शुक्ल ने कहा कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य का संपूर्ण जीवन त्याग, तपस्या, विद्वता और करुणा का अनुपम संगम है। उन्होंने शारीरिक सीमाओं के बावजूद ज्ञान, संस्कृति और संस्कृत साहित्य के संवर्धन हेतु जो कार्य किया है, वह समूचे विश्व के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका यह सम्मान वास्तव में उस सनातन चेतना का सम्मान है, जो भारत की आत्मा में प्रवाहित होती है।

# 'वूमन फॉर ट्री' अभियान में प्रदेश की सशक्त भागीदारी

## राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश दूसरे स्थान पर

**भोपाल।** प्रदेश में केन्द्र सरकार के एक पेड़ माँ के नाम से प्रेरित होकर अमृत मित्र योजना के अंतर्गत 'वूमन फॉर ट्री' पौध-रोपण अभियान का संचालन किया जा रहा है। यह अभियान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में क्रियान्वित किया जा रहा है। यह अमृत 2.0 योजना एवं डे-एनयूएलएम के कन्वर्जेंस से संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में हरित क्षेत्र का विस्तार, पर्यावरण संतुलन बनाये रखने, नागरिकों को स्वस्थ जीवन-शैली एवं महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रदान करना है। वूमन फॉर ट्री अभियान के संचालन के लिये केन्द्र सरकार ने पोर्टल तैयार किया है। सभी प्रदेशों से उन स्थानों का चयन करने के लिये कहा गया था, जिन स्थलों पर पौध-रोपण किया जायेगा। मध्यप्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर दूसरे स्थान पर है, जहाँ 565 विजिट कर स्थल की पहचान की गयी है। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से 31 अगस्त 2025 तक प्रदेश में व्यापक स्तर पर पौध-रोपण अभियान संचालित किया जाएगा।

# प्रजापति समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

## संगठन को सशक्त बनाने का लिया संकल्प

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

कुम्हार प्रजापति समाज समिति की स्थानीय इकाई द्वारा एक भव्य शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन श्रीश्री 1008 शिव मंदिर नदीपुरा परिसर में किया गया। इस समारोह में समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों ने समाज के प्रति समर्पण, निष्ठा, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ कार्य करने की शपथ ली। समिति के अध्यक्ष पद पर हरचरण प्रजापति (बाबा) को चुना गया, जिन्होंने समाज को एकजुट कर नई दिशा देने का संकल्प दोहराया।



उनके साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधे श्याम, कनिष्ठ उपाध्यक्ष छैल बिहारी, सचिव मोहन लाल, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार प्रजापति, ऑडिटर हरदेश, संगठन मंत्री शोभराम एवं गणेश प्रसाद, संस्कृति संघटक अजुद्दी, प्रवक्ता ब्रजेश नांगल, जिला मीडिया प्रभारी अमित प्रजापति ने भी अपने-अपने पद की शपथ ली। समारोह में समाज के संरक्षक एवं वरिष्ठ मार्गदर्शकों के रूप में मुन्नालाल नांगल, पूरन तथा भैरो प्रसाद की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने पूरी प्रक्रिया की निगरानी करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान समाज के अन्य प्रमुख सदस्य अमरचंद, सुनील सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे। समारोह का वातावरण उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायक रहा। वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए कहा कि प्रजापति समाज की प्रगति, पहचान और अधिकारों की रक्षा तभी सुनिश्चित की जा सकती है, जब समाज संगठित होकर एकजुटता के साथ कार्य करे। यह भी निर्णय लिया गया कि प्रखंड स्तर पर समाज के हर वार्ड और पंचायत में संगठन की जड़ें मजबूत की जाएंगी। इसके लिए पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों का चयन कर जमीनी स्तर पर संगठन की पकड़ को प्रभावी बनाया जाएगा। समाज के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने यह आश्वासन दिया कि वे हर परिस्थिति में अपने कर्तव्यों से विचलित नहीं होंगे और समाज के सर्वांगीण विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। यह आयोजन प्रजापति समाज के नवचेतन एवं संगठनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

# सुरक्षा कारणों के दृष्टिगत जनपद के बांधों पर वाहनों का आवागमन रहेगा प्रतिबंधित

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

अधिशासी अभियंता राजघाट निर्माण खण्ड शैलेष कुमार ने अवगत कराते हुए कहा है कि राष्ट्र विरोधी तत्वों एवं आंतकी घटनाओं तथा वर्तमान स्थिति को देखते हुए भारत सरकार द्वारा दिये गए निर्देशों व डैम सेफ्टी रिव्यू पैनल एवं सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उ.प्र. के उच्च अधिकारियों द्वारा लिये गए निर्णयों के क्रम में जनपद के गोविन्द सागर बांध, शहजाद बांध एवं उटारी बांध सहित सभी बांधों पर वाहनों के आवागमन को जिला प्रशासन द्वारा प्रतिबंधित किया गया है, परन्तु पैदल गस्त करने वालों के लिए कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा। चूंकि बांधों को सार्वजनिक आवागमन हेतु प्रयोग किया जाता रहा है और वाहनों का आवागमन भी होता रहता है। अतएव वर्तमान स्थिति के दृष्टिगत सुरक्षात्मक कदम उठाते हुए जिला प्रशासन द्वारा जनपद के बांधों पर वाहनों के आवागमन को बंद किया गया है, इसके इतर पैदल चलने वालों के लिए कोई प्रतिबंध नहीं है। उन्होंने सभी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को कहा कि वह बांधों की सुरक्षा की गंभीरता को देखते हुए वहां की गोपनीयता को बनाये रखने के लिए फोटो, वीडियो, ब्लॉग आदि सोशल मीडिया पर प्रसारित न करें। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि यदि फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी करते हुए पाया जाता है तो ऐसे लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि जनपद के बांधों की सुरक्षा के दृष्टिगत सहयोग प्रदान करते हुए बांध मार्ग पर वाहनों का आवागमन न करें और जिला प्रशासन के दिशा निर्देशों का पालन करें।

## ब्रीफ न्यूज़

### पीपीएस अफसर कालू सिंह होंगे ललितपुर के नये एसपी

ललितपुर। एएसपी अनिल कुमार का स्थानान्तरण सोनभद्र कर दिया गया है। अब उनके स्थान पर सोनभद्र में तैनात रहे कालू सिंह अपर पुलिस अधीक्षक होंगे।



जुलाई 2022 में ललितपुर में अपर पुलिस अधीक्षक पद पर तैनात किये गये अनिल कुमार द्वितीय का शासन स्तर से स्थानान्तरण कर अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) सोनभद्र कर दिया गया है। 2 वर्ष 10 महीने के कार्यकाल में एएसपी अनिल कुमार ने जिले में कई उपलब्धियां हासिल कीं। वर्तमान में एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन में वह कार्यरत थे। नवागंतुक एएसपी कालू सिंह के बारे में बताया जा रहा है कि वह वर्ष 2005 बैच के पीपीएस अधिकारी हैं और गणित विषय में एमएससी की शिक्षा ग्रहण की है। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के रहने वाले हैं।

### ऑनलाइन धोखाधड़ी के 85 हजार रुपये वापस कराये

ललितपुर। एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी के निर्देशन, एसपी मो.मुश्ताक के कुशल नेतृत्व में जाखलौन पुलिस ने साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आवेदक से 85 हजार रुपये की धनराशि की धोखाधड़ी हुई थी, जिसके सम्बन्ध में ऑनलाईन शिकायत प्राप्त हुई थी। थाना पुलिस ने पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेन्ट व अन्य प्रपत्रों का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये विभिन्न वित्तीय एजेंसियों, बैंकों, वालेट आदि से सम्पर्क कर द्वारा उचित माध्यम से संबंधित वित्तीय एजेंसियों को मेल करके पीड़ित का पैसा होल्ड करकर, पीड़ित की फ्रॉड हुई सम्पूर्ण धनराशि को नियमानुसार वापस करने में सफलता प्राप्त की है। बताया कि पीड़ित की ऑनलाइन धोखाधड़ी से फ्रॉड हुयी धनराशि, पीड़ित के खाते में वापस होने पर उसके द्वारा पुलिस अधीक्षक व थाना जाखलौन पुलिस टीम की प्रशंसा की गयी। धनराशि वापस कराने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह, कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड बी विवेक राज मिश्र, का.रामजी तिवारी शामिल रहे।

### दस वर्षीय बालक से मारपीट

ललितपुर। निकटवर्ती ग्राम कुआतला निवासी वनदेवी पत्नी स्व.विन्द्रावन लोधी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 13 मई को वह ग्राम सिलगन में शादी समारोह में शामिल होने गया था, जहां उसके 10 वर्षीय पुत्र दीपक को राहुल पुत्र बृजभान ने रात करीब 10.30 बजे बजे कुआतला घर लिवा जाने की कहकर ले गया, तब राहुल ने उसके पुत्र के साथ मारपीट कर दी और सीने पर लात रखकर जान से मारने की धमकी दी, जिससे उसे अंधरूनी चोट आयीं हैं। जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। घटना को गांव की मिथला व राजपाल लोधी व चच्चा ने देखा और बीच-बचाव किया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बाइक की टक्कर से युवक की मौत पर एफआईआर दर्ज

ललितपुर। तालबेहट के वार्ड नम्बर 11 सरफयाना निवासी रामकुमार तिवारी पुत्र सुखनन्दन तिवारी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 7 मई की रात करीब 9 बजे उसका पुत्र सूरज तिवारी व उसका साथी खांदी वीआईपी निवासी राहुल साहू पुत्र ओमप्रकाश के साथ कड़ेसराकलां से पैदल आ रहे थे। वह जैसे ही कड़ेसराकलां स्थित राधास्वामी सत्संग के सामने हाई-वे 44 के सामने थे, तभी कड़ेसराकलां के कतरयाना निवासी शंकर पुत्र रतन अपने दोस्त बृजेश पुत्र वीरभान के साथ अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.एच. 8030 से आया और उसके पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पुत्र घायल हो गया। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में दाखिल कराया गया, जहां हालत नाजुक होने पर उसे झांसी मेडीकल कॉलिज रेफर कर दिया गया।

# तहसीलदार ने सुनी तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में लोगों की फरियाद




## आठ प्रार्थना पत्रों में एक प्रकरण का मौके पर निस्तारण

सत्ता सुधार ■ मडावरा (ललितपुर)

तहसील मडावरा में तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार ने लोगों की समस्याएं सुनी। समाधान दिवस में सभी विभागों से आये 8 प्रार्थना पत्र आये, जिनमें राजस्व 04, विकास 01, पुलिस 02, विद्युत विभाग से 01 शामिल है। प्राप्त हुये आठ प्रार्थना पत्रों में एक का मौके पर निस्तारण कराया गया। शेष सात प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को सौंपकर समय से निस्तारण करने के निर्देश दिये। समाधान दिवस में सभी विभागों से तहसील क्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारी एवं तहसील क्षेत्र के थाना से पुलिस स्टॉफ मौजूद रहे।

### विशिष्ट कला शिविर पेंटिंग विद् ऑयल कलर्स का शुभारम्भ 25 मई से

ललितपुर। सिद्धन रोड स्थित कला भवन में कलाविद् ओमप्रकाश बिरथरे द्वारा आयोजित विशिष्ट कला शिविर पेन्टिंग विद् ऑयल कलर्स का आयोजन 25 मई से 22 जून 2025 तक किया जा रहा है। शिविर का समय सायं 4 बजे से 5.30 बजे सायं तक होगा। शिविर आयोजक ओमप्रकाश बिरथरे ने बताया कि इस विशिष्ट कला शिविर में चित्र रचना तेल रंग के माध्यम से कैनवास, हार्डबोर्ड या आयल शीट पर ब्रश और नाइफ का प्रयोग करते हुए विभिन्न विधाओं द्वारा चित्र बनाने का अभ्यास कराया जायेगा। इस तकनीक से निर्मित चित्र कालजयी होते हैं। प्राचीन काल में इस विधा का बहुत प्रयोग होता था। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविर बड़े शहरों में बहुत मंहगे संसाधनों पर उपलब्ध हो पाते हैं। इस शिविर में प्रतिभाग करने के पश्चात् कलासाधक व्यवसायिक चित्रकार बन सकता है। आधुनिक युग में व्यवसायिक भवनों, होटल्स, आफिसेस के स्वागत कक्षों एवं भवनों में सजावट हेतु इस तरह के तेल चित्रों की बहुत मांग है, जो कि बहुत मंहगे कीमतों पर उपलब्ध हो पाते है।

# आम आदमी पार्टी ने पाकिस्तान के खिलाफ किया हल्लाबोल




सत्ता सुधार ■ ललितपुर

राज्यसभा सांसद/उ.प्र.प्रभारी संजय सिंह व पार्टी के नेतृत्व के निर्देशानुसार पाकिस्तान की कायराना हरकत और डोनाल्ड ट्रंप के बड़बोलेपन के खिलाफ आप यूपी का हल्लाबोल कार्य का आयोजन किया। कहा कि प्रधानमंत्री ने अमेरिका के कहने पर युद्धविराम करके पीओक (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर) को वापस भारत में शामिल कराने का मौका गंवा दिया।

केन्द्र सरकार के इस फैसले के विरोध में जनपद जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. की अगुवाई में आप पदाधिकारी और कार्यकर्ता ने रेल फ्लाई ओवर पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बुंदेलखंड प्रांत अध्यक्ष विवेक जैन, जिला महासचिव अनूप ताम्रकार, मीना राजा, गणेशराम रजक, संगठन मंत्री रमेश झा, विधानसभा प्रभारी हजारीलाल राजपूत, युवा मंडल सचिन यादव, अनिल जैन, पप्पू, गोविंद सिंह राजपूत, मनीष जैन राजू, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के हनीफ खान सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ऑनलाइन ठगी की शिकार बना बजाज पावर प्लांट का फील्ड ऑफिसर

ललितपुर। मैं सीबीआई से बोल रहा हूँ...एक सामान्य सा वाक्य, लेकिन इसी एक वाक्य से शुरू हुई वो साइबर ठगी की कहानी जिसने बजाज पावर प्लांट के फील्ड ऑफिसर मनीष कुमार सिंह को न केवल 14 लाख रुपये की आर्थिक क्षति दी, बल्कि मानसिक संताप और भयभीत करने वाला अनुभव भी सौंपा।

**घटना का सार :** मूल रूप से वाराणसी निवासी मनीष कुमार सिंह वर्तमान में बजाज पावर प्लांट, ललितपुर में फील्ड ऑफिसर पद पर कार्यरत हैं। 9 मई 2025 की शाम 7.30 बजे उनके व्हाट्सएप पर एक कॉल आई, जिसमें खुद को सीबीआई अधिकारी बताने वाले व्यक्ति ने उन्हें धमकाया कि उनका पार्सल चेन्नई पोर्ट पर पकड़ा गया है और वे जेल जा सकते हैं। डर के मारे मनीष ने तुरंत कॉल डिलीट कर दी, पर जल्द ही एक और कॉल आया, इस बार एक आईपीएस अधिकारी की डीपी लगी हुई थी। इस व्यक्ति ने भी खुद को सीबीआई अधिकारी बताया और मनीष को डराकर कई बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करवा लिए। कुल मिलाकर मनीष सिंह से करीब 14 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात लोगों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 318(4), 316(2) तथा आईटी एक्ट की धारा 66डी, 66सी के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

**कानूनी दृष्टिकोण, क्या कहता है कानून? :** भारतीय न्याय संहिता के प्रावधान धारा 318(4), धोखाधड़ी से धन प्राप्त करना, इसमें सात वर्ष तक की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। धारा 316(2) भय दिखाकर, धोखे से संपत्ति हस्तांतरण करवाना, इसमें भी कठोर कारावास और आर्थिक दंड की व्यवस्था है।

# सांसद के पत्र का वीडीओ ने लिया संज्ञान, हटवाया कचरा



### जखौरा स्थित बालाजी विद्यालय के पीछे डंप हो रहा था कचरा

### कचरा जलाने पर बच्चों के स्वास्थ्य के साथ हो रहा था खिलवाड़

सत्ता सुधार ■ जखौरा (ललितपुर)

झांसी-ललितपुर लोकसभा सांसद अनुराग शर्मा ने सीडीओ को लिखें एक पत्र द्वारा अवगत कराया कि बालाजी विद्या मंदिर जखौरा के प्रबंधक द्वारा 6 मई को मौखिक रूप से अवगत कराया कि स्कूल के पास कचरा एकत्रित कर उसमें आग लगा दी जाती है जिससे प्रदूषण हो रहा है। बालाजी विद्या मंदिर का स्थलीय निरीक्षण कराकर उसके आसपास एकत्रित कचरे का स्थायी समाधान करा दें और भविष्य में स्कूल के पास कचरा एकत्रित न हो इसके लिए संबंधित को आदेश दे दें। यह भी शिकायत की गई की ग्राम में सफाई कर्मी द्वारा ग्राम का कचरा एकत्र कर और जलाकर स्कूल के पास नदी में फेंका जा रहा है जिससे पानी दूषित हो रहा है और बच्चों तथा ग्राम वासियों को संक्रमण का खतरा बना हुआ है। यह भी सुनिश्चित कराएं कि ग्राम में कचरा जलाकर फेंकने आदि की पुनरावृत्ति न हो और कचरा, कचरा प्लांट में ही जाये, इसका स्थायी समाधान कराकर कार्यवाही करें। सीडीओ ने यह पत्र खंड विकास अधिकारी जखौरा को भेजा गया जिसको तत्काल संज्ञान में लेते हुए बीडीओ ने सुबह विद्यालय के पीछे सफाई कराने का आदेश जारी किया। सफाई कर्मियों ने तत्काल प्रभाव से सफाई की एवं भविष्य में भी वहां कचरा ना फेंका जाए उसके लिए संबंधित को आदेशित किया।

### घात लगाकर युवक पर किया जानलेवा हमला

ललितपुर। कोतवाली सदर अंतर्गत मोहल्ला आजादपुरा तृतीय लेडिया निवासी नीलम रजक पत्नी राजेश कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 4 मई को अपराह्न 2 बजे उसका पुत्र आकाश रजक अपने दोस्त के साथ अपने बड़े पापा राकेश कुमार पुत्र मुन्नालाल रजक के घर मोहल्ला जुगपुरा नेहरू नगर में किसी आवश्यक काम से जा रहा था। उसका पुत्र हड्डी मील के पास पहुंचा तो वहां पहले से घात लगाये बैठे गोलू पुत्र हरीकिशन, विशाल यादव पुत्र चंद्रभान, अजय रावत पुत्र रामपाल, रागवेन्द्र और दो-तीन अज्ञात लोगों ने उसके पुत्र को रास्ते में रोक लिया और बिना कारण के उक्त लोगों ने गाली-गलौज करते हुये मारपीट कर दी। विरोध करने पर उसके पुत्र को जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये मारपीट कर दी। बचाव करने पहुंचे उसके दोस्त दीपक के साथ भी उक्त लोगों ने मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। इस हमले में आकाश व उसके दोस्त दीपक को गंभीर चोटें आयीं। इसी बीच उसके जेठ जुगपुरा निवासी राकेश कुमार ने शिकायती पत्र दिया, उसके बाद पुलिस ने चिकित्सीय परीक्षण कराया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### दम्पत्ति ने घर में घुसकर भाई को पीटा

ललितपुर। सिटी चौकी अंतर्गत मोहल्ला गोविन्दनगर निवासी रहमान खान पुत्र नूर मुहम्मद ने शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि शुक्रवार को रात करीब 12.30 बजे जब वह घर में था। तभी उसका भाई कुर्बान आया और उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने अपनी पत्नी अफसाना के साथ एकराय होकर उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे उसके सिर, हाथ व कमर में चोटें आयीं। शोरगुल सुनकर बीच-बचाव करने आयी मां जायदा बेगम के साथ भी हाथापाई करते हुये उक्त दोनों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर कुर्बान व अफसाना के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### चाय की दुकान पर युवक से मारपीट

ललितपुर। आजादपुरा लेडिया निवासी दीपान्शु रैकवार पुत्र संतोष रैकवार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 14 मई को अपराह्न करीब 2 बजे जब वह अपने ऑफिस में था, तभी रामलीला मैदान तालाबपुरा निवासी प्रद्युम्न चौबे आयाऔर बिना कारण गालियां देकर विवाद करने लगा। विरोध करने पर प्रद्युम्न चौबे ने उसे जान से मारने की धमकी दी। आगे बताया कि 15 मई को अपराह्न 12 बजे वह सुपर मार्केट स्थित राजू चाय वाले की दुकान पर चाय पी रहा था। तभी प्रद्युम्न चौबे अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ आया और बिना कारण ही लाठी-डण्डों व बेसबॉल से मारपीट कर दी, जिससे उसे शरीर में अंधरूनी चोटें आयीं। घटना के दौरान उसके मित्र सुमित ने उसका बीच-बचाव किया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने प्रद्युम्न चौबे व उसके तीन साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### देवरों ने भाभी को पीटा

ललितपुर। निकटवर्ती ग्राम जिजयावन निवासी रश्मि यादव पत्नी कृष्णपाल यादव ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि शुक्रवार को सुबह वह घर में नाश्ता बना रही थी, तभी उसका देवर इन्द्रभान यादव, राम यादव व लखन यादव पुत्रगण रमेशसिंह यादव एकराय होकर आये और उसके साथ मारपीट कर दी। बीच-बचाव करने आये उसके पुत्र आर्यन यादव, कृष्णपाल के साथ भी उक्त लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मदनपुर पुलिस ने पकड़ा वारण्टी

ललितपुर। एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन में एएसपी व सीओ मड़ावरा राजेश कुमार श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में वांछित, वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान में मदनपुर पुलिस ने दर्ज मामला धारा 137(2) बीएनएस व 16/17 पॉक्सो एक्ट में वांछित ग्राम नीमखेड़ा निवासी मेघराज लोधी पुत्र तिलक सिंह को मड़ावरा बस स्टेण्ड से हिरासत में लिया गया है। वारण्टी को पकड़ने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष मदनपुर राजपाल सिंह, उ.नि.वेदप्रकाश सिंह, का.प्रदीप कुमार आदि शामिल रहे।

## पुण्यतिथि अवसर पर अन्नपूर्णा भोजनशाला में असहायों को कराया भोजन

# जिले के उत्थान में निष्पक्ष कलमकार रहे पं.गोपीकृष्ण तिवारी : प्रेस क्लब

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

प्रेस क्लब (रजि.) के तत्वाधान में प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष परम श्रद्धेय कीर्तिशेष पं.गोपीकृष्ण तिवारी की पुण्यतिथि बड़ी ही सादगी से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू के नेतृत्व में पत्रकार साथियों ने जिला अस्पताल में संचालित अन्नपूर्णा भोजनशाला में पहुंच कर जरूरतमंदों व तीमारदारों को भोजन वितरण किया।

मौके पर कीर्तिशेष पं.गोपीकृष्ण तिवारी के चित्र सम्मुख माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू ने कहा कि श्रद्धेय पं.गोपीकृष्ण तिवारी जी पत्रकारिता के उत्कृष्ट मूल्यों के प्रति सदैव समर्पित रहे। उन्होंने जिले के उत्थान और विकास के लिए निडरता, निर्भीकता के साथ निष्पक्ष पत्रकारिता के साथ अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने युवा पत्रकारों से कहा कि श्रद्धेय पं.गोपीकृष्ण तिवारी के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि तभी संभव है, जब हम पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके बताये मार्ग पर चलना का प्रयास करें।




तत्पश्चात उनकी स्मृति में प्रेस क्लब ने श्रद्धेय पं.गोपीकृष्ण तिवारी के परिजनों के साथ जरूरतमंदों व असहाय व्यक्तियों को भोजन वितरण किया। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, महामंत्री अमित सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, कार्यालय प्रभारी अजित जैन भारती, पूर्व महामंत्री मो.नसीम, वरिष्ठ पत्रकार पं.धर्मेंद्र कृष्ण तिवारी, संजीव नामदेव, कृष्ण बिहारी उपाध्याय, पवन संज्ञा, रमेश कुमार रायकवार, अनन्त सराफ, कुन्दन पाल, संजय ताम्रकार, संजू श्रोती, राममूर्ति तिवारी, सूर्यकांत शर्मा, दिव्यांश शर्मा, अमित संज्ञा, मनीष पाठक, आशीष तिवारी, अनूप नांगल, सुनील जैन, शुभम पस्तोर, कृष्णकांत सोनी, निहाल सेन, शिब्बू राठौर, विकास सोनी, राहुल साहू खिरिया, मोहन सैनी, राजेश कुमार राठौर के अलावा अनेकों पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# योगेश अजनेरी की लिंक एक्सप्रेस वे को डिफेंस कॉरिडोर से जोड़ने की मांग पर मुख्यमंत्री से मिलीं एम.एल.सी. रमा निरंजन

- गुरसरांय सर्किट हाऊस में एम.एल.सी. प्रतिनिधि आर.पी. निरंजन ने युवा नेता योगेश अजनेरी के साथ की प्रेसवार्ता
- झाँसी में हवाई अड्डा बनाये जाने के लिये भी मुख्यमंत्री ने एम.एल.सी. को किया आश्वस्त

सत्ता सुधार ■ गुरसरांय

सहकार भारती के निवर्तमान जिलाध्यक्ष योगेश त्रिपाठी अजनेरी बीते दिनों से लगातार लिंक एक्सप्रेस वे को डिफेंस कॉरिडोर से जोड़ने की मांग को लगातार उठा रहे हैं,बीते दिनों योगेश अजनेरी ने एम.एल.सी. प्रतिनिधि आर.पी. निरंजन को एक मांग पत्र सौंपा था। जिस पर एम.एल.सी. रमा निरंजन और उनके पति आरज़्पीज़निरंजन बीती 13 तारीख को सूबे के मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ से मिले और लिंक एक्सप्रेस वे को पूर्व योजना के तहत ही डिफेंस कॉरिडोर से जोड़ने की बात कही,जिस पर मुख्यमंत्री ने बताया कि 4 टीमों द्वारा सर्वे किया जा रहा है,गौरतलब है कि पहले यह लिंक एक्सप्रेस वे गरौठा,गुरसरांय और बामौर होते हुये प्रस्तावित था फिर बाद में सीधे जुड़ने की खबर प्रकाश में आयी थी,इसके बाद से ही युवा नेता योगेश अजनेरी लगातार पत्राचार कर पूर्व योजना के तहत ही जोड़ने की मांग कर रहे थे, एम.एल.सी. प्रतिनिधि आर.पी. निरंजन ने पत्रकारों से वार्ता करते हुये बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव से मिलकर इस विषय के बारे में अवगत करा दिया है,पत्रकार वार्ता में प्रमुख रूप से युवा नेता योगेश त्रिपाठी अजनेरी,बामौर मण्डल अध्यक्ष भाजपा पुष्पेंद्र दुबे,पुष्पेंद्र पटेल भड़ोकर,अखिलेश तिवारी,राहुल पस्तोर,नरेंद्र मिश्रा,लाखन माते,दीपक यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### भागवत कथा में बाल लीला की व्याख्या की

**ककरबई/गुरसराय(झाँसी)।** चकाडोरी धाम मंदिर के प्रांगड़ में श्रीमद्भागवत कथा में भागवताचार्य महामंडलेश्वर श्री श्री बोले 1008 दीनबंधु जी महाराज द्वारा भगवान श्री कृष्ण की वाल लीलाओं की कथा का वर्णन किया उन्होंने कहा जो व्यक्ति श्रीमद्भागवत कथा को सुनता है धारण करता है उसे पुण्य की प्राप्ति होती है इस मौके पर महंत पंडित राकेशदास जी महाराज के द्वारा श्री राम सेवा समिति के अध्यक्ष सतीश चंद्र चौरसिया,प्रबंधक रामनारायण पस्तोर,उपप्रबंधक बसंत कुमार मोदी,उपाध्यक्ष डॉक्टर अशोक कुमार मिश्रा,कोषाध्यक्ष आत्माराम फ़ौजी,का पीतवस्त्र उड़ाकर सम्मानित किया एवं कथा के शुभारंभ पर सभी ने आरती की। कथा के परीक्षित एल आर मिश्रा ने भागवत ग्रंथ का पूजन किया।इस अवसर पर नितुल व्यास,देवेंद्र घोष,कमलापत उपाध्याय,देवेंद्र पटेल बालू सहित क्षेत्र के गणमान्य एवं सैकड़ो की संख्या में माताएं बहिने उपस्थित थी ।

### पीड़ितों को समय सीमा के अन्दर न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता : एसडीएम



**टहरौली।** नव नियुक्त उप जिलाधिकारी गौरव आर्या ने शनिवार को टहरौली तहसील में अपना पदभार ग्रहण कर अधीनस्थ कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं से मुलाकात की। 2022 बैच के पीसीएस अधिकारी गौरव आर्या की मूलतः अलीगढ जिले के निवासी हैं ट्रैनिंग के बाद वह प्रयागराज महाकुंभ में 2 महीने से अधिक तैनात रहे प्रशासनिक पद झांसी जिले में यह उनकी पहली तैनाती है प्रेस से वार्ता करते हुए उन्होंने बताया कि पीडितों को न्याय दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी तथा शासन की मंशानुरूप कार्यो का संपादन करते हुए सभी अवैध कार्यो पर सख्ती से लगाम लगाई जाएगी।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित रहने पर मंडी सचिव को किया शो- कॉज नोटिस जारी

**झाँसी।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में तहसील मऊरानीपुर सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने तहसील मऊरानीपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर में आए भूमि सम्बन्धित/अवैध कब्जों की शिकायतों के निस्तारण के संबंध में कहा कि इस समय फसल की कटाई हो चुकी है।खेत खाली हैं अतः सभी राजस्व कर्मी एवं लेखपाल अपने मूल कार्यो में रुचि लें और अपने क्षेत्र में जाये तथा सेक्टर आदि की स्वयं नाप करें ताकि भूमि विवाद उत्पन्न ही ना हो। उन्होंने समस्त लेखपालों को निर्देश दिए कि ग्राम सभा की भूमि/चकरोड पर गलत ढंग से भूमि पर कब्जा करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए फाइन लगाएँ और उसकी वसूली किया जाना सुनिश्चित करें, ताकि भविष्य में कोई सरकारी अथवा ग्राम सभा की भूमि पर कब्जा न करें। उन्होंने लेखपालों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप अपने मूल कार्यों को संवेदनशील होकर करें, उन्होंने यह भी कहा कि भूमि विवाद ना निपटने की स्थिति में पुलिस 107/16 की कार्यवाही करे,धारा 145 पर भी कार्यवाही की जा सकती है, उन्होंने धारा 24,सरकारी भूमि पर कब्जा होने पर धारा 151 की कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए।

# जनता को बिजली मिलना चाहिए, बदहाल बिजली व्यवस्था में सुधार होना चाहिए : प्रदीप जैन

सत्ता सुधार ■ झाँसी

पूर्व केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने भारी संख्या में कांग्रेसजनों के साथ झांसी, ललितपुर, मऊरानीपुर, रानीपुर में बदहाल बिजली आपूर्ति के मुददे पर मुख्य अभियन्ता विद्युत का दिन भर घेराव किया। उन्होंने कहा कि जनता को बिजली मिलना चाहिए, बदहाल बिजली व्यवस्था में सुधार होना चाहिए। इसके लिये वो बराबर संघर्षरत है और आवाज बुलन्द करते रहेंगे, चाहे उनके खिलाफ एक नहीं सौ मुकदमें दर्ज हो जायें।

उन्होंने कहा कि बिजली विभाग ने बिजली सुधार के नाम पर एक सौ पचास करोड़ रूपये खर्च कर दिए लेकिन हालात जस के तस बने हुए है। शहर में बिजली छः घण्टे मिल रही है जबकि विभाग उच्च अधिकारियों को बता रहा है कि झांसी शहर को बिजली 24 घण्टे में से 21 घण्टे 50 मिनट आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने मुददे उठाये कि क्षमता वृद्धि वाले ट्रान्सफार्मर भी फुंक रहे हैं, क्योंकि घटिया



क्वालिटी के ट्रान्सफार्मर विभाग को मिल रहे है। घटिया क्वालिटी की केबिल डाली जा रही हैं। जिससे समस्या का सामना जनता को करना पड़ रहा है। आदमी रातों को सो नहीं पा रहा है और दिन में गर्मी के मारे बेचैन रहना पड़ रहा है।

मुख्य अभियन्ता से बातचीत के दौरान जानकारी मिली कि सरकारी आदेशों के अनुसार ट्रान्सफार्मर जल जाने पर कर्मचारियों और अधिकारियों के वेतन में से ट्रान्सफार्मर की कीमत वसूल की जाती है इसलिये लोड़ बढ़ने पर बिजली सप्लाई काट दी जाती है ताकि ट्रान्सफार्मर न जल जाये। अभी हाल में ट्रान्सफार्मर जल जाने पर एक कर्मचारी से 1,49,514 रूपये उसके वेतन से कटौती के आदेश जारी किए गए हैं। इसके अलावा बिजली सुधारने के लिए पहले 304 कर्मचारी दिए गए थे उन्हें कम करके 208 कर्मचारी कर दिए गये हैं। इस तरह 96 कर्मचारियों की कटौती कर दी गयी है। इसका असर तो जनता पर पड़ेगा ही। विद्युत विभाग के एमडी नीतेश कुमार से फोन पर बात की और 96 और कर्मचारी झांसी को देने के लिए कहा मुख्य अभियन्ता का लम्बे समय घेराव होने पर एसएचओ नवाबाद, सीओ सिटी और सिटी मजिस्ट्रेट भी घेराव स्थल पर पहुँचे। सभी ने झांसी ललितपुर की जनता की विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्या को समझा और सिटी मजिस्ट्रेट ने स्टाफ की शीध्र व्यवस्था और बिजली व्यवस्था ठीक करने के लिए मुख्य अभियन्ता को कहा। मुख्य अभियन्ता द्वारा शीध्र ही विद्युत व्यवस्था सामान्य किए जाने का आश्वासन दिया गया।

इस मौके पर पूर्व शहर अध्यक्ष इम्तियाज़ हुसैन, व्यापारी नेता मुकेश अग्रवाल अखिलेश गुरूदेव, आशु ठाकुर, अनिल रिछारिया, अशोक कंसोरिया, वीरेन्द्र कुशवाहा, मोहम्मद इदरीस, सोहन तिवारी, दिनेश वर्मा, रोवेश खान, मज़हर अली और अनेकों कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### शराब के नशे में बहू पर टूटा ससुराल वालों का कहर, सिर में चोट, जान से मारने की धमकी

**झाँसी, बबीना।** थाना बबीना क्षेत्र के चर्च रोड निवासी 23 वर्षीय सेजल यादव ने अपने पति विकास यादव, ससुर राजकुमार यादव, सास लक्ष्मी देवी और जेठ अनुराग यादव पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर थाना बबीना में मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है घटना 14 मई 2025 की रात करीब 10:30 बजे की है। सेजल यादव के अनुसार, उनके पति और ससुर शराब पीकर घर लौटे और चिकन खाने लगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो दोनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। थोड़ी देर में सास और जेठ भी मौके पर आ गए और सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। इस हमले में सेजल को सिर में गंभीर चोट आई। पीड़िता ने बताया कि हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी देकर घर से भागने पर मजबूर कर दिया। सेजल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराने में देरी का कारण मानसिक और शारीरिक स्थिति की खराबी बताया है।पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। आगे की कार्रवाई के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

## तहसील समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनी जनसमस्याएं

### 35 प्रार्थना पत्रों में किसी भी समस्या का नहीं हो सका मौके पर समाधान

**टहरौली।** तहसील सभागार में समाधान दिवस का आयोजन नव नियुक्त उप जिलाधिकारी गौरव आर्या की अध्यक्षता में किया गया जिसमें प्राप्त हुए कुल 35 शिकायती आवेदन पत्रों में विकास के 4 राजस्व के 19 पुलिस का 1 विद्युत के 4 जल जीवन मिशन के 2 बैंक के 3 पूर्ति विभाग का 1 तथा 1 प्रार्थना पत्र अन्य विभाग से संबंधित रहा। ग्राम धवारी निवासी रामलाल ने उसके खेत से लगे चकरोड संख्या 1011 को आसपास के काश्तकारों द्वारा अपनी भूमि में मिलाकर रास्ता अवरूद्ध करने, बेरबई के किशोरी, मुख्तयार सहित अन्य ग्रामीणों ने 30 वर्ष गुजर जाने के बाद भी हाईटेंशन लाइन के नीचे सुरक्षा जाल न लगाए जाने, बिजना के हरप्रसाद ने खाता बांट के अनुसार जमीन पर कब्जा दिलाने, खडेसर निवासी बाबूलाल ने लेखपाल द्वारा पैमाइश कर खाली कराए गए सरकारी सेक्टर को दबंगों द्वारा अपने खेत में मिलाकर फिर से कब्जा कर लेने, घुरैया के छत्रपाल सिंह ने पंजाब बैंक टहरौली द्वारा उसके क्रेडिट कार्ड खाते से प्रतिवर्ष प्रीमियम राषि काटने के बाद भी आज तक बीमा क्लेम न मिलने से संबंधित शिकायतें की।

## झांसी के बबीना थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े मारपीट, जान से मारने की धमकी; चार नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

**बबीना(झांसी)।** बबीना थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सफा गांव में गुरुवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई जब गांव के ही चार लोगों ने एक युवक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया और उसे जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित थाने पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, सफा गांव निवासी नरेन्द्र राय पुत्र संतोष राय ने बबीना थाने में दी गई तहरीर में बताया कि वह आज दोपहर घर के पास स्थित स्कूल के पास खड़ा था। उसी समय गांव के ही उमेश राय पुत्र दिनेश राय, अभिषेक राय पुत्र दिनेश राय, दिनेश राय पुत्र घासी राम राय और सोहेल राय पुत्र कृपाराम राय वहां पहुंचे और बिना किसी बात के गाली-गलौज करने लगे।जब नरेन्द्र ने इसका विरोध किया तो चारों आरोपियों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया और उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भागा और सीधे बबीना थाने पहुंचा, जहां उसने घटना की जानकारी दी और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी अजमेर सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़ित की ओर से मिली शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मेडिकल परीक्षण के लिए पीड़ित को भेजा गया है और जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## शराब और जुआ कर रहा है नौजवान नस्ल को तबाह : मुफ्ती अमान



सत्ता सुधार ■ झाँसी

मदीना मस्जिद मरकज़ अहल ए सुन्नत व जमात कपूर टेकरी कुरैश नगर के पेश इमाम मुफ्ती मुहम्मद अमान सिद्दीकी मंजरी ने जुम्मे की नमाज के दौरान अपनी तकरीर में उन्होंने मुसलमानों को हिदायत देते हुए कहा के अच्छी तालीम से दुनिया और आखिरत सबरती है हमें और आपको अच्छे बुरे के बारे में मालूम होता है हर हाल में अपने बच्चों को दीनी व दुनियावी तालीम दिलाएं जिससे आगे बढ़कर आपके बच्चे आपका नाम रोशन करें । इस्लाम ने सबसे बड़ी बुराई की जड़ शराब और जुआ को बताया है इस्लाम ने जिसे पूरी तरह हराम करार दिया है फिर भी बहुत से मुसलमान जानबूझकर शराब और जुआ जैसी हराम चीजों को अपना रहे हैं और अपनी दुनिया और आखिरत बिगाड़ रहे हैं जुआ सट्टा शराब और भी जो जुआ वगैरा के खेल हैं पूरी तरह इस्लाम में हराम करार दिए हैं । हज़रत मुहम्मद साहब ने शराब को मज़हब ए इस्लाम में हर गुनाह और हर बुराई का दरवाजा बताया है और दुनिया की सब से बदतरीन चीज शराब को फरमाया है । मुफ्ती साहब ने न सिर्फ मज़हब ए इस्लाम के मानने वाले बल्कि पूरी दुनिया के इंसानों से इन चीजों से बचने की अपील की है और खास कर नौजवानों से कहा कि जुआ शराब की वजह से अपने मुस्तक़बिल को बर्बाद न करें। अच्छे काम करें और अच्छाई और पाकी के रास्ता पर चलें । और कोई ऐसा काम न करें जिस से आप और आपके घर वाले आपका मज़हब बदनाम हो।

## तापमान में वृद्धि के चलते बढ़ रही हैं आगजनी की घटनाएं रहे जागरूक: प्रगति शर्मा

सत्ता सुधार ■ झाँसी

जैसे-जैसे तापमान में वृद्धि हो रही है आगजनी की घटनाएं भी निरंतर बढ़ती जा रही हैं जिनसे बचने का एकमात्र उपाय है धैर्य सजकता व जागरूकता तो ऐसे में विभिन्न स्थानों पर अग्नि शमन जागरूकता अभियान गति पकड़ रहे हैं अतः वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी के दिशा निर्देशन एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी राज किशोर राय के नेतृत्व तथा वरिष्ठ अग्नि सचेतक प्रगति शर्मा के संयोजन में झांसी स्थित जिला अस्पताल के सभा कक्ष मे प्रभारी अग्निशमन अधिकारी रामकेश शुक्ला के मुख्य आतिथ्य व एलएफएम जगत सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में अग्निशमन विषयक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें रामकेश



शुक्ल द्वारा आग के प्रकार, आग लगने पर फायर एक्सटिंग्विशर का प्रयोग किस प्रकार करें तथा कमरे में धुंआ भर जाने पर उसमें से किस विधि द्वारा बाहर निकले आदि को विस्तार से सैद्धांतिक व प्रयोगात्मक तरीके से बताया। उक्त अवसर पर फायरमैन जितेंद्र नायक, गार्ड महेंद्र पटेल, नर्सेज स्टाफ, वार्ड बॉयज बड़ी संख्या में उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन अग्नि सचेतक दीपशिखा शर्मा द्वारा किया गया।

## महिला और पति से लाठी-डंडों से की मारपीट, जान से मारने की दी धमकी

### बबीना थाना क्षेत्र के हरपालपुर बुढ़पुरा गांव की घटना, चार नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बबीना (झाँसी)।** हरपालपुर बुढ़पुरा गांव में एक महिला और उसके पति के साथ गाली-गलौच कर लाठी-डंडों से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश शुरू कर दी है। बबीना थाने में दिए गए प्रार्थना पत्र में रानी पत्नी प्रमोद केवट निवासी हरपालपुर बुढ़पुरा ने बताया कि गांव के ही रूपेश पुत्र हरवान, उबी पुत्र हरवान, विजय पुत्र रमेश और गद्दू पुत्र रमेश ने पहले उसके साथ गाली-गलौच की। विरोध करने पर सभी ने एकजुट होकर सरिया, लाठी व डंडों से उस पर और उसके पति पर हमला कर दिया। दोनों को पीटकर घायल कर दिया गया और जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी मौके से फरार हो गए। चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## भारतीय मीडिया महासंघ का शपथ ग्रहण समारोह हुआ संपन्न



सत्ता सुधार ■ झाँसी

भारतीय मीडिया महासंघ के तत्वावधान में झांसी जनपद इकाई का शपथ ग्रहण समारोह व उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों का सम्मान समारोह राजकीय संग्रहालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ0 संदीप सरावगी वरिष्ठ समाजसेवी, बाल गोविंद श्रीवास्तव जिला पंचायत राज अधिकारी, धर्मेंद्र खरे राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय मीडिया महासंघ व विशिष्ट अतिथि ऊर्जा फाउंडेशन की अध्यक्ष राशि साहू ,शशि गुप्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ भारतीय मीडिया महासंघ, प्रवीण कुमार गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष भारतीय मीडिया महासंघ, सुल्तान आब्दी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय मीडिया महासंघ, प्रतीक वर्मा प्रदेश महासचिव भारतीय मीडिया महासंघ, यशोदा कुशवाहा राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा, हरिप्रकाश परिहार वरिष्ठ समाजसेवी के अतिथि में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. इसके उपरांत सभी अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम जनपद झांसी इकाई का पदाधिकारीयों का शपथ ग्रहण कराया गया व भारतीय मीडिया महासंघ के पदाधिकारीयों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. . कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने अपना अपना उद्बोधन दिया मंच का संचालन बृजेंद्र कुशवाहा व जिला अध्यक्ष राकेश कुशवाहा आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पत्रकार सुनील जैन डीकू राष्ट्रीय सचिव, जॉली खान प्रदेश उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ , पुनीत श्रीवास्तव, मोहम्मद कलाम कुरैशी प्रदेश सचिव , प्रतीक वर्मा प्रदेश महासचिव, नरेंद्र अग्रवाल बुंदेलखंड अध्यक्ष, बालमुकुंद रैकवार मंडल अध्यक्ष, अनिल शर्मा बुंदेलखंड प्रभारी ,विनोद पांडा, बृजेश परिहार जिला प्रभारी, राजा बाबू चतुर्वेदी प्रमुख जिला महासचिव, भरत सिंह कुशवाहा जिला महासचिव, अंकित लक्षकार जिला महासचिव, कैलाश कुशवाहा जिला महामंत्री, संदीप रेजा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आयुष खरे जिला उपाध्यक्ष, राजन कुमार, पीयूष श्रीवास्तव, हरीश कुमार, मुस्ताक अली, अरुण वर्मा, मनीष दुबे आदि लोग मौजूद रहें।

# शाखा नंबर 2 : त्रैवार्षिक आम सभा एवं चुनाव हुए सम्पन्न

सत्ता सुधार ■ झाँसी

शाखा नंबर 2 के त्रैवार्षिक आम सभा एवं चुनाव झांसी मण्डल के एनसीआरएमयू मण्डल कार्यालय में आयोजित की गई. जिसकी अध्यक्षता का. लालता प्रसाद साहू ने की. कार्यक्रम की शुरुआत में शाखा सचिव का. दीपक शिंदे द्वारा पिछले तीन वर्षो में शाखा द्वारा कर्मचारियों के लिए किए गए कार्यो की विस्तृत रिपोर्ट पेश की गई. कोषाध्यक्ष अमर सिंह मीना द्वारा आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया. जिसको सर्व सम्मति से पास किया गया।

इसके उपरांत बी के यादव केंद्रीय पर्यवेक्षक एवं चुनाव अधिकारी





निर्मल सिंह संधू की देख रेख में 31 डेलीगेट चुने गए इसके उपरांत निम्न कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित हुई। कार्यकारिणी में लालता प्रसाद साहू शाखा अध्यक्ष, दीपक शिंदे शाखा सचिव ,विक्रम सिंह कार्यकारी अध्यक्ष,राकेश सिंह उपाध्यक्ष,केशव कुमार उपाध्यक्ष, मोहम्मद शरीफ संयुक्त सचिव, भरत कुमार चौरसिया सहायक सचिव, मनोज कुमार यादव सहायक सचिव, रामचरन प्रजापति सहायक सचिव, अमर सिंह मीना कोषाध्यक्ष, शैलेन्द्र रायकवार एजीएम, नवीन कुमार एजीएम , जयराम पासवान , अमित कुमार रायकवार ,प्रमोद कुमार माहौर निर्विरोध निर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए मंडल अध्यक्ष का. हुकुम सिंह चौहान द्वारा सभी पदाधिकारियों को कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने की शपथ दिलवाते हुए जवाबदेही तय की एवं मंडल मंत्री अमर सिंह यादव द्वारा उपस्थित सभी डेलीगेटों को कर्मचारी हितों के लिए सक्रिय रहने एवं पदाधिकारियों के नेतृत्व में प्रशासन के अन्याय से लड़ने हेतु प्रेरित किया। इस आम सभा में उपस्थित मंडलीय पदाधिकारी पूर्व मण्डल अध्यक्ष डी के खरे,काम.भावेश प्रसाद सिंह अजय सिंह यादव अनुरुद्ध सिंह,मनोज जाट,सुनील पाल, जयसिंह यादव, बृजमोहन सिंह,संजीव द्विवेदी , राजेंद्र यादव, प्रवेश सिंह और सुनील पुरोहित आदि उपस्थित रहे ! सभा का सफल संचालन शाखा नंबर 1, संजीवन राय शाखा अध्यक्ष ने किया। अंत में सभी का आभार व्यक्त करते हुए शाखा अध्यक्ष लालता साहू द्वारा सभा समाप्ति की घोषणा की गई।

## ब्रीफ न्यूज

### इजरायल ने हूतियों पर कर दी बमबारी, गाजा पर भी किया हमला

**तेल अवीव।** इजरायली वायुसेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले हुदैदा और सलीफ बंदरगाहों पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए इजरायल ने यह हमला ट्रंप के दौरे के बाद किया इजरायली सेना ने कहा कि ये बंदरगाह ईरान से हथियारों की तस्करी के लिए इस्तेमाल हो रहे थे हमलों में 15 लड़ाकू विमानों ने 35 बम का उपयोग कर बंदरगाहों को भारी नुकसान पहुंचाया सेना ने कहा कि ये बंदरगाह हूती आतंकियों की ओर से सैन्य गतिविधियों के लिए इस्तेमाल हो रहे थे, और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इजरायली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने हूती नेता अब्दुल-मलिक अल-हूती को चेतावनी दी कि यदि हमले जारी रहे तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

### हॉंगकॉंग में कोरोना के 31 मामले सामने आए

**हांगकांग।** हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर में फिर से कोविड-19 के मामले बढ़ने लगे हैं। हॉन्गकॉन्ग में 3 मई तक कोविड के 31 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें कई मौतें भी शामिल हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि महामारी एक बार फिर से विकराल रूप ले सकती है और इसका असर एशिया के बाकी हिस्सों में भी देखने को मिल सकता है। सिंगापुर में भी कोविड अलर्ट जारी किया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस साल कोरोना संक्रमण पर अपना पहला अपडेट जारी किया है। यहां मामलों में 28 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इस साल अब तक कोरोना के 14200 मामले सामने आ चुके हैं। वहीं, रोजाना आधार पर अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या 30 प्रतिशत तक बढ़ गई है।

### यूएई से ट्रंप को मिला एक बूंद तेल, वायरल वीडियो में मजाक उड़ाते दिखे

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को यूएई की तरफ से ट्रंप को सबसे प्रीमियम कच्चे तेल की एक बूंद तोहफे में दी गई थी। इसका मजाक उड़ाते हुए ट्रंप ने कहा कि मैं इससे बहुत ज्यादा खुश नहीं हूं। हालांकि ट्रंप बाद में मुस्कुराते हुए कहते हैं कि कोई बूंद न मिलने से बेहतर है कि एक बूंद मिली। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में ट्रंप खुले आम बूंद को हाथ में लिए अपनी निराशा को व्यक्त करते हुए नजर आ रहे हैं।

### शहबाज बोले- कश्मीर पर सहमति बनेगी तो मिलकर खत्म करेंगे आतंकवाद

**इस्लामाबाद।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद घुटनों पर आया पाकिस्तान अब शांति और सौहार्द की बात कर रहा है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि भारत के साथ बैठक होना चाहिए। उसमें कश्मीर सहित तमाम मसलों पर बात हो जाए। सहमति बनने के बाद दोनों देश मिलकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ सकते हैं। बेचारे, शहबाज को शायद नहीं पता कि कश्मीर भारत का हिस्सा था, है और रहेगा। यदि बात करना ही है तो पीओके पर करें। रिपोर्ट के मुताबिक इस्लामाबाद में यौम-ए-ताश्कर में लोगों को संबोधित कर रहे शहबाज ने कहा कि भारत और पाकिस्तान अभी तक तीन पूर्ण युद्ध लड़ चुके हैं।




वियतनाम के उत्तरी पहाड़ी प्रांत लाई चौ में एक जलविद्युत संयंत्र निर्माण स्थल पर भूस्खलन के बाद कम से कम पाँच श्रमिकों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

# पाक पीएम की हो रही किरकिरी, लोग कह रहे हैं शहबाज साहब हमें बेवकूफ मत बनाइए

एजेंसी ■ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के भाषणों को लेकर पूरे देश में चर्चा है। सेना के सम्मान में 'यौम-ए-तशक्कुर' (धन्यवाद दिवस) पर शहबाज ने जो बोला है उसको लेकर सोशल मीडिया पर खूब खिल्ली उड़ाई जा रही है। इस मौके पर शहबाज शरीफ ने दावा किया कि वह फज्र (सुबह की नमाज) के बाद स्विमिंग के लिए गए थे और अपने साथ एक 'सिक्योर फोन' ले गए थे, ताकि कोई जरूरी सूचना मिले तो तुरंत जवाब दिया जा सके उन्होंने कहा, 'मैं स्विमिंग कर रहा था, मेरे पास एक सिक्योर फोन था, और मैंने जिया को कहा कि जब घंटी बजे तो मुझे फौरन बताना और किस्मत की बात थी, वह घंटी बजी तो जनरल असिम मुनीर लाइन पर थे, कहने लगे कि वजीर ए आजम (प्रधानमंत्री) बड़ा भरपूर हमने उनको जवाब दिया है और अब हमें सीजफायर करने की दरख्वास्त आ रही है तो आपका क्या ख्याल है मैंने कहा सिपहसालार (सेना प्रमुख) इससे बड़ी इज्जत की क्या बात हो सकती है आपने दुश्मन को एक भरपूर थप्पड़ मारा है उसका सिर





चकरा गया अब वह सीजफायर पर मजबूर है तो मैं सोचता हूं कि आप बिस्मिल्लाह करें और इस सीजफायर के ऑफर को कबूल करें।

अब जरा इस पूरे 'दृश्य' की कल्पना कीजिए देश युद्ध के मुहाने पर खड़ा है, सीमा पर गोलियां चल रही हैं, जवानों की जान जा रही हैं और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री सुबह की तैराकी का आनंद ले रहे हैं पीएम शहबाज का ये बयान सिर्फ हास्यास्पद नहीं, बल्कि देश की संप्रभुता, सैन्य रणनीति और राजनीतिक समझदारी की भी मजाक उड़ाता है दरअसल भारत सेना के डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने साफ बताया है कि 10 मई को शाम 5 बजे से सीमा पार गोलीबारी और हवाई घुसपैठ बंद करने पर सहमति बनी, और यह प्रस्ताव खुद पाकिस्तानी डीजीएमओ की ओर से आया था इसके उलट, शहबाज शरीफ के बयान से ऐसा प्रतीत होता है कि सीजफायर का फैसला उनकी पहल पर हुआ, जो वास्तविकता से मेल नहीं खाता।सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने शहबाज शरीफ के बयान को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है एक यूजर ने लिखा, 'क्या प्रधानमंत्री तैराकी कर रहा था जब देश युद्ध की स्थिति में था? यह या तो दिमागी संतुलन खोने का संकेत है, या फिर जनता को बेवकूफ बनाने की कोशिश' दूसरे ने कहा, जनरल असिम मुनीर ने सीजफायर का फैसला नहीं लिया, यह पाकिस्तानी डीजीएमओ की पहल थी शहबाज शरीफ झूठ बोल रहे हैं।

शहबाज का दावा कि सेना प्रमुख को उन्होंने मजबूत जवाब देने को कहा, और फिर चंद मिनटों में सीज़फायर की पेशकश आ गई, इसमें कूटनीति की कोई सच्चाई नहीं दिखती सीज़फायर जैसे प्रस्ताव अंतरराष्ट्रीय माध्यमों से, कई दौर की बातचीत के बाद आते हैं वो भी तब, जब जमीनी हकीकत इसकी अनुमति दे लेकिन यहां, शहबाज शरीफ ऐसा दर्शा रहे हैं मानो युद्ध का रिमोट उनके हाथ में हो- वो चाहें तो फौरन 'प्ले' या 'पॉज' कर सकते हैं

वास्तविकता यह है कि पाकिस्तान इस वक्त गंभीर आंतरिक संकटों से गुजर रहा है। आर्थिक दिवालियापन के कगार पर खड़ी अर्थव्यवस्था, विदेशी निवेशकों का पलायन, आईएमएफ की शर्तों पर झुकी हुई नीतियां, और सबसे बढ़कर भारत के खिलाफ मोर्चा खोलने की नाकाम कोशिशें ऐसे में शहबाज शरीफ की यह 'तैराकी से लेकर सीज़फायर तक' की कहानी एक पब्लिक रिलेशन स्टंट से ज्यादा कुछ नहीं लगती वह शायद यह दिखाना चाहते हैं कि वे एक मजबूत, शांतचित्त और निर्णायक नेता हैं लेकिन हकीकत इसके उलट है। इस बयान से उनकी गैरजिम्मेदारी और रणनीतिक अपरिपक्वता ही उजागर होती है।

# रुश्दी की आंख में चाकू मारने वाले को 25 साल की सजा





एजेंसी ■ न्यूयॉर्क

दुनिया के मशहूर लेखक सलमान रुश्दी की आंख पर हमला करने वाले अपराधी हादी मतार को हत्या के प्रयास का दोषी मानते हुए न्यूयॉर्क की मेविल अदालत में जज डेविड फोले ने सजा सुनाई। रुश्दी पर हमला यहीं हुआ था। हादी को फरवरी में राज्य के कानूनों के तहत दोषी ठहराया गया था, और उस पर संघीय कानूनों के तहत अलग-अलग आतंकवाद के आरोप हैं। 27 वर्षीय मतार को भी सात साल की सजा मिली है जो मुख्य सजा के साथ-साथ चलेगी। चौटाउका काउंटी के जिला अभियोजक जेसन श्मिट ने सजा सुनाए जाने के बाद कहा, मैं जज द्वारा लगाई गई सजा से खुश हूं।

मतार के वकील नाथनियल बैरोन ने कहा कि वे इस फैसले के खिलाफ अपील दायर करेंगे। मतार ने अगस्त 2022 में चौटाउका इंस्टीट्यूशन में मंच पर सलमान रुश्दी पर हमला किया था। रुश्दी की दाईं आंख पर कई बार चाकू से हमला किया गया। इस वजह से उन्हें यह आंख गंवानी पड़ी थी।

हमले के दौरान हेनरी रीज़ भी घायल हुए थे। हेनरी सताए गए लेखकों को शरण देने के लिए एक कार्यक्रम चलाते हैं। रुश्दी ने 2024 में प्रकाशित एक संस्मरण नाइफ में हमले और उसके बाद की घटनाओं का विवरण दिया था। सलमान रुश्दी पर हमले की शुरुआत 1989 में हुई थी। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खुमैनी ने रुश्दी की मौत का फतवा जारी किया था। खुमैनी रुश्दी के उपन्यास द सैटेनिक वर्सेज को ईशनिंदा बताते हुए फतवा जारी किया था। फतवे की वजह से रुश्दी कई सालों तक ब्रिटिश अधिकारियों के संरक्षण में छिपने को मजबूर थे। बाद में न्यूयॉर्क चले गए और फिर सार्वजनिक रूप से दिखाई देने लगे।

# प्रेमिका का वाई-फाई होटल से हुआ कनेक्ट, प्रेमी ने तोड़ दिया रिश्ता

## जांच के बाद पता चली सच्चाई, तब तक सब कुछ हो गया खत्म

एजेंसी ■ बीजिंग

तकनीक की वजह से रिश्ते बिगड़ने का मामला सामने आया है। चीन में एक लड़की को उसके प्रेमी ने छोड़ दिया वजह थी उसका फोन अपने आप होटल के वाई-फाई से कनेक्ट हो गया। युवती का कहना था कि वह इस जगह पर पहले कभी नहीं गई थी। लड़की का सरनेम ली है। मई की छुट्टी के दौरान वह अपने प्रेमी के साथ चोंगकिंग के एक होटल में रहती थी, जहां यह घटना घटी। चेक-इन के दौरान ली को मालूम हुआ कि वह अपना फिजिकल आईडी भूल गई। इसके बाद उसने अपना डिजिटल पहचान पत्र निकालने की कोशिश की। तभी उसका फोन तुरंत होटल के वाई-फाई नेटवर्क से कनेक्ट हो गया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ली के प्रेमी ने यह देख लिया और उसे शक हो गया। वह सोचने लगा कि



आखिर उसका फोन उस होटल के नेटवर्क से कैसे कनेक्ट हो गया, जहां वे दोनों पहली बार आए थे। प्रेमी इसे लेकर ली से सवाल करने लगा। ली ने जोर देकर कहा कि वह पहले कभी वहां नहीं आई और उसे नहीं पता कि उसका फोन अपने आप कैसे जुड़ गया। हालांकि, वह अपने बॉयफ्रेंड को समझाने में नाकाम रही और आखिरकार उनके रिश्ते में दरार आ गई और रिश्ता टूट गया। ली अपने प्रेमी के व्यवहार को लेकर परेशान हो गई। उसने यह समझने का फैसला किया कि आखिर ऐसा कैसे हुआ। गहराई से जांच करने पर पता चला कि कुछ समय पहले उसने चोंगकिंग के एक दूसरे होटल में काम किया था, जहां वही वाई-फाई यूजर नेम और पासवर्ड इस्तेमाल होता था। यह जानने के बाद ली ने तुरंत अपने पूर्व प्रेमी से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन वह उसे ब्लॉक कर चुका था। ऐसी स्थिति में उसने चोंगकिंग टीवी से संपर्क किया और सार्वजनिक तौर पर अपनी बात रखने का मन बनाया।

### 38 प्रतिशत भारतीय कर रहे प्रोसेस्ड फूड का सेवन

**न्यू जर्सी।** ग्लोबल फूड पॉलिसी रिपोर्ट 2024 के मुताबिक, 38 प्रतिशत भारतीय अब स्वास्थ्यवर्धक भोजन की बजाय प्रोसेस्ड फूड का सेवन कर रहे हैं। केवल 28 प्रतिशत लोग ही ऐसा भोजन कर रहे हैं जो उनके शरीर के लिए फायदेमंद है। भारत में प्रोसेस और जंक फूड का चलन तेजी से बढ़ रहा है, जो एक गंभीर स्वास्थ्य संकट की ओर संकेत करता है। रिपोर्ट बताती है कि 16.6 प्रतिशत भारतीय आबादी कुपोषण से जूझ रही है, बावजूद इसके इस मुद्दे पर न तो कोई ठोस बहस हो रही है और न ही कोई कारगर नीति बनती दिख रही है। तेजी से बदलती जीवनशैली और विज्ञापनों की चकाचौंध ने लोगों को इंस्टेंट और प्रोसेस फूड की ओर आकर्षित किया है, जिससे दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ गया है। इस बीच अमेरिका में भी प्रोसेस फूड को लेकर एक नई बहस छिड़ गई है। बता दें कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डॉक्टर केसी मीन्स को अगला सर्जन जनरल नियुक्त करने की घोषणा की है।

# अमेरिका ने ईरान के अवैध तेल पर लगाया प्रतिबंध, उधर तिलमिला उठा चीन

एजेंसी ■ तेहरान

अमेरिका ने ईरान के अवैध तेल व्यापार पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस प्रतिबंध के कारण करीब दो दर्जन कंपनियों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस निर्णय से तिलमिलाए चीन ने आलोचना शुरु कर दी तो ट्रंप प्रशासन ने साफ कर दिया कि अस्थिरता रोकने के लिए ये प्रतिबंध बेहद जरुरी थे। अमेरिकी वित्त विभाग ने हाल ही में 20 से अधिक कंपनियों पर कड़े प्रतिबंध लगाए हैं, जिन पर आरोप है कि उन्होंने अरबों डॉलर की कीमत वाले ईरानी कच्चे तेल को चीन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई यह कार्रवाई ईरान के तेल निर्यात को रोकने और तेहरान पर आर्थिक दबाव बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है। ट्रंप प्रशासन के अनुसार ईरान धन का इस्तेमाल क्षेत्रीय अस्थिरता और आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए



कर रहा है। चीन ने इन अमेरिकी प्रतिबंधों की कड़ी आलोचना की है बीजिंग का कहना है कि वाशिंगटन ने अपने अधिकार क्षेत्र का अवैध रूप से विस्तार किया है, जो वैश्विक व्यापार के मानदंडों को कमजोर करता है चीनी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ये प्रतिबंध न केवल ईरान और चीन के बीच वैध व्यापारिक संबंधों को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि वैश्विक ऊर्जा बाजारों में अनावश्यक अस्थिरता भी पैदा करते हैं हालांकि, विश्लेषकों का मानना है कि चीन के लिए इन प्रतिबंधों का जवाब देना आसान नहीं होगा, क्योंकि वह अपनी अर्थव्यवस्था के लिए अमेरिकी वित्तीय प्रणाली पर निर्भर है। ये प्रतिबंध उन समूहों को टार्गेट करते हैं जो ईरान के कथित अवैध तेल व्यापार में शामिल हैं, जिसमें हांगकांग के कई बैंक शामिल हैं, जिन्हें सेपहर एनर्जी की फंट कंपनियों के रूप में आरोपित किया गया है सेपहर एनर्जी ईरान के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ का एक वाणिज्यिक सहयोगी है सेपहर एनर्जी ईरान के सैन्य तंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## पूर्व वायुसेना प्रमुख का शर्मनाक कबूलनामा, ब्रह्मोस मिसाइल ने हमारे अवाक्स विमान को तबाह कर दिया

# फिर दुनिया के सामने आया पाकिस्तान सरकार का झूठ

एजेंसी ■ कराची

पाकिस्तान के सेवानिवृत्त एयर मार्शल ने माना कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भोलारी एयरबेस पर हुए हमलों में पाकिस्तान ने अपना अवाक्स विमान खो दिया। पाकिस्तान के एक पूर्व वायुसेना प्रमुख ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भोलारी एयरबेस पर भारतीय हमलों में पाकिस्तान ने अपना बेशकीमती अवाक्स विमान खो दिया। सेवानिवृत्त एयर मार्शल मसूद अख्तर ने कहा कि भारत ने 11 सैन्य प्रतिष्ठानों पर किए गए मिसाइल हमले के दौरान एक एयरबोर्न वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम



विमान को मार गिराया। अख्तर के अनुसार, कराची के पास स्थित भोलारी एयरबेस पर लक्षित भारतीय हमले के दौरान अवाक्स को मार गिराया गया। यह एयरबेस भारत के जवाबी अभियान के तहत मारे गए 11 सैन्य प्रतिष्ठानों में से एक था। पूर्व वायुसेना प्रमुख अख्तर ने माना कि भारतीय सशस्त्र बलों ने लगातार चार ब्रह्मोस मिसाइलें दागीं...सतह से सतह पर या हवा से सतह पर, मुझे पक्का पता नहीं...पाकिस्तानी पायलट अपने विमान को सुरक्षित करने के लिए दौड़े, लेकिन मिसाइलें आती रहीं और दुर्भाग्य से, चौथी मिसाइल भोलारी एयरबेस के हैंगर से टकराई, जहां हमारा एक अवाक्स खड़ा था। यह क्षतिग्रस्त हो गया और हताहतों की भी सूचना मिली...

यह घटनाक्रम पाकिस्तानी सेना के लिए विशेष रूप से शर्मनाक है, जिसने लगातार भारतीय हवाई हमलों से हुए नुकसान को कम करके आंका है, और दावा किया है कि सभी प्रमुख सैन्य प्रतिष्ठान सुरक्षित हैं। हालांकि, उपग्रह इमेजरी ने इन दावों का खंडन किया है, जिसमें कम से कम चार रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पाकिस्तानी एयरबेस को स्पष्ट नुकसान दिखाया गया है। विशेष रूप से, पाकिस्तान के अवाक्स विमान इसकी वायु रक्षा प्रणाली के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में काम करते हैं, जो उन्नत निगरानी, ??खतरे का शीघ्र पता लगाने और लंबी दूरी पर हवाई संचालन के समन्वय की पेशकश करते हैं। ये एसेट शत्रुतापूर्ण गतिविधियों की निगरानी, ??लड़ाकू विमानों को निर्देशित करने और वास्तविक समय में कमान और नियंत्रण बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे विमान के खो जाने से पाकिस्तान की हवाई स्थिति के बारे में जागरूकता और तत्परता बनाए रखने की क्षमता में काफी बाधा आई है, खासकर भारत के साथ बढ़े हुए तनाव के समय।


# फिर लौट रहा कोविड, हांगकांग और सिंगापुर में आ रही मामलों में तेजी

एजेंसी ■ हांगकांग

एक बार फिर घातक वायरस कोविड-19 के मामले एशिया के कई हिस्सों में एक बार फिर बढ़ने लगे हैं। हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर जैसे वित्तीय केंद्रों में संक्रमण में तेज वृद्धि देखी गई है, जबकि चीन और थाईलैंड की स्वास्थ्य एजेंसियां भी वायरस के उभार से जूझ रही हैं। पहले के अपेक्षाकृत स्थिरता वाले दौर के बावजूद वायरस की लहर ऐसे मौसम में देखी जा रही है जब आमतौर पर सांस संबंधी वायरस कम हो जाते हैं।हॉन्गकॉन्ग के मशहूर गायक ईसन चान कोविड-19 से संक्रमित पाए गए हैं, जिसके कारण ताइवान में उनके संगीत कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है। मनोरंजन जगत की जानी-मानी हस्ती के कोविड संक्रमण की चपेट में आने के कारण भी लोगों का ध्यान इस तरफ गया है।सिंगापुर के स्वास्थ्य मंत्रालय ने 3 मई को खत्म सप्ताह में कोविड-19 के मामलों में 28 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जिसमें संक्रमण कि अनुमानित मामले बढ़कर 14,200 हो गए हैं। वायरस के कारण अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या में भी लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। चीन के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र ने भी बताया कि 4 मई तक के पांच हफ्तों में अस्पतालों में कोविड जांच के पॉजिटिव रहने की दर दोगुनी से अधिक हो गई है।

# ऑपरेशन सिंदूर से बदली नीतियों का वैश्विक संकेत

बीती छह मई की देर रात को पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर गरजती मिसाइलों ने दुनिया को कई संदेश दिए हैं। भारतीय कार्रवाई का पहला संदेश यह है कि अब ना सिर्फ भारत, बल्कि उसकी विदेश नीति भी बदल चुकी है। अब अगर भारत का बेगुनाह खून बहेगा तो खून बहाने वाले नापाक हाथों को भारत कहीं से भी ढूंढ़ निकालेगा और उसकी कब्र खोदने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा। पाकिस्तानी हमले के सफल प्रतिकार ने स्वदेशी हथियार तकनीक की खुद-ब-खुद ब्रांडिंग हो गई। पहलगाम के खिलाफ हुई कार्रवाई के बाद भारतीय राजनीति और राजनय को देखने का दुनिया का नजरिया बदलना तय है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत चली महज चार दिनों की कार्रवाई के बाद संघर्ष विराम होने को लेकर सोशल मीडिया पर हंगामा है। बड़े वर्ग का मानना है कि पाकिस्तानी उकसावे के बाद जारी भारतीय कार्रवाई से पाकिस्तान की गर्दन भारतीय पैरों के नीचे आ गई थी। लिहाजा जरूरी था कि उसकी कमर तोड़ दी जाए। भारत के एक बड़े वर्ग को उम्मीद थी कि मौजूदा कार्रवाई के जरिए पाकिस्तान के




कब्जे वाला कश्मीर भी भारत का हिस्सा होगा। बहुत लोगों तो लगता था कि अगर ऑपरेशन सिंदूर जारी रहता तो बलूचिस्तान के लिए पाकिस्तान से अलग होने की राह आसान हो जाती। इस लिहाज देखें तो भारत का लोकमानस पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने के पक्ष में था या कह सकते हैं कि अब भी है। लेकिन ध्यान रखना होगा कि युद्ध कभी-भी जनमत के दबाव में लड़े जाते। आधुनिक दौर में जब लड़ाई और हथियारों में तकनीक की पहुंच और पैठ बढ़ी है, सिर्फ जनमत के दबाव में युद्ध लड़ना ताकतवर से ताकतवर देश के लिए संभव नहीं। इस बीच संघर्ष विराम पर राष्ट्रपति ट्रंप के उतावले दावों ने संघर्ष विराम की हकीकत की जिज्ञासा बढ़ा दी है। लोग यह जानने के लिए उतावले हैं कि संघर्ष विराम की असल वजह आखिर क्या है? वैसे ऐसी संवेदनशील जानकारियां शायद ही कभी बाहर आ पाती हैं। इसलिए संघर्ष विराम के पीछे की असलियत को आने वाला इतिहास ही जान पाएगा। जिस तरह पाकिस्तान के एयरबेस समेत तमाम सैनिक ठिकानों को भारतीय सेना ने निशाना बनाया है, उससे बिलबिलाकर वह अमेरिका की शरण में पहुंचा और युद्ध विराम कराने के लिए गुहार लगाने लगा। यह जानकारी कुछ अमेरिकी अखबारों के पन्नों पर आ चुकी है। बहरहाल ऑपरेशन सिंदूर ने संदेश दिया है कि अब भारत रणनीति के तहत जवाब नहीं देगा, बल्कि अपने नागरिकों पर हमले, संप्रभुता और अखंडता पर चोट की हालत में वह निर्णायक कार्रवाई करेगा।



▪ ताहिर अली

# भोपाल: तहज़ीब, तालीम, तरक़्क़ी और तासीर का शहर

यदि मंदिरों से घंटियों की मधुर आवाज़ और मस्जिदों से बुलंद अज़ान एक साथ गूंजे, तो समझ लीजिए आप उस शहर में हैं, जहाँ सदियों से गंगा-जमुनी तहज़ीब ने अपने खूबसूरत रंग बिखेरे हैं। यह शहर है भोपाल - झीलों की नगरी, नवाबी संस्कृति की परछाई, प्राकृतिक सौंदर्य की मिसाल और ऐतिहासिक धरोहरों का सजीव संग्रह।

**तहज़ीब और भाईचारा :** भोपाल की सबसे बड़ी खासियत इसकी साझा संस्कृति है। यहाँ तालाब के बीचों-बीच मंदिर, मस्जिद और मजारों का साथ-साथ दिखना आम बात है। यही वह शहर है, जहाँ सबसे बड़ी मस्जिदों में से एक - ताजुल मस्जिद है, तो वहीं विश्व की सबसे छोटी मस्जिद मानी जाने वाली 'ढाई सीढ़ी मस्जिद' भी यहीं स्थित है। भोपाल में उर्दू भाषा का उपयोग लगभग सभी समुदाय के लोग करते हैं। भोपाल की सड़कों पर चलते हुए अगर कोई राहगीर किसी मोहल्ले का पता पूछ ले, तो भोपाली उसे दरवाजे तक छोड़कर आते हैं। यही इसकी तहज़ीब है, यही इसकी पहचान है। भोपाल की एक बात ओर मशहूर है कि जो भी भोपाल आता है यहां के लोग उसे सीने से लगा लेते हैं। हिन्दुस्तान के किसी भी कोने से जो भोपाल आया जैसे नौकरीपेशा या कोई भी व्यवसाय के लिए यहीं का होकर रह गया। भेल कारखाना इसका जीता-जागता उदाहरण है। ज्यादातर नौकरी पेशा अधिकारी एवं कर्मचारी रिटायर होने के बाद भोपाल को ही अपना मानकर यहीं बस गए। काफी लोग कारोबार करने के उद्देश्य से यहीं आकर आबाद हो गये।

**भोपाल की मज़ेदार 'उर्फ़ियत' - नाम के पीछे नाम की दुनिया! :** भोपाल, भोपाली और भोपालियत की पहचान केवल ताल-तालैया और ऐतिहासिक इमारतों आबोहवा, तहजीब और संस्क़ति तक सीमित नहीं है, बल्कि अपनी अनोखी और मज़ेदार 'उर्फ़ियतों' के लिए भी मशहूर है। जब किसी मोहल्ले में एक ही नाम के कई लोग हों, तो पहचान बनाने के लिए नाम के पीछे कुछ जोड़ना लाज़मी हो जाता है, फिर चाहे वो पहनावे से जुड़ा हो, बोलचाल से, शौक से या किसी मज़ेदार किस्से से - हर भोपाली को मिल जाता है उसका ख़ास ÷उर्फ़ी टाइटल÷।


**तो मिलिए भोपाल की इस अनोखी नामावली से** – तारिक़ टाई, जो हमेशा टाई में दिखते थे, तारिक़ चपटे, जिनके गाल खुद गवाही देते हैं, तारिक़ होंठ कटे, जिनके होंठों की कहानी हर गली जानती है, और तारिक़ झबरे, जिनकी आंखें ही उनकी पहचान हैं। आरिफ़ अंडे का नाश्ता शहर भर में मशहूर है, तो आरिफ़ बुलबुल अपने गले से सबको दीवाना बना देते हैं। बाबूलाल 501 नाम की सिगरेट की तरह मशहूर हैं, और सेठ छगनलाल, जिनका सेठपना मोहल्ले में आज भी कायम है। रविंद्र सिंह लखरत, बाबूलाल लठमार, चांदमल हिटलर, मोहन पंचायती, लाला मुल्कराज, सरदारमल लालवानी, नाहर सिंह सूरमा भोपाली, कन्हैयालाल 'बीड़ी' और के. अमीनउद्दीन-301 तो अपनी शान और रसूख़ के लिए पहचाने जाते हैं। अखिलेश अग्रवाल गफूरे और वहीद अग्रवाल की उर्फ़ियतें उनकी दोस्ती और कारोबार की दास्तान सुनाती हैं। हफ़ीज़ पाजामे और चांद कटोरे का नाम सुनते ही भोपाल मुस्कुरा उठता है, वहीं चांद चुड़वे मोहल्ले की कहानियों के नायक हैं। सुरेश 501, अनिल अग्रवाल पटीये, और देवेश सिमहल वकील साहब अपने नाम से ही काफ़ी असरदार हैं। बाबू साहब घोड़े और बाबू साहब नाम की सादगी में गजब की शान है। आलू बड़े, ज़ायकों की दुनिया के हीरो हैं, और लोक सिंह ताल ठेंकू हर बहस में जीत की गारंटी हैं। रईस भूरा, मुन्ने मॉडल ग्राउंड, मुन्ने पेंटर, मुईन क़द्दे और माहिर मदीना - ये नाम जैसे ही कान में पड़ें, पूरा मोहल्ला मुस्करा उठता है। भोपाल की गलियों में लोग नाम से कम और उर्फ़ियत से ज़्यादा जाने जाते हैं। जावेद चपटे और जावेद चिराटे जैसे नामों में मज़ाकिया तंज है, तो बन्ने पहलवान और बन्ने लखेरा में मोहल्ले की दो अलग-अलग शख्सियतें झलकती हैं। कल्लू अट्टे, बाबू भड़भुजे, मुन्ने फुक्की, ईरानी और डूंड जैसे नाम रोज़मर्रा की आदतों, मज़ाक या पेशे से जुड़े हैं। सईद बुल, छुटकटे, वहीद ढेलकी, आरिफ पिस्स, और अनफिट भोपाल की उस खास तासीर को दर्शाते हैं, जहां हर नाम के पीछे एक किस्सा है – हँसी, अपनापन और तंज से भरा। यही भोपाल की असली पहचान है – उर्फ़ियतों में बसी यारी और यादें।

भोपाल की इन मज़ेदार उर्फ़ियतों में वो अपनापन है, जो किसी तक्क्र में नहीं मिलता - सिर्फ मोहल्लों की यादों और बातों में ही जिंदा रहता है।

**भोपाल में हिंदू-मुस्लिम एकता : सांस्कृतिक सह-अस्तित्व की मिसाल :** भोपाल की सांस्कृतिक विरासत की सबसे मजबूत कड़ी उसकी हिंदू-मुस्लिम

**दुआ है कि गंगा-जमुनी तहज़ीब को कभी कोई बुरी नज़र न लगे और इसकी खूबसूरती बनी रहे**

एकता है, जो सिर्फ सामाजिक सौहार्द का प्रतीक नहीं, बल्कि ऐतिहासिक संघर्षों के बीच पनपी सहिष्णुता और साझेदारी की अनूठी मिसाल है। जब देश के अन्य हिस्सों में अंग्रेजों की 'फूट डालो और राज करो' नीति ने सांप्रदायिक तनाव को जन्म दिया, तब भी भोपाल ने अपनी गंगा-जमुनी तहज़ीब को संजोए रखा। हर वर्ग के लोगों ने एक दूसरे से बहुत प्यार मोहब्बत के साथ दिली लगाव रखा। सन 1812 की लड़ाई में हिंदू योद्धाओं जैसे डांगर सिंह, जय सिंह, और अमन सिंह पटेल ने भोपाल की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यहां तक कि युद्ध में महिलाओं ने भी सक्रिय भागीदारी की, यह दिखाते हुए कि भाईचारा केवल धार्मिक स्तर पर नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना के स्तर पर भी जीवित था। भोपाल रियासत के प्रशासन में हर कालखंड में हिंदुओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही। दीवान (प्रधानमंत्री) जैसे उच्च पदों पर लाला घानी राम, लाला फूलानाथ, राजा अवध नारायण जैसे हिंदू अधिकारी रहे। यह समावेशिता केवल औपचारिक नहीं थी – ये अधिकारी नवाबों के विश्वासपात्र भी थे। नवाब क़ुदसिया बेग़म के दरबार में एक हिंदू, एक



मुसलमान और एक ईसाई मंत्री नियुक्त थे – यह उस समय की धार्मिक विविधता के प्रति सम्मान का प्रतीक था।

रियासत के इंजिमाम (शामिल करने) के बाद शरीफ़ शरणार्थियों में (उच्च परिवार के शरणार्थी) सरदार गुरबख्श सिंह भी थे, जिनके बेटे अमरीक सिंह रंजीत होटल चलाते हैं। वे बहू मियाँ के साथ ईद पर नवाब साहब को सलाम करने जाते। एक बार नवाब साहब ने पूछा कि भोपाल कैसा लग रहा है, तो सरदार साहब ने हाथ जोड़कर कहा कि जहाँ गरीब परवर सरकार का साया हो, वहाँ कोई कैसे न खुश हो – यह कहते हुए वे भावुक हो गए।

**धार्मिक सहिष्णुता के उदाहरण :** नवाबों ने हिंदू नागरिकों और जागीरदारों के अधिकारों को बराबरी से सम्मान दिया। नवाब सुल्तान जहां बेग़म ने रंग पंचमी पर रंग और सावन के झूले जैसे हिंदू पर्वों में भाग लिया, और गरीब हिंदुओं के लिए ÷सदाव्रत÷ योजना शुरू की, जिसमें उन्हें भोजन और यात्राओं के लिए सामग्री दी जाती थी। हवा महल की दीवार इसलिए टेढ़ी बनाई गई क्योंकि पास के एक हिंदू नागरिक ने अपनी जमीन बेचने से इनकार किया था – सरकार ने उस निर्णय का सम्मान किया।

भोपाल में न कभी विशुद्ध मुस्लिम मोहल्ले रहे, न विशुद्ध हिंदू – सब एक साथ रहते थे। त्योहार, शादियाँ, दुःख-सुख सब साझे होते थे। इसी समरसता ने उर्दू भाषा के विकास को सहज वातावरण दिया। उर्दू न केवल दरबार की भाषा बनी, बल्कि आम जीवन की भाषा भी, जिसमें दोनों समुदायों ने योगदान दिया। भोपाल का इतिहास केवल एक रियासत की कहानी नहीं, बल्कि यह सांप्रदायिक सौहार्द, धार्मिक सहिष्णुता और सांस्कृतिक सहभागिता का जीवंत दस्तावेज़ है। यह आज के भारत के लिए भी एक प्रेरणा है कि विभिन्न धार्मिक समुदाय कैसे सम्मान, सहयोग और साझा विरासत के आधार पर एक सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं।

**दिनों के नाम पर मोहल्लों के नाम :** भोपाल की दिलचस्प रचनात्मकता इसके मोहल्लों के नामों में भी झलकती है - मंगलवारा, बुधवारा, इतवारा, जुमेराती, पीरगेट - इन मोहल्लों में किसी एक समुदाय की पहचान नहीं बल्कि पूरे शहर की साझी संस्कृति की झलक मिलती है। यही कारण है कि यहाँ के लोग आपदाओं में एक-दूसरे की मदद के लिए सबसे पहले खड़े नजर आते हैं।

शुजा ख़ां का अट्टा भोपाल की उन ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध गलियों में से एक है, जिसकी मिट्टी ने कई नामचीन और असरदार शख़्सियतों को जन्म दिया है। यूँ तो रियासत भोपाल में जुमेराती के काका मियाँ, इब्राहीमपुरा के तब्बू मियाँ और शफ़ीक़ पठान, लक्ष्मी टॉकीज़ के रफ़्फ़ू पहलवान, बुधवारा के डॉक्टर ज़हीरुलइस्लाम, इमामी गेट के हकीम अख़्तर आलम और सर्राफा चौक के मुन्नू लाल जोहरी जैसे कई मशहूर लोग गुज़रे हैं, मगर शुजा ख़ां का अट्टा की अपनी एक अलग ही तारीख़ है। यहाँ की सरज़मीन न केवल ज़रखेज़ रही है, बल्कि इसने समाज, अदब और कारोबार के कई सितारों को भी रौशन किया है। समय के साथ यह इलाका अब एक बड़ा कारोबारी केंद्र बन चुका है, जिसकी वजह से पुराने बाशिंदों के कई ख़ानदान सुकून की तलाश में शहर के अलग-अलग वीआईपी इलाकों में जाकर बस गए हैं। लेकिन इस मोहल्ले की रौनक कभी ज़हूर हाश्मी, शिक्षाविद डॉ. सैय्यद अशफ़ाक अली, खान शाकिर अली खान, शायर अख़्तर सईद ख़ां, नवाब मियाँ 'सिगरेट', मौलाना इमरान ख़ां, अल्लामा खालिद अंसारी, शर्की खालिदी और सालिक भोपाली जैसे रौशन चहरों से जगमगाया करती थी।

**भोपाल का गुटका, बटुआ और नवाबी बटुए :** एक ज़माना था जब भोपाल के गुटके की खासियत हर जगह मशहूर थी। ये वो गुटका नहीं, जो आज की तरह लोगों की जेब में रहता है, बल्कि ड्रायफ्रूट, रंग-बिरंगे मसालों और इत्र की सुगंध से तैयार होता था, जिसे खूबसूरत बटुओं में सजाकर पेश किया जाता था। भोपाल के 'बटुए' नवाबी शान की निशानी थे, और आज भी सर्राफा बाजार की कुछ दुकानों पर यह परंपरा जीवित है।

**भाईचारे की कहानियाँ - रिश्तों की गर्मी :** भोपाल एक ऐसा शहर है जहां किसी एक विशेष समुदाय के मोहल्ले नहीं बल्कि सारे समुदाय समझदारी, भाईचारा और आपसी प्रेम के साथ एक साथ रहते हैं। किसी आपदा-विपदा में एक-दूसरे की मदद करते नजर आते हैं। मैं खुद भोपाल के इतवारा मोहल्ले का निवासी रहा हूँ। हमारे पुश्तैनी मकान के सामने साहू समाज का परिवार रहता था, जो आज भी हमारे दिल के बेहद करीब है। मेरी बहन ने इस परिवार को राखी बाँधी थी। मेरी बारात में ये परिवार हमारे साथ सीहोर तक गया, और जब 1977 में मेरी माताजी का निधन हुआ, तो पहली रसोई इन्हीं के घर से आई। आज भी हमारे सुख-दुख में वही आत्मीयता बरकरार है।

**भोपाल-धर्मनिरपेक्ष पहचान का प्रतीक :** भोपाल के सबसे प्राचीन मंदिरों में से एक, काली माता का मंदिर, छोटे तालाब क्षेत्र में स्थित है और एक ऐतिहासिक धार्मिक स्थल के रूप में जाना जाता है। वहीं एयरपोर्ट क्षेत्र में स्थित मनुआभान की टेकरी पर श्वेतांबर जैन समुदाय का एक प्रसिद्ध मंदिर है। अब इस टेकरी को महावीर गिरी के नाम से भी जाना जाने लगा है, जहां प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। बिड़ला मंदिर भोपाल का श्रद्धा का केंद्र है। चौक स्थित प्राचीन आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, बहुत मशहूर है। इसके साथ ही बिडला मंदिर सहित अनेक मंदिर आस्था के केन्द्र है।

भोपाल में सिख धर्म की उपस्थिति सुदीर्घ और प्रभावशाली रही है, जिसका प्रतीक हैं शहर के तीन प्रमुख ऐतिहासिक गुरुद्वारे - शाजहानाबाद, हमीदिया रोड और इदगाह हिल्स। शाजहानाबाद स्थित गुरुद्वारा नानकसर 19वीं सदी में स्थापित हुआ और आज भी गुरबाणी, संगत और लंगर की परंपराओं को जीवंत रखे हुए है। हमीदिया रोड का गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा शहर का प्रमुख धार्मिक व सामाजिक केंद्र है, जहाँ कीर्तन, शिक्षण शिविर और सामूहिक सेवाएं नियमित रूप से होती हैं। वहीं इदगाह हिल्स स्थित गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार आध्यात्मिक शांति व प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण स्थल है, जहाँ पर्वों पर श्रद्धालु बड़ी संख्या में एकत्र होते हैं। ये तीनों गुरुद्वारे न केवल धार्मिक आस्था के केंद्र हैं, बल्कि सेवा, एकता और सामाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल भी पेश करते हैं।

भोपाल की सबसे पुरानी चर्चें शहर के समृद्ध इतिहास और सांस्कृतिक विविधता का प्रमाण हैं। सेंट फ्रांसिस ऑफ असीसी कैथेड्रल चर्च 150 वर्षों से अधिक पुराना है और नवाब सिकंदरजहां बेगम की अनुमति से ब्रिटिश काल में बना। इसकी वास्तुकला और शांति इसे प्रार्थना का प्रिय स्थल बनाते हैं। सेंट जोसेफ कैथोलिक चर्च एक शांत वातावरण वाला यह चर्च, भोपाल की सबसे पुरानी पूजा स्थलों में से है, जो सामुदायिक कार्यक्रमों और त्योहारों में सक्रिय भूमिका निभाता है। इन्फेंट जीसस चर्च की सुंदर वेदी और क्रिसमस के अवसर पर भव्य सजावट इसे विशेष बनाती है। यह धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र है। इन चर्चों की उपस्थिति भोपाल की सर्वधर्म समभाव की परंपरा को और मज़बूत बनाती है।

**(लेखक जनसंपर्क संचालनालय, म.प्र. शासन, के सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)।**

**भोपाल की सबसे बड़ी खासियत इसकी साझा संस्कृति है। यहाँ तालाब के बीचों-बीच मंदिर, मस्जिद और मजारों का साथ-साथ दिखना आम बात है। यही वह शहर है, जहाँ सबसे बड़ी मस्जिदों में से एक - ताजुल मस्जिद है, तो वहीं विश्व की सबसे छोटी मस्जिद मानी जाने वाली 'ढाई सीढ़ी मस्जिद' भी यहीं स्थित है। भोपाल में उर्दू भाषा का उपयोग लगभग सभी समुदाय के लोग करते हैं। भोपाल की सड़कों पर चलते हुए अगर कोई राहगीर किसी मोहल्ले का पता पूछ ले, तो भोपाली उसे दरवाजे तक छोड़कर आते हैं। यही इसकी तहज़ीब है, यही इसकी पहचान है। भोपाल की एक बात ओर मशहूर है कि जो भी भोपाल आता है यहां के लोग उसे सीने से लगा लेते हैं।**

# इतनी भी आसान नहीं यमुना की सफाई

यमुना की सफाई का मुद्दा बीते विधानसभा चुनाव में इतना उछाला गया था कि वह शिक्षा, सुरक्षा व रोजगार की तरह जनता व सरकार दोनों ने ही गंभीरता से लिया। बताया यह भी जाता है कि यमुना की सफाई का मुद्दा आम आदमी पार्टी की हार का एक मुख्य कारण भी रहा। बीजेपी सरकार ने शपथ भी नहीं ली थी और सबसे पहले यमुना की सफाई शुरू करते ही वहां आरती भी शुरू कर दी। चुनाव के रिजल्ट के अगले दिन ही यमुना की सफाई व आरती करने का वीडियो जारी कर दिया था। बहरहाल, दिल्ली में बीजेपी की सरकार बने लगभग दो महीने हो चुके और सरकार इस मामले को लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रही है। बीते सप्ताह यमुना की सफाई के लिए दिल्ली जल बोर्ड ने ऑपरेशन साहिबी रिवर बोर्ड गठित कर काम भी तुरंत शुरू किया है। अधिकारियों के अनुसार यमुना में जितनी गंदगी है उसकी करीब 50 फीसदी से अधिक नजफगढ़ ड्रेन से आती है। यदि इसे साफ कर दिया जाता है तो यमुना में गंदगी अपने आप कम हो जाएगी। इसलिए नजफगढ़ ड्रेन में जितने भी सब-ड्रेन आकर मिलते हैं उन सभी को ट्रैप करने का प्लान बनाया गया है। पहले चरण में तिमारपुर से पंजाबी बाग के बीच लगभग 10 किलोमीटर लंबे स्ट्रेच में मिलने वाले 23 ड्रेन को ट्रैप किया जाएगा। जैसा कि सरकार बनते ही बीजेपी इस मुद्दे को हल्के में नहीं ले रही वैसे ही विपक्ष भी इस पर हर बार अपनी प्रतिक्रिया देने में पीछे नहीं हट रहा। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बीजेपी की रेखा गुप्ता सरकार को काउंटर करते हुए कहा कि यमुना की सफाई को लेकर किए गए दावे पूरी तरह खोखले साबित हो रहे हैं। यादव ने कहा कि यमुना के 7 मुख्य स्टेशनों से लिए गए पानी के नमूनों की जांच रिपोर्ट में यह पाया गया कि यमुना का पानी न तो पीने योग्य है और न ही नहाने के लायक।



दरअसल, अब केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा कराई गई पानी की गुणवत्ता जांच ने सच्चाई बता दी। रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली के सातों स्थानों पर जल गुणवत्ता बेहद खराब पाई गई है। देखा जाए तो इस समय आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के पास तमाम अन्य मुद्दे भी हैं लेकिन यमुना सफाई पर ही राजनीति केन्द्रित है। समझ में यह आता है कि यमुना सफाई का मुद्दा अहम इसलिए भी है कि यमुना से कई तरह की आस्थाएं जुड़ी हैं। जब भी छठ पर्व आता है तो पूर्वांचली यमुना के कई हिस्सों पर पूजा करते हैं। जब ये लोग वहां स्नान करते थे तो पानी नहाने व आचमन के योग्य नहीं होता था। दिल्ली में रह रहे पूर्वांचली हमेशा इसका विरोध करते रहे लेकिन यदि अब भी स्थिति वैसी रही तो बीजेपी के लिए भी एक नकारात्मक संदेश जा सकता है। उत्तरी पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने पहले से छठ की पूजा के लिए अलग से घाट बनाए थे लेकिन वहां के लोगों का कहना था कि पानी स्वच्छ नहीं था और लोगों में बहुत नाराजगी भी थी लेकिन फिर भी लोगों ने विधानसभा चुनाव में बीजेपी के चोटी के नेताओं पर भरोसा किया और यमुना सफाई के आधार पर वोट दिया।

**योगेश कुमार सोनी**

बीजेपी सरकार ने यमुना की सफाई के लिए 500 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इसमें 250 करोड़ रुपये सीवर ट्रीटमेंट प्लान और 250 करोड़ रुपये वाटर ट्रीटमेंट प्लान पर खर्च करने की बात कही है। यदि वाकई ईमानदारी से इतना बड़ा बजट लग जाए तो निश्चित तौर पर यमुना को लेकर दिल्ली की तस्वीर बदल जाएगी लेकिन यह बात भी तय है कि इसमें समय लगेगा।


इसके अलावा दिल्ली सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती यह भी है कि यमुना खादर में अवैध तरीके से रहे लोगों को हटाकर कहां स्थापित किया जाए? ज्ञात हो कि बीते वर्ष जब दिल्ली में बाढ़ आई थी तो हजारों लोग खादर से निकल कर सड़कों पर आ गए थे और कई जानवर भी मर गए थे जिसको देखकर आम आदमी पार्टी सरकार के हाथ-पांव फूल गए थे। उन सभी लोगों ने कुछ दिन के लिए अपना आशियाना पुल के नीचे हिस्सों पर व सड़कों पर टेंट लगाकर बना लिया था। लेकिन आश्चर्य यह हुआ कि शासन-प्रशासन के अनुसार वहां जितने लोग रह रहे थे, उससे कई अधिक निकले। मानो जैसे पूरी एक कॉलोनी बसा ली हो जिसको लेकर विभाग ने माना कि यह भी यमुना में गंदगी का एक बड़ा कारण है। लेकिन सच्चाई यह है कि जहां यमुना बहती है वहां के आसपास अभी भी हजारों लोग बसे हुए हैं, जिससे हमेशा उनकी जान को खतरा बना रहता है साथ ही गंदगी भी रहती है।

इसके अलावा दिल्ली के तमाम इंडस्ट्रियल इलाके ऐसे हैं जहां से जहरीला पानी निकलता है। लेकिन उनके लिए सरकार के पास फिलहाल कोई योजना नहीं है। इसलिए जितना आसानी से जनता से वादा किया, राह उतनी आसान नहीं है। यमुना की सफाई से जुड़ी कई तरह तकनीकी समस्याएं हैं जिसके निवारण के लिए समय और हाइटैक साधन जरूरी हैं। लेकिन इच्छाशक्ति व गंभीरता से किया हुआ काम नया सवेरा भी ला सकता है।

## प्रेरणा

# धर्म का अर्थ

किसी संत के पास एक युवक आया और उसने उनसे धर्म ज्ञान देने की प्रार्थना की। संत ने कहा कि वह उनके साथ कुछ दिन रहे, फिर वे उसे धर्म का सार बताएंगे। युवक उनके आश्रम में रहने लगा। वह संत की हर बात मानता और उनकी सेवा करता। इस तरह कई दिन बीत गए। उसे समझ में नहीं आ रहा था कि संत उसे धर्म के बारे में कब बताएंगे। वह उनसे धर्म की चर्चा करने के लिए उत्सुक था। वह चाहता था कि उनसे शिक्षा प्राप्त कर घर लौट जाए पर संत कुछ खास कह ही नहीं रहे थे। युवक का धैर्य जवाब दे रहा था। एक दिन उसने पूछ ही दिया-मुझे आए इतने दिन हो गए पर अब तक आपने मुझे धर्म का सार नहीं बताया। आखिर मैं कब तक प्रतीक्षा करूं? संत ने हंसकर कहा-कैसी बात कर रहे हो। तुम जिस दिन से मेरे साथ रह रहे हो उस दिन से मैं तुम्हें धर्म का सार बता रहा हूं। पर तुम ध्यान ही नहीं दे रहे। युवक ने चौंककर कहा-वो कैसे? संत बोले- जब तुम मेरे लिए पानी लाते हो, मैं उसे सदैव प्रेम से स्वीकार करता हूं। तुम्हारे प्रति आभार भी प्रकट करता हूं। जब-जब तुमने मुझे आदरपूर्वक प्रणाम किया, मैंने तुम्हारे साथ नम्रता का व्यवहार किया। यही तो धर्म है जो हमारे दैनंदिन व्यवहार में झलकता है। धर्म कोई पुस्तकीय ज्ञान नहीं है। तुम मेरे और कार्यों पर गौर करो। मैं लोगों से कैसे मिलता हूं और किस तरह उनकी सहायता करता हूं। इससे अलग कुछ भी धर्म नहीं है। युवक संत का आशय समझ गया।



## अपनी बात



कांग्रेस सांसद शशि थरूर भारत के आतंकवाद विरोधी रुख पर सात प्रतिनिधिमंडलों में से एक का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी गई है, यह मेरे लिए सम्मान की बात है, और मैं इस जिम्मेदारी को उसी तरह से पूरा करूंगा, जैसे मैंने अपने लंबे कार्यकाल में मुझे सौंपी गई हर जिम्मेदारी को पूरा किया है, चाहे वह संयुक्त राष्ट्र में हो या कांग्रेस पार्टी में।



लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को पाकिस्तान को तुर्की के समर्थन की आलोचना की और अंकारा से अपने रुख पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में मुस्लिम आबादी पाकिस्तान से कहीं अधिक है। उन्होंने तुर्की को पाकिस्तान का आंख मूंदकर समर्थन करने के खिलाफ चेतावनी दी और उससे आग्रह किया कि वह कोई भी निर्णय लेने से पहले भारत के साथ अपने गहरे ऐतिहासिक संबंधों को पहचाने।



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शशि थरूर का नाम लिए बगैर कहा कि ''कांग्रेस में होने और कांग्रेस के होने में जमीन आसमान का फर्क है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने इस मामले में ईमानदारी नहीं सिर्फ शरारत दिखाई है और वह ध्यान भटकाने का खेल खेल रही है क्योंकि उसका विमर्श 'पंचर' हो गया है।

## ब्रीफ न्यूज

### चार तस्करों से म्याना पुलिस ने पकड़ी 74 लीटर अवैध शराब

**गुना।** जिले की म्याना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ही दिन में चार अलग-अलग स्थानों से अवैध शराब जब्त की है। इन कार्रवाइयों में कुल 74 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। लेकिन सबसे बड़ी सफलता पुलिस को नेगमा के निकट हाथ लगी, जहां 60 लीटर शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी ऊमरी की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि नेगमा भैरोघाटी रोड से हनुमतपुरा गांव की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर एक व्यक्ति भारी मात्रा में शराब लेकर बैठा है। सूचना पर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची। यहां सफेद केनों के साथ बैठे एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया गया, जिसकी पहचान नारायणपुरा निवासी सुखलाल बंजारा के रूप में हुई। उसके पास से दो केनों में कुल 60 लीटर अवैध हाथ भट्टी की बनी शराब मिली, जिसकी कीमत लगभग 6000 आंकी गई। पुलिस ने मौके पर पंचनामा तैयार कर शराब जब्त की और आरोपी को नोटिस देकर छोड़ दिया। इसके अलावा म्याना पुलिस ने ही मिनखखाई पुलिया तिराहा से शनी वाल्मीकि, गाजीपुर पुलिया खोंकर रोड से रनवीर वाल्मीकि एवं देवपुर क्षेत्र में पुलिया के पास देवीलाल बंजारा को 5-5 लीटर अवैध शराब के साथ पकड़ा। पुलिस ने सभी पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

### म्याना पुलिस की दबिश में खेत से पकड़ा गया जुआ, 4 आरोपी धराए

**गुना।** जिले की म्याना थाना पुलिस टीम ने ग्राम तिन्स्याई में खेत पर चल रहे जुए के अड्डे पर दबिश देकर चार आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि घनश्याम कुशवाह के खेत में कुछ लोग ताश के पत्तों से हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने चारों आरोपियों को जुआ खेलते रंगे हाथों दबोच लिया। पकड़े गए जुआरियों में मनोज पुत्र छोटेलाल कुशवाह निवासी तिन्स्याई, मिथुन पुत्र कैलाश कुशवाह निवासी छापर, लक्ष्मण पुत्र सीताराम कुशवाह एवं बालकिशन पुत्र छोटा कुशवाह निवासी छापर शामिल हैं। पुलिस ने मौके से कुल 2100 रुपये नगद और एक ताश की गड्डी बरामद की गई। पुलिस ने जुआरियों पर जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### दुर्घटना में मौत के बाद ड्राइवर के खिलाफ हुआ मामला दर्ज

**गुना।** जिले के चांचौड़ा और धरनावदा थाना क्षेत्रों में हाल ही में दो सड़क हादसों ने एक मौत और एक गंभीर घायल होने का मामला उजागर किया है। चांचौड़ा में हुई दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जिसके बाद पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चांचौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम घास्याखेड़ी निवासी सुनील मीना 26 अप्रैल को शादी से लौट रहे थे। रमड़ी पुलिया के पास, एक सफेद रंग की आर्टिका कार क्रमांक एमपी 09-0952 ने उनकी मोटरसाइकिल को तेज गति से टक्कर मार दी। इस हादसे में सुनील मीना की मौके पर ही मौत हो गई।

### शादी से लौटते वक्त हुआ भीषण ट्रक एक्सीडेंट

# गादेर घाटी में सड़क हादसे ने ली दो युवकों की जान

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के गादेर घाटी क्षेत्र में शुक्रवार रात दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब दोनों युवक एक पारिवारिक शादी समारोह से लौटकर अपने गांव वापस जा रहे थे।

मृतकों की शिनाख्त कान्हा केवट (28) निवासी गणेशपुरा थाना राघौगढ़ और वीरेंद्र केवट (26) निवासी रामपुरा थाना चांचौड़ा के रूप में हुई है। दोनों रिश्ते में मामा-बुआ के लड़के थे और बाइक से घर की ओर लौट रहे थे। घटना रात करीब 9:30 बजे नेशनल हाईवे क्रमांक 46 पर गादेर घाटी के पास हुई, जहां हाईवे का मरम्मत कार्य जारी होने के कारण केवल एक तरफ की ही सड़क चालू है। इसी सकरे मार्ग पर दो ट्रक ओवरटेक करने की कोशिश में आमने-सामने आ गए। इसी दौरान गुना की ओर से आ रही युवकों की बाइक क्रमांक एमपी 08 एमडब्ल्यू 8944 एक ट्रक से टकराकर उसके नीचे जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक ट्रक के पिछले हिस्से में फंस गई और घर्षण से चिंगारी (स्पार्किंग) उत्पन्न हुई, जिससे ट्रक में आग लग गई।





ट्रक क्रमांक एमपी 07 जेड्यू 5196 में आग लगते ही हड़कंप मच गया। ट्रक में लदा सामान जलकर खाक हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान दोनों युवकों के शव बुरी तरह झुलस चुके थे, जिन्हें जिला अस्पताल भिजवाया गया, जहां शनिवार सुबह पोस्टमार्टम किया गया। मृतकों के परिजनों ने बताया कि दोनों युवक गुना शहर में एक पारिवारिक विवाह समारोह में शामिल होने आए थे और देर शाम कार्यक्रम से लौट रहे थे। वे एक ही बाइक पर सवार थे और अपने गांव वापस जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। दोनों की मौत से उनके गांवों में मातम पसरा है।

# जिला अस्पताल में महिला कर्मचारी के साथ अभद्रता

## आरोपी कर्मी पर सख्त कार्रवाई की मांग

सत्ता सुधार ■ गुना

जिला अस्पताल में कार्यरत महिला कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। एक महिला कर्मचारी ने अस्पताल में ही पदस्थ एक पुरुष कर्मी पर लगातार मानसिक उत्पीड़न, अश्लील हरकतें और धमकियों का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अब गुना के पुलिस अधीक्षक से लिखित शिकायत कर सुरक्षा की गुहार लगाई है। पीड़िता के अनुसार, अस्पताल में कार्यरत कर्मचारी मकसूद बेग न केवल बार-बार उसका रास्ता रोकता है, बल्कि अभद्र इशारे करता है और मोबाइल पर अश्लील गाने, फोटो और वीडियो भी भेजता है। महिला कर्मी ने पहले भी इस मामले की शिकायत शहर कोतवाली पुलिस थाने में दर्ज कराई थी, लेकिन कार्रवाई के बजाय मामला अस्पताल प्रबंधन के हवाले कर दिया गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, महिला कर्मी की शिकायत पर जिला अस्पताल के प्रभारी सीएमएचओ डॉ. आर. आर. माथुर ने गत दिवस आरोपी मकसूद बेग को नोटिस और चेतावनी पत्र जारी किया। लेकिन यह कार्रवाई उल्टा असर ले आई। महिला कर्मी के मुताबिक, आरोपी ने इसके बाद धमकी देना शुरू कर दिया कि शिकायत करने से कुछ नहीं होगा, अगर अस्पताल में काम करना है तो मेरी बात माननी होगी। महिला कर्मचारी अनुसूचित जाति वर्ग से आती हैं, इसके बावजूद न तो पुलिस ने कार्रवाई की और न ही अस्पताल प्रबंधन ने ठोस कदम उठाए। इससे साफ संकेत मिलते हैं कि अस्पताल प्रबंधन संवेदनशील मामलों में गंभीर नहीं है। पीड़िता के अनुसार, अब स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि उसे अपने काम पर लौटने में भी डर लगने लगा है। इस पूरे घटनाक्रम पर सीएमएचओ डॉ. वीरेंद्र रघुवंशी ने कहा है कि यदि महिला कर्मचारी दोबारा लिखित शिकायत देती हैं तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। हालात यह दर्शाते हैं कि जिला अस्पताल जैसे संवेदनशील संस्थान में महिला कर्मचारियों की सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाएं बेहद लचर हैं। यदि जल्द कठोर कदम नहीं उठाए गए, तो इससे अन्य महिला कर्मचारियों का मनोबल भी प्रभावित हो सकता है। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग को अब इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए दोषी के खिलाफ उचित धाराओं में कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# भारतीय सेना का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान



## कांग्रेस ने जलाया विजय शाह और जगदीश देवड़ा का पुतला

सत्ता सुधार ■ गुना

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ के नेतृत्व में कांग्रेस ने शनिवार को हनुमान चौराहे पर प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने पुलिस की भारी मौजूदगी और फायर ब्रिगेड की तैनाती के बावजूद सेना और देश को मोदी के चरणों में नतमस्तक बताने वाले मध्यप्रदेश के डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा और सेना की कर्नल को आतंकियों की बहन बताने वाले विजय शाह का पुतला दहन कर दिया। इसके बाद भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्रित होकर शनिवार दोपहर हनुमान चौराहे पर पहुंचे और सेना को लेकर आपत्तिजनक बयान देने वाले मंत्री विजय शाह, डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। कांग्रेस नेताओं के नारेबाजी करते ही पुलिस मौके पर जमा हो गई ताकि देवड़ा और शाह के पुतले को आग लगाने से रोका जा सके। लेकिन कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उत्साह दिखाते हुए पुतले में आग लगा दी और उसे लेकर दौड़ गए। पुलिस जब तक कार्यकर्ता को पकड़ पाती तब तक देवड़ा का पुतला जल चुका था। इसके बाद अपनी कार्रवाई और तत्परता दिखाने का प्रदर्शन करते हुए लगभग राख में बदल चुके पुतले पर पानी डालकर आग बुझाने का दिखावा किया गया। हालांकि प्रदर्शन सफल होने के बाद कांग्रेस नेताओं में जोश और अधिक बढ़ गया। इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ ने डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा और मंत्री विजय शाह को मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि भाजपा के मंत्रियों में हमारी भारतीय सेना और जांबाज सिपाहियों का अपमान करने की होड़ मची हुई है। विजय शाह और डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने सेना के खिलाफ अर्नगल बातें कही हैं, इसलिए उनपर तुरंत कार्रवाई करते हुए, उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिये। इस अवसर पर अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## फतेहगढ़ में बारात के दौरान नाच-गाने में बवाल, दो पक्षों में भिड़ंत, क्रॉस मामला दर्ज

**गुना।** जिले के फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बीलखेड़ा में गत रात को एक बारात में उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब नाच-गाने के दौरान दो पक्ष आमने-सामने आ गए और विवाद मारपीट में बदल गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने क्रॉस केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, फरियादी ब्रजेश जाटव निवासी बीलखेड़ा ने थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि रात करीब 12:15 बजे ग्राम झिरी से आई नैमीचंद की बारात गांव में आई हुई थी। इस दौरान नाच चल रहा था, तभी झिरी निवासी करन और तोफान ने उसके चाचा के बेटे भोला से विवाद कर लिया। जब ब्रजेश ने बीच-बचाव किया तो दोनों आरोपियों ने उसे गालियां दीं और डंडे से हमला कर घायल कर दिया। मारपीट में उसके सिर और हाथ में चोटें आईं। वहीं दूसरी ओर, फरियादी तोफान सिंह निवासी झिरी मूल निवासी डिंडिया, उज्जैन ने भी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि बारात में वह और उसके परिजन इनाम बांट रहे थे, तभी बीलखेड़ा के भोला और बाबू के लड़के ने उनसे जबरन इनाम मांगा और मना करने पर गालियां देकर मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान करन को भी सरिया से सिर पर चोट पहुंचाई गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर धाराओं के तहत क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है और जांच प्रारंभ कर दी है। घायल पक्षों का मेडिकल परीक्षण कराकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# संजय स्टेडियम स्थित दुकान में अज्ञात चोरों ने ताले तोड़कर की सेंधमारी

## नकदी सहित शोकर्स चोरी

सत्ता सुधार ■ गुना

शहर के संजय स्टेडियम स्थित दुकानों में बीती रात एक बार फिर चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने राजस्थान शॉकर नामक दुकान का ताला तोड़कर उसमें रखे हजारों रुपये की नकदी सहित शॉकर का कीमती सामान चोरी कर लिया। बताया जा रहा है कि इसी स्टेडियम परिसर में बीते आठ दिनों से लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं, जिससे व्यापारियों में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, कर्नलगंज निवासी सोहिल राईन पुत्र शाकिर राईन की संजय स्टेडियम में राजस्थान शॉकर के नाम से दुकान है। पीड़ित ने बताया कि गत दिवस सुबह करीब 7 बजे आसपास के लोगों ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि उनकी दुकान का आधा शटर खुला हुआ है। जब वह मौके पर पहुंचे तो दुकान की स्थिति देख दंग रह गए। आधा शटर ऊपर उठा हुआ था, गल्ला खुला पड़ा था और दुकान से कई नए व पुराने शॉकर गायब थे।



सोहिल राईन ने बताया कि गल्ले में करीब 5000 से 6000 रुपये की नकदी रखी थी, जो पूरी तरह से गायब है। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी और दुकान की स्थिति का वीडियो भी बनाया, जो उनके पास सुरक्षित है। पीड़ित ने थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही बताया कि पिछले आठ दिनों में इस स्टेडियम परिसर में लगातार चोरियां हो रही हैं, लेकिन अब तक किसी भी घटना का खुलासा नहीं हो सका है। स्थानीय व्यापारियों ने पुलिस से अपील की है कि परिसर में पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए, सीसीटीवी कैमरों की संख्या में वृद्धि की जाए और आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## एक की मौत, एक अज्ञात शव मिला

**गुना।** जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। एक ओर बमोरी के ग्राम कुड़ी में छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए युवक की इंदौर ले जाते समय मौत हो गई, वहीं दूसरी ओर विजयपुर थाना क्षेत्र में एक अज्ञात शव मिलने से सनसनी फैल गई। पहली घटना बमोरी क्षेत्र के ग्राम कुड़ी की है, जहां 14 मई की शाम 42 वर्षीय महेश पुत्र अमोला सहरिया घर की छत पर बिस्तर लगाने के बाद नीचे उतरते समय अचानक संतुलन बिगड़ने से गिर पड़ा। बताया गया है कि वह सीधे नीचे पड़े पत्थरों पर गिरा, जिससे उसकी रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट आई। घायलावस्था में उसे तत्काल जिला अस्पताल गुना लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को गंभीर मानते हुए इंदौर रेफर कर दिया गया। लेकिन दुर्भाग्यवश रास्ते में ही उसकी सांसें थम गईं। गत सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया, जिससे पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई।

# आधी गुजरी मई, लेकिन अभी भी बदला-बदला नजर आ रहा मौसम, दिन में तेज लू तो शाम को छाए बादल

### आरोन-बमोरी में झमाझम बारिश, गुना में उमस व बिजली की आंख-मिचौली से लोग परेशान

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले में मई का महीना आधा से ज्यादा बीतने को है, लेकिन मौसम का मिजाज अब तक स्थिर नहीं हो सका है। दिन में जहां तेज धूप और लू से आमजन बेहाल रहे, वहीं शाम होते-होते आसमान में अचानक बादल मंडराने लगे और कुछ इलाकों में झमाझम बारिश ने गर्मी से थोड़ी राहत जरूर दी। गुना शहर में शनिवार को अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो तेज लू और उमस का कारण बना रहा। न्यूनतम तापमान 28.8 डिग्री रहा। शहर में दोपहर के समय धूप इतनी तीखी रही कि सड़कों पर सन्नाटा छा गया। लोग जरूरी कामों के अलावा घर से बाहर नहीं निकले। वहीं गर्मी के बीच बिजली की आंख-मिचौली ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी। शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात शहर के कई हिस्सों में बार-बार बिजली गुल होती रही, जिससे पंखों-कूलरों की रफ्तार थम गई और लोग गर्मी में रात भर परेशान होते रहे। शाम को करीब 4 बजे के बाद मौसम ने करवट ली और आसमान में बादलों का डेरा हो गया। हल्की हवाएं भी चलीं जिससे उमस के बीच कुछ राहत महसूस हुई। इस दौरान जिले के आरोन, बमोरी, म्याना व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में घंटों तक जोरदार बारिश हुई। बारिश से इन क्षेत्रों की सड़कों पर पानी बह निकला और नालों में उफान की स्थिति बनी। मौसम विभाग के अनुसार सुबह की आर्द्रता 46 प्रतिशत और शाम की आर्द्रता 36 प्रतिशत दर्ज की गई, जो यह दर्शाता है कि वातावरण में नमी लगातार बनी हुई है। शनिवार को 0.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई, जो आगामी दिनों में मौसम के और करवट लेने की संभावना का संकेत दे रही है। फिलहाल मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों में भी तेज गर्मी और छिटपुट बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है।



### सेना के पराक्रम को किया नमन, भारत माता की आरती के साथ हुआ यात्रा का समापन

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के सम्मान में गुना में निकली ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा

सत्ता सुधार ■ गुना

भारतीय सेना की बहादुरी और हाल ही में सम्पन्न हुए ऑपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व सफलता को सम्मानित करने के उद्देश्य से शनिवार को गुना शहर में एक भव्य और ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक संगठन के बैनर तले आयोजित यह यात्रा न केवल वीर सैनिकों के सम्मान में निकाली गई, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता, कृतज्ञता और जनसहभागिता का अद्वितीय उदाहरण भी बनी। तिरंगा यात्रा का आरंभ शनिवार शाम 5 बजे शास्त्री पार्क गुना से हुआ। यह यात्रा लक्ष्मीगंज, बापू पार्क, सुगन चौराहा, सदर बाजार, नीचला बाजार, रपटा, हाट रोड होते हुए हनुमान चौराहा पर पहुंची, जहां भारत माता की आरती के साथ इसका समापन हुआ। पूरे मार्ग पर यात्रा का स्वागत फूल वर्षा और भारत माता की जयघोष के साथ किया गया।





### सेना के सम्मान में एकजुट हुआ समाज

इस आयोजन को सफल बनाने में सर्व समाज गुना सहित विभिन्न संगठनों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। यात्रा के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी सेना के प्रति कृतज्ञता और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। हमें गर्व है कि ऑपरेशन सिंदूर जैसी वीरतापूर्ण कार्रवाई में हमारे सैनिकों ने दुश्मनों को करारा जवाब दिया। यात्रा में भारत माता की आकर्षक झांकी, बग्घी, घोड़े, डीजे और बैंड के साथ देशभक्ति गीतों की गूंज रही। लोगों ने हाथों में तिरंगा थामे यात्रा में भाग लेकर भारत माता और भारतीय सेना के प्रति अपनी आस्था और सम्मान प्रकट किया। यह तिरंगा यात्रा गुना शहर के इतिहास में न केवल देशभक्ति की मिसाल बनी, बल्कि यह संदेश भी दे गई कि जब बात देश की आन-बान-शान की हो, तो समाज एकजुट होकर सेना के पीछे खड़ा रहता है।

यात्रा में बड़ी संख्या में आम नागरिक, महिला संगठन, धार्मिक संगठन, पूर्व सैनिक, सामाजिक कार्यकर्ता, पेंशनर्स, अधिकारी-कर्मचारी व जनप्रतिनिधि शामिल हुए। यात्रा का आयोजन भारतीय सेना के पराक्रम के प्रति आभार प्रकट करने के साथ-साथ युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से किया गया।

# रेलवे स्टेशन और ट्रेन में यात्रियों के सामान और मोबाइल की चोरी, पुलिस ने दर्ज किए प्रकरण

**गुना।** जिले के गुना रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में यात्रियों के साथ चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। हाल ही में दो अलग-अलग यात्रियों ने जीआरपी थाना गुना में बैग और मोबाइल चोरी की शिकायतें दर्ज कराई हैं, जिनमें पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पहली घटना उज्जैन एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे मुरैना जिले के आर्यन सिंह तोमर के साथ हुई। फरियादी ने बताया कि वह लक्ष्मीबाई नगर से ग्वालियर की यात्रा कर रहा था और कोच एस/1 की बर्थ क्रमांक 76 पर सवार था। गुना स्टेशन आने से पहले वह फ्रेश होने के लिए गया और वापस लौटने पर देखा कि उसका पिट्ठू बैग गायब था। बैग में उसके मूल दस्तावेज जैसे 10वीं, 12वीं, बीएससी की मार्कशीट, एयरफोर्स व सेना के दस्तावेज, आधार, पैन कार्ड, एटीएम, पर्स और 4000 नकद रखे थे। फरियादी को शक है कि गुना स्टेशन से पहले चढ़े एक युवक ने ही चोरी की है। वहीं दूसरी घटना में गुना के ही निवासी केशवनंदन आर्य ने जीआरपी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह गत दिवस नागदा-बीना पैसेंजर ट्रेन से चांचौड़ा से गुना यात्रा कर रहे थे।



# मधुमेह से छुटकारे के लिए पीजिए रेड वाइन

**अब विज्ञान को शुक्रिया कहें और देखें कैसे डायबिटीज़ और रेड वाइन एक दूसरे से सौहार्दपूर्ण सम्बन्धों से जुड़े हुए हैं। हाल में हुए एक शोध से पता चला है कि रेड वाइन में प्राकृतिक रूप से बना हुआ अणु रेसवेरा्ट्राल पाया जाता है, जो डायबिटीज़ के दबाव को कम करता है।**

अल्कोहल के सेवन को लेकर एक कानूनी चेतावनी यह है कि अल्कोहल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, इस चेतावनी को सुनकर मुश्किल से लोग अल्कोहल से दूर हो सकता है। आगे पढ़कर आपको रेड वाइन के सेवन का एक मान्य बहाना मिल सकता है। अब विज्ञान को शुक्रिया कहें और देखें कैसे डायबिटीज़ और रेड वाइन एक दूसरे से सौहार्दपूर्ण सम्बन्धों से जुड़े हुए हैं। हाल में हुए एक शोध से पता चला है कि रेड वाइन में प्राकृतिक रूप से बना हुआ अणु रेसवेराट्राल पाया जाता है, जो डायबिटीज़ के दबाव को कम करता है।



## शोधों के परिणाम

जब चूहों के दिमाग पर सीधा रेसवेराट्राल का इन्जेक्शन दिया गया तो ऐसा पाया गया कि अधिक वसा युक्त आहार लेने के बाद भी उनमें इन्सुलिन का स्तर कम हुआ। शोधों से ऐसा भी पता चला कि जब रेसवेराट्राल सीधा कुछ विशेष तरीके के प्रोटीन को प्रभावित करता है तो इससे डायबिटीज़ से सुरक्षा हो सकती है। पुराने शोधों से ऐसा पता चला है, जब टाइप टू डायबिटीज़ से प्रभावित जानवरों को रेसवेराट्राल दिया जाता है तो यह एण्टी डायबिटिक क्रिया करता है। हालांकि शरीर के उस खास टिष्यूज़ का पता नहीं चल पाया है जो ऐसे प्रभाव दर्षाते हैं।

## रेड वाइन का प्रभाव

हमारा दिमाग रेसवेराटाल की एण्टी डायबिटिक क्रिया में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और यह शरीर में आहार और वज़न को भी नियंत्रित करता है। शोध के लिये लिए गये चूहे के शरीर में बहुत अधिक मात्रा में वसा थी और उसके शरीर के बहुत से अंग सूज गये थे। लेकिन जब उसके दिमाग में रेसवेराटाल दिया गया तो उसके दिमाग की सूजन भी कम हुई।

लेकिन इन शोधों से यह सिद्ध नहीं होता कि लाल अंगूर से निर्मित उत्पादों के सेवन से डायबिटीज़ कम होता है और इसका मुख्य कारण यह है कि रेसवेराटाल आसानी से दिमाग में रक्त की बाधा को नहीं पार कर सकता। दिमाग में रेसवेराटाल की सही मात्रा के लिये प्रतिदिन लिया जाने वाला रेड वाइन लीवर पर हानिकारक प्रभाव डाल सकता है। लेकिन शोधों से ऐसा भी पता चला है कि रेसवेराटाल के दिमाग पर होने वाले प्रभावों से आहार से होने वाले डायबिटीज़ से बचा जा सकता है। इस अध्ययन के लिए शोधकर्ताओं ने यह पता लगाने की कोशिश की, रेसवेराटाल सिर्फ दिमाग पर किस प्रकार से प्रभाव डालता है। विशेषत: उन्होंने यह पता लगाने की कोशिश की है कि रेसवेराटाल का इन्जेक्शन लगाने से दिमाग के प्रोटीन सरटुइन क्रियाशील होते हैं या नहीं जो कि पूरे शरीर में होते हैं। रेसवेराटाल का इन्जेक्शन लगाने से दिमाग के प्रोटीन जो कि पूरे शरीर में होते हैं, सरटुइन क्रियाशील होते हैं या नहीं। प्रोटीन सरटुइन के शरीर की कैलोरीज़ पर लाभकारी प्रभाव होते हैं। जानवरों की एक श्रेणी में शोधकर्ताओं ने रेसवेराटाल का इन्जेक्षन सीधा दिमाग में लगाया और दूसरे ग्रुप को सैलाइन बेस्ड प्लेसबो दिया गया। सर्जरी से की गयी चिकित्सा वाले सभी जानवरों में सर्जरी के पहले और बाद में अधिक मात्रा में वसा अवषोशित की गयी। वो जानवर जिन्हें रोज़ का प्लेसबो सल्यूषन दिया गया ,उनके इन्सुलिन का स्तर पोस्ट सर्जरी भी सामान्य रहा क्योंकि जानवर को अधिक मात्रा में वसा ना देने से उनकी इन्सुलिन सेंसिटिविटी कम होती जा रही थी। चूहों को जब रेस्वेराट्राल दिया गया तो उन्हें अधिक वसा युक्त आहार देने के बाद भी उनके इन्सुलिन का स्तर सामान्य रहा। शोधकर्ताओं ने ऐसा भी पाया कि रेस्वेराट्राल दिमाग में सरटुइन प्रोटीन भी बनाता है।

इसका दूसरा फायदा यह है, कि वाइन में मौजूद पालीफिनालिक्स शरीर के दूसरे भागों को हाई ब्लड प्रेशर और हार्ट डिज़ीज़ जैसी दूसरी समस्याओं से बचाता है। डायबिटीज़ जैसी बीमारी में पूरे शरीर पर तनाव पड़ता है जिससे फ्री रेडिकल्स आक्सीज़न से क्रिया करते हैं और सेल की क्रिया को प्रभावित करते हैं। रेड वाइन में एण्टीआक्सिडेंट्स होते हैं जिनके स्वास्थ्य से सम्बन्धी फायदे भी हैं और इसके फायदे हार्ट डिज़ीज ,हाई ब्लड प्रेशर और कैंसर जैसी बीमारी में भी हैं। वाइन के साथ खाना बनाने से आहार का स्वाद बढ़ जाता है और शरीर में वसा की मात्रा भी नहीं बढ़ती। ऐसे में खाना पकाते समय 60 से 95 प्रतिशत अल्कोहल का इस्तेमाल होता है और इसके लाभकारी तत्व बढ़ जाते हैं। जानवरों पर हुए शोध के अनुसार रेसवेराटाल के लिए आपको अधिक मात्रा में वाइन लेना पड़ेगा। अगर आप रेड वाइन में खाना बना रहे हैं तो आप रेसवेराटाल की थोड़ी सी भी मात्रा ले सकते हैं। हालांकि रेसवेराटाल पर ताप का कोई प्रभाव नहीं होता इसलिए इसे गरम किया जा सकता है।

आक्सीजन और रोशनी दोनों से ही प्रभावित होता है इसलिए रेड वाइन की बोतल को अधिक समय तक खुली नहीं छोड़ना चाहिए। अपने पार्टनर के साथ रेड वाइन लें और जीवन का आनन्द लें। एक गिलास रेड वाइन लें और डाक्टर को दूर भगायें।

# ऐसा होता है हरी ताजी सब्जियों का मैजिक

हरी सब्जियों को अपने डाइट प्लान में शामिल करना आपकी तरफ से किसी भी आने वाली बीमारी का मुंहतोड़ जवाब हो सकता है। हारवर्ड यूनिवर्सिटी के एक शोध में इस बात का जिक्र किया गया है कि जो महिलाएं अपने खान–पान में अधिक मात्र में आयरन लेती हैं, उनकी प्रजनन क्षमता बढ़ती है। हरी पत्तेदार सब्जियों में मौजूद ओमेगा–3 फैटी एसिड हार्ट डिजीज में फायदेमंद होता है। इनमें विटामिन के भी होता है, जो ब्लड क्लोटिंग में मदद करता है। सब्जियों में मौजूद विटामिन डी और ई मैनोपोज की अवस्था की महिलाओं के लिए बेहद जरूरी होता है।

**हारवर्ड यूनिवर्सिटी के एक शोध में इस बात का जिक्र किया गया है कि जो महिलाएं अपने खान-पान में अधिक मात्र में आयरन लेती हैं, उनकी प्रजनन क्षमता बढ़ती है। हरी पत्तेदार सब्जियों में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड हार्ट डिजीज में फायदेमंद होता है। इनमें विटामिन के भी होता है, जो ब्लड क्लोटिंग में मदद करता है।**



## कैंसर में फायदेमंद बंदगोभी

बंद गोभी में टारट्रोनिक अम्ल होता है, जो शक्कर और कार्बोहाइड्रेट को वसा में बदल देता है। यही वजह है कि वजन कम करने में यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कैंसर के रोगियों के लिए भी यह काफी फायदेमंद है। सुबह खाली पेट बंदगोभी का आधा कप रस पीने से प्रारंभिक अवस्था का कैंसर ठीक हो जाता है। डायटीशियन सुनीता राय चौधरी का कहना है कि इसमें पाए जाने वाले एंजाइम इतने लाभकारी होते हैं कि मैनोपोज के समय ये हार्मोन का काम करते हैं। दांतों की सड़न, पायरिया, अल्सर, असमय बुढ़ापा, कब्ज, पथरी, कोलाइटिस जैसी बीमारियों में भी ये फायदेमंद साबित होते हैं।

## मैमोरी व खून बढ़ाए पालक

30 से 40 ग्राम ताजे पालक का रस रोज पीने से आपकी मैमोरी बढ़ती है। इसमें आयोडीन होने की वजह से यह दिमागी थकान से भी छुटकारा दिलाता है। हरी पत्तेदार सब्जियों से हमें आयरन तब तक नहीं मिलता, जब तक कि हम इन्हें विटामिन सी के साथ नहीं लेते, मसलन टमाटर, नींबू आदि के साथ। इसलिए पालक जैसी हरी पत्तेदार सब्जियों को आप टमाटर के साथ खाएं। गर्भवती महिलाओं के लिए यह बहुत फायदेमंद है। लेकिन इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि पालक जैसी सब्जी को पनीर जैसे मिल्क प्रोडक्ट के साथ नहीं बनाना चाहिए। पालक आंतों को क्रियाशील बनाता है, यही वजह है कि लीवर से संबंधित रोगों में भी यह फायदेमंद है।


# तुलसी : घरेलू पवित्र औषधि

**जो व्यक्ति प्रतिदिन तुलसी की मात्र 5 पत्तियाँ खाता है, वह कई बीमारियों से बच सकता है। प्रातःकाल खाली पेट 2-3 चम्मच तुलसी के रस का सेवन करें तो शारीरिक बल एवं स्मरण शक्ति में वृद्धि के साथ-साथ आपका व्यक्तित्व भी प्रभावशाली होगा।**

- यदि तुलसी की 11 पत्तियों का 4 खड़ी कालीमिर्च के साथ सेवन किया जाए तो मलेरिया एवं मियादी बुखार ठीक किए जा सकते हैं।
- तुलसी रक्त में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा नियंत्रित करने की क्षमता रखती है। शरीर के वजन को नियंत्रित रखने हेतु भी तुलसी अत्यंत गुणकारी है।
- इसके नियमित सेवन से भारी व्यक्ति का वजन घटता है एवं पतले व्यक्ति का वजन बढ़ता है यानी तुलसी शरीर का वजन आनुपातिक रूप से नियंत्रित करती है।
- तुलसी के रस की कुछ बूँदों में थोड़ा–सा नमक मिलाकर बेहोश व्यक्ति की नाक में डालने से उसे शीघ्र होश आ जाता है।



- चाय बनाते समय तुलसी के कुछ पत्ते साथ में उबाल लिए जाएँ तो सर्दी, बुखार व मांसपेशियों के दर्द में राहत मिलती है। 10 ग्राम तुलसी के रस को 5 ग्राम शहद के साथ सेवन करने से हिचकी एवं अस्थमा के रोगी को ठीक किया जा सकता है।
- तुलसी के काढ़े में थोड़ा–सा सेंधा नमक एवं पीसी सौंठ मिलाकर सेवन करने से कब्ज दूर होती है।
- दोपहर भोजन के पश्चात तुलसी की पत्तियाँ चबाने से पाचन शक्ति मजबूत होती है।
- 10 ग्राम तुलसी के रस के साथ 5 ग्राम शहद एवं 5 ग्राम पिसी कालीमिर्च का सेवन करने से पाचन शक्ति की कमजोरी समाप्त हो जाती है।
- दूषित पानी में तुलसी की कुछ ताजी पत्तियाँ डालने से पानी का शुद्धिकरण किया जा सकता है।
- रोजाना सुबह पानी के साथ तुलसी की 5 पत्तियाँ निगलने से कई प्रकार की संक्रामक बीमारियों एवं दिमाग की कमजोरी से बचा जा सकता है। इससे स्मरण शक्ति को भी मजबूत किया जा सकता है।
- 4–5 भुने हुए लौंग के साथ तुलसी की पत्ती चूसने से सभी प्रकार की खाँसी से मुक्ति पाई जा सकती है।
- तुलसी के रस में खड़ी शक्कर मिलाकर पीने से सीने के दर्द एवं खाँसी से मुक्ति पाई जा सकती है।



# पाँच मसाले, सेहत के रखवाले



**प्रकृति ने हमें अनेक बहुमूल्य जड़ी-बूटियाँ एवं मसाले उत्तम स्वास्थ्य के लिए उपहार में दिए हैं। मसालों को सामान्यतया स्वास्थ्यवर्धक एवं पाचक माना जाता है। अतः मसालों एवं जड़ी-बूटियों का एक फर्स्ट एड बॉक्स बनाकर हम घरेलू उपचार में प्रयोग कर सकते हैं। ठीक वैसे ही जैसे हमारी दादी-नानी करती हैं।**





## हल्दी

आयुर्वेद के अनुसार हल्दी ऊष्ण, सौंदर्य बढ़ाने वाली, रक्तशोधक, कफ वात नाशक आदि होती है। सर्दी–खाँसी में गरम पानी से हल्दी की फँकी देने से आराम मिलता है तथा बलगम भी निकल जाता है। हल्दी एंटीबायटिक का काम भी करती है। इसे फेस पैक के रूप में बेसन के साथ लगाने से त्वचा में निखार आता है।

## अदरक

यह पाचक है। पेट में कब्ज, गैस बनना, वमन, खाँसी, कफ, जुखाम आदि में इसे काम में लाया जाता है। अदरक का रस और शहद मिलाकर चाटते रहने से दमे में आराम मिलता है, साथ ही भूख भी बढ़ती है। यह पाचन ठीक करता है। नीबू–नमक से बना सूखा अदरक आप यात्रा में साथ रख सकते हैं।



## मैथीदाना

मैथीदाना खून को पतला करता है, मल को बाँधता है। मधुमेह रोगी के लिए मैथीदाना रामबाण औषधि है। नित्य खाली पेट एक टी स्पून मैथी दाने का चूर्ण या आखा मैथी दाना पानी के साथ लेने से कब्ज व घुटने के दर्द में आराम मिलता है। साथ ही यह शरीर की अतिरिक्त चर्बी छाँटने में भी कारगर है। सर्दियों में यह बेहद फायदा करता है।

## जीरा

जीरा पाचक और सुगंधित है। खाने में अरुचि, पेट फूलना, अपच आदि को दूर करता है। जीरा, अजवाइन पीसकर थोड़ा सा सेंधा नमक डालकर भोजन के बाद लेने से पाचन ठीक रहता है। उल्टी की शिकायत भी बंद हो जाती है। जीरा कृमिनाशक एवं ज्वर निवारक भी है।

## सौंफ

सौंफ शीतल प्रकृति की औषधि है। भोजन के बाद मुखशुद्धि में इसका प्रयोग होता है। गर्मी में ठंडाई में डाली जाती है। भूनी हुई सौंफ और मिश्री समान मात्रा में पीसकर हर दो घंटे बाद ठंडे पानी के साथ फँकी लेने से मरोड़दार दस्त, आँव और पेचिश में लाभ होता है। यह कब्ज को दूर करती है। बादाम, सौंफ और मिश्री तीनों बराबर भागों में लेकर पीसकर भर दें ।



# एकता कपूर के वीडियो ने फैंस में मचाई हलचल

हाल ही में टीवी और फिल्म इंडस्ट्री की क्वीन एकता कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अलग-अलग मूड्स में नजर आ रही हैं। इस वीडियो के बैकग्राउंड में क्योंकि सास भी कभी बहू थी का आइकॉनिक ट्यून सुनाई दे रहा था, जिससे एकता ने शो से जुड़ी कुछ नई बातें शेयर करने का हिंट दिया। उनके इस वीडियो ने फैंस में भारी एक्साइटमेंट पैदा कर दिया है, और लोग इस बात का अनुमान लगा रहे हैं कि शायद एकता कपूर इस शो को फिर से लेकर कुछ नया करने वाली हैं। इसके अलावा, एकता कपूर को हाल ही में 5 1वें इंटरनेशनल एम्मी अवार्ड्स में इंटरनेशनल एम्मी डायरेक्टरेट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, उन्हें भारत सरकार द्वारा कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए चौथे सबसे बड़े नागरिक सम्मान, पद्म श्री से भी नवाजा गया है। एकता कपूर की यह सफलता साबित करती है कि उनका प्रभाव हर प्लेटफॉर्म पर बना हुआ है। हाल ही में एकता ने मुंबई में वेव्स समिट 2025 में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जहां उन्होंने मध्य प्रदेश की फिल्म टूरिज्म पॉलिसी 2025 लॉन्च की। इस समिट में उन्होंने मध्य प्रदेश की फिल्म इंडस्ट्री की संभावनाओं और वहां की खूबसूरत लोकेशंस को बढ़ावा देने की बात की। साथ ही, उन्होंने इस पहल के लिए वित्तीय मदद की जरूरत का भी जिक्र किया। एकता कपूर ने इस पहल के जरिए अपनी क्रिएटिविटी और दूरदृष्टि का एक और बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। बता दें कि एकता कपूर हमेशा अपनी नई और क्रिएटिव अप्रोच से चर्चा में रहती हैं। उन्होंने न सिर्फ टीवी शोज में बदलाव किए हैं, बल्कि ओटीटी और फिल्म्स में भी अपनी पकड़ मजबूत बनाई है। उनका सबसे प्रसिद्ध और यादगार शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी आज भी भारतीय टेलीविजन का लीजेंडरी शो माना जाता है। इस शो के जरिए एकता कपूर ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई थी, और दर्शकों बाद भी यह शो भारतीय टेलीविजन की यादों में बसा हुआ है।

# 'हाउसफुल 5' के नए गाने का जादू, 'दिल ए नादान' में मस्ती और ठुमकों का संगम

फिल्म 'हाउसफुल 5' का एक और गाना 'दिल ए नादान' रिलीज हो चुका है। गाने में स्टार्स के शानदार मूव्स ने फैंस का दिल जीत लिया है। गाने को नरगिस फाखरी, सोनम बाजवा, जैकलीन फर्नांडिस, अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन और रितेश देशमुख पर फिल्माया गया है। गाना पार्टी थीम पर आधारित है, इसमें डांस के साथ-साथ मस्ती का भी तड़का है।

यह गाना टी-सीरीज के यूट्यूब और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है।

इस गाने को मधुबंती बागची और सुमंतो मुखर्जी ने मिलकर गाया है। वहीं बोल कुमार ने लिखे हैं। इसके अलावा, कोरियोग्राफ आदिल शेख ने किया है। गाने को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। यह गाना फिल्म का दूसरा म्यूजिक ट्रैक है, इससे पहले फिल्म का 'लाल परी' गाना रिलीज किया गया था। इस गाने को सिमर कौर और यो यो हनी सिंह ने गाया, जबकि कोरियोग्राफ रेमो डिसूजा ने किया। गाने में हनी सिंह और अक्षय कुमार की जोड़ी फिर से साथ देखने को मिली। इससे पहले ये दोनों कई हिट गानों में काम कर चुके हैं, जिसमें 'पार्टी ऑल नाइट', 'कुड़ी चमकीली', 'बॉस' जैसे गाने शामिल हैं। गाने में सभी कलाकार रूफ पर नाचते-उछलते देखे जा सकते हैं। इसमें पूरा स्टारकास्ट नजर आ रहा है। संजय दत्त, जैकी श्रॉफ और अक्षय कुमार भी एक फ्रेम में देखे जा सकते हैं।

फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा, चंकी पांडे, जॉनी लीवर, सौंदर्या शर्मा, चित्रांगदा सिंह, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, जैकलीन फर्नांडिस, सोनम बाजवा, नरगिस फाखरी, फरदीन खान, श्रेयस तलपड़े, डीनो मोरिया, निकितेन धीर, रंजीत, जैकी श्रॉफ, संजय दत्त और नाना पाटेकर लीड रोल में नजर आएंगे। अक्षय कुमार और रितेश देशमुख शुरू से ही इस फेंचाइजी का हिस्सा रहे हैं। बाकी कलाकार बाद में जुड़ते गए।

'हाउसफुल' फेंचाइजी की पहली कॉमेडी फिल्म साल 2010 में आई थी। दो साल बाद 'हाउसफुल 2' आई। इन दोनों फिल्मों को साजिद खान ने डायरेक्ट किया था। 2016 में 'हाउसफुल 3' रिलीज हुई, जिसे साजिद और फरहाद ने निर्देशित किया। 2019 में 'हाउसफुल 4' पर्दे पर रिलीज हुई। इसे फरहाद सामजी ने डायरेक्ट किया। अब 'हाउसफुल 5' का निर्देशन तरुण मनसुखानी कर रहे हैं। वहीं साजिद नाडियाडवाला इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं।





# मैं अभी शुरुआती दौर में हूं: पलक तिवारी

हाल ही में अभिनेत्री पलक तिवारी ने अपनी मां और टीवी की जानी-मानी अदाकारा श्वेता तिवारी से बार-बार की जाने वाली तुलना पर खुलकर बात की। 'किसी का भाई किसी की जान' और 'द भूतनी' जैसी फिल्मों में नजर आ चुकीं पलक का मानना है कि वह अभी करियर की शुरुआत में हैं, ऐसे में उनकी तुलना अपनी मां जैसी अनुभवी और सफल अभिनेत्री से करना सही नहीं है। पलक ने कहा कि वह अपनी मां को रोल मॉडल मानती हैं और चाहती हैं कि उनके जैसी ही शालीनता और आत्मविश्वास के साथ खुद को दर्शकों के सामने पेश करें। उन्होंने साफ शब्दों में कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं इस पर चुप रहना ही बेहतर समझती हूं और मां पर ही छोड़ देती हूं। उन्होंने जो कुछ भी हासिल किया है, उसके बाद उनकी तुलना आधी उम्र के किसी व्यक्ति से करना सही नहीं है। मुझे नहीं लगता कि मैं उनकी तरह दिखती हूं, लेकिन मेरा सपना है कि एक दिन मैं भी उनके जैसी बनूं। 'बिजली-बिजली गर्ल' के नाम से मशहूर पलक ने यह भी बताया कि यदि वह दर्शकों से अपनी मां जितना जुड़ाव बना सकीं, तो वह खुद को सफल मानेंगी। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि उनकी मां का टीवी इंडस्ट्री में बहुत लंबा और शानदार करियर रहा है, जबकि उनका सफर अभी शुरू ही हुआ है। पलक जल्द ही एक्शन-ड्रामा फिल्म 'रोमियो एस 3' में नजर आएंगी, जिसका निर्देशन गुड्डू धनोआ ने किया है। उन्होंने बताया कि शूटिंग के दौरान उन्होंने लगातार खुद को बेहतर साबित करने की कोशिश की और गुड्डू धनोआ जैसे अनुभवी निर्देशक के साथ काम करना उनके लिए सम्मान की बात रही। 'रोमियो एस 3' 16 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसमें पलक एक पत्रकार की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म की शूटिंग के दौरान अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि यह फिल्म उनके लिए एक बड़ा अवसर है।

# द रॉयल्स में निभाए किरदार को लेकर नोरा फतेही की हो रही तारीफ



बालीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही द्वारा ओटीटी सीरीज़ द रॉयल्स में निभाए गए किरदार को लेकर उनकी तारीफ हो रही है। ओटीटी सीरीज में नोरा ने आयशा ढोंडी का किरदार निभाया है, अपने प्रदर्शन के लिए मिल रही तारीफों का भरपूर आनंद ले रही हैं।

इस सराहना के बीच, नोरा ने अपने प्रशंसकों के साथ एक खास पर्दे के पीछे की झलक साझा की। इन बीटीएस तस्वीरों में नोरा गुलाबी रंग की भव्य साड़ी में नजर आ रही हैं, जो शाही गरिमा और शांत शक्ति का प्रतीक बनती है। उनके सॉफ्ट-ग्लैम मेकअप और बारीकी से चुनी गई ज्वेलरी ने फैशन प्रेमियों और प्रशंसकों दोनों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। इन तस्वीरों के साथ नोरा ने दर्शकों को उनके अभिनय और किरदार को इतना अपनापन देने के लिए धन्यवाद कहा। नोरा ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'द बैडी, प्रिंसेस आयेशा आइकॉनिक और खतरनाक इस मौके पर मैं उन सभी को दिल से धन्यवाद कहना चाहती हूं, जिन्होंने द रॉयल्स में आयशा के रूप में मेरे प्रदर्शन को इतना प्यार और सराहना दी-यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।' हालांकि नोरा की स्टाइलिंग लाजवाब थी, असली ध्यान उनके ऑन-स्क्रीन अभिनय पर था। आयशा ढोंडी के रूप में नोरा ने बेहद नियंत्रित और प्रभावशाली भावनाओं के साथ अभिनय किया। उनके हाव-भाव, बॉडी लैंग्वेज और स्क्रीन प्रेजेंस ने उन्हें सीरीज़ की सबसे दमदार झलकियों में से एक बना दिया। फैन-फेवरिट म्यूजिकल सीक्वेंस 'अदाएं तेरी' को महज 45 मिनट में शूट किया गया, जिसमें नोरा और ईशान खट्टर के बीच बेहतरीन केमिस्ट्री को बखूबी दर्शाया गया, जिसे दर्शक प्योर स्क्रीन मैजिक मान रहे हैं। नोरा इस समय एक बड़ी ग्लोबल स्टार पावर के रूप में धूम मचा रही हैं। उनका हिट सिंगल स्नेक, जो जेसन डेरुलो के साथ है, 130 मिलियन व्यूज पार कर चुका है। अभिनय के मोर्चे पर, नोरा ने हाल ही में बी हैप्पी में अपनी भूमिका के लिए प्रशंसा प्राप्त की और अब वह कंचना 4 में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही हैं।

# आशुतोष राणा बोले- 'पृथ्वीराज चौहान' में मेरी भूमिका मेरे लिए बहुत खास है

दिग्गज अभिनेता आशुतोष राणा ने ऐतिहासिक महाकाव्य 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' का हिस्सा बनने पर गर्व जताया। दरअसल, राणा पृथ्वीराज चौहान के भरोसेमंद दोस्त चंद बरदाई के किरदार को अपनी आवाज दे रहे हैं। वह इस महाकाव्य गाथा के जरिए दर्शकों का मार्गदर्शन करेंगे। शो का हिस्सा बनने पर अपने विचार साझा करते हुए, आशुतोष राणा ने कहा, 'मैं बचपन में पृथ्वीराज चौहान की कहानियां सुनता था, जो मेरे दिल में गहराई तक बस गईं। अब जब उन्हें इन्हीं कहानियों का हिस्सा बनने का मौका मिला है, तो यह मेरे लिए एक भावनात्मक रूप से बहुत खास अनुभव है। एक अभिनेता के रूप में, मैंने हमेशा माना है कि आवाज में बहुत ताकत होती है। इस नैरेशन के जरिए, मैं कहानी में गहराई और गरिमा लाना चाहता हूं। जो भावनाएं मैं लेकर चल रहा हूं, वो ताकत, जुनून और सम्मान से जुड़ी हैं और ये इस शो की आत्मा से मेल खाती है।' 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' एक ऐतिहासिक धारावाहिक है, जो महान योद्धा राजा पृथ्वीराज चौहान के जीवन पर आधारित है। यह पृथ्वीराज चौहान के जीवन के सफर को दिखाती है कि कैसे एक मासूम, युवा राजकुमार धीरे-धीरे एक महान और सम्मानित सम्राट बनता है। कहानी दिखाती है कि कैसे पृथ्वीराज चौहान ने खुद को एक शक्तिशाली योद्धा और सम्राट में बदला। शो में उन महत्वपूर्ण घटनाओं को दिखाया गया है जो पृथ्वीराज को इतिहास में अमर बनाते हैं, जैसे युद्ध, राजनीतिक निर्णय और बलिदान। यह सिर्फ एक राजा की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस यात्रा की गाथा है जिसमें एक युवा बालक संघर्षों, वीरता और निर्णयों के जरिए एक ऐसा सम्राट बनता है, जिसकी विरासत आज भी भारतीय इतिहास में चमकती है। यह सीरीज प्रेरणा, शौर्य और नेतृत्व की जीवंत झलक है। इस शो में अनुजा साठे, रोनित रॉय, रूमी खान और पद्मिनी कोल्हापुरी अहम किरदार में हैं। दिग्गज एक्ट्रेस पद्मिनी कोल्हापुरी 11 साल बाद टीवी पर शानदार वापसी कर रही हैं। वह राजमाता की शक्तिशाली भूमिका में नजर आएंगी। टीवी पर वापसी को लेकर पद्मिनी कोल्हापुरी ने पहले कहा था, 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान की दुनिया में कदम रखना मेरे लिए बेहद खास है, न केवल इसलिए कि मैं शक्तिशाली भूमिका निभा रही हूं, बल्कि इसलिए भी कि यह लगभग 11 सालों के बाद टेलीविजन पर मेरी वापसी का प्रतीक है। टीवी पर मेरी यात्रा सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के साथ शुरू हुई, और अब इतने सालों के बाद, मैं उसी चैनल पर एक ऐसी भूमिका के साथ लौट रही हूं, जो चुनौतीपूर्ण और संतोषजनक दोनों है।' यह शो 4 जून को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रीमियर के लिए तैयार है।





# मुंबई छोड़कर बीकानेर में शिफ्ट हुई चारू असोपा

हाल ही में एक्ट्रेस चारू असोपा ने अपनी नाखुश शादी को खत्म कर, सिंगल मदर के तौर पर अपनी बेटी जियाना के साथ नई जिंदगी की शुरुआत की। वह मुंबई छोड़कर राजस्थान के बीकानेर में शिफ्ट हो गईं, जिससे सभी हैरान रह गए। वहीं, राजीव सेन ने अपनी नई तस्वीरों से इंटरनेट पर हलचल मचा दी है। राजीव की तस्वीरों में वह एक खूबसूरत हसीना के साथ नजर आ रहे हैं, और उनकी कैमिस्ट्री को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इन तस्वीरों और वीडियो के वायरल होते ही अफवाहें फैलने लगीं कि राजीव का नई लड़की के साथ अफेयर चल रहा है। हालांकि, इन तस्वीरों का राजीव की पर्सनल लाइफ से कोई संबंध नहीं है। दरअसल, ये तस्वीरें उनके किसी प्रोफेशनल प्रोजेक्ट से जुड़ी हैं, जिसमें उन्होंने प्रोजेक्ट से संबंधित लोगों को टैग किया है। बीते दिनों राजीव ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि उन्होंने अपनी एक्स-वाइफ चारू असोपा को अपने सबसे अच्छे दोस्त से बात करते हुए पकड़ा था। राजीव ने बताया कि वे दुबई में छुट्टियां मना रहे थे, जब उन्होंने चारू को अपने दोस्त से बात करते हुए देखा। इसके बाद चारू ने राजीव को इंस्टाग्राम पर फॉलो करना शुरू कर दिया, और जब राजीव ने इस बारे में पूछा, तो चारू चुप हो गईं। इस पर चारू ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर राजीव ने उन्हें अपने दोस्त से बात करते हुए देखा होता, तो वह जान पाते कि वे किस बारे में बात कर रहे थे। चारू ने यह भी कहा कि राजीव को अपने दोस्त का नाम बताना चाहिए, और सिर्फ झूठे आरोप नहीं लगाना चाहिए। बता दें कि सुष्मिता सेन के भाई राजीव सेन और एक्ट्रेस चारू असोपा की निजी जिंदगी में हमेशा कुछ न कुछ हंगामा बना रहता है। राजीव और चारू का रिश्ता हमेशा उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। तलाक के बाद, दोनों अपनी बेटी जियाना के लिए फिर से साथ आए थे, और लोग यह सोचने लगे थे कि शायद वे फिर से एक साथ हो जाएंगे।

# फिल्म जेलर 2 रजकांत और राम्या निभाएगी भूमिका




अपकमिंग फिल्म जेलर 2 इन दिनों खूब चर्चा बटोर रही है। जेलर 2 में जहां रजनी और राम्या कृष्णन अपनी भूमिकाओं को फिर से निभाने के लिए तैयार हैं, वहीं सीक्वल में शिव राजकुमार और मोहनलाल सहित विभिन्न क्षेत्रीय उद्योगों के सुपरस्टार कैमियो करेंगे। हाल ही में ऐसी खबरें आई थीं कि डाकू महाराज फेम नंदमुरी बालकृष्ण कैमियो के रूप में सबसे नए जोड़े जा रहे हैं। रिपोर्ट्स बताती हैं कि बालकृष्ण एक पुलिस वाले की भूमिका निभाएंगे, कथित तौर पर उन्हें बहुत बड़ी रकम दी जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बालकृष्ण जेलर 2 में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। चौंकाने वाली बात यह है कि फिल्म के निर्माता, सन पिक्चर्स ने उन्हें एक छोटे शेड्यूल के लिए मोटी रकम देने पर सहमति जताई है। एक सूत्र ने बताया कि नंदमुरी बालकृष्ण ने जेलर 2 के लिए 20 दिन का शेड्यूल तय किया है। रिपोर्ट के अनुसार, बालकृष्ण ने 20 दिन के शेड्यूल के लिए 50 करोड़ रुपये मांगे और निर्माता बिना किसी हिचकिचाहट के इसके लिए राजी हो गए। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म की यूनिट के एक करीबी सूत्र ने पुष्टि की है कि बालकृष्ण कैमियो के लिए आ रहे हैं। कथित तौर पर, उनकी भूमिका एक शक्तिशाली होगी। हालांकि, बालकृष्ण की भूमिका कैमियो से ज्यादा एक गेस्ट के तौर पर होगी, सूत्र ने ये भी दावा किया है कि फिल्म में प्रशंसकों को उनका किरदार पसंद आएगा। वहीं अगर रिपोर्ट्स की मानें तो बालकृष्ण कैमियो रोल के लिए सबसे ज्यादा पैसे लेने वाले अभिनेता बन गए हैं। गौरतलब है कि कई प्रसिद्ध अभिनेता हैं जिन्होंने फिल्मों में कैमियो के लिए एक पैसा भी नहीं लिया। चाहे पहेली में अमिताभ बच्चन हों, रॉकेट्री में शाहरुख खान, पठान में सलमान खान या किसी का भाई किसी की जान में रामचरण, इन अभिनेताओं ने बिना एक भी पैसा लिए कैमियो किया। हालांकि, सभी अभिनेता मुफ्त में कैमियो नहीं करते हैं। कथित तौर पर, अजय देवगन ने एसएस राजामौली की शानदार फिल्म आरआरआर में अपनी भूमिका के लिए 35 करोड़ रुपये लिए थे। इसके साथ ही, वो कैमियो भूमिका के लिए सबसे अधिक भुगतान पाने वाले अभिनेता बने हुए हैं। वहीं आलिया भट्ट ने भी 15 मिनट के लिए राजामौली की फिल्म से 9 करोड़ लिए थे। दूसरी ओर, हुमा कुरैशी ने संजय लीला भंसाली की गंगूबाई काठियावाड़ी में अपनी भूमिका के लिए 2 करोड़ रुपये लिए थे। दिलचस्प बात यह है कि उर्वशी रौतेला ने मेगास्टार चिरंजीवी की वाल्टेयर वीरैया में अपने कैमियो के लिए 3 करोड़ रुपये की भारी भरकम फीस ली थी।

## ब्रीफ न्यूज

### जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आयोजित की गई वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता



**अशोकनगर।** नगर पालिका परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 अंतर्गत एक ओपन वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पर्यावरण और पानी बचाओ की थीम पर पेंटिंग बनाई गई। स्थानीय संजय स्टेडियम में उक्त प्रतियोगिता शुक्रवार की शाम रखी गई। जिसमें करीबन 60 प्रतिभागियों के द्वारा हिस्सा लिया गया। रंग, ब्रश आदि सामग्री नपा के द्वारा प्रदाय की गई। इस प्रतियोगिता के लिए सभी में खासा उत्साह देखने मिला। निर्णायक मंडल में प्रहलाद श्रीवास्तव एवं प्रियकांत माथुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा। सभी शामिल हुए छात्रों को नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया एवं सीएमओ विनोद उन्नीतान के द्वारा सांत्वना पुरस्कार के रूप में डायरी प्रदान की गई। नगर पालिका अध्यक्ष ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी इस दौरान पार्षद विपिन शिवहरे, संजीव जाटव, गोपाल ओझा, आदि मौजूद रहे उक्त संपूर्ण आयोजन नपा की ओर से उपयंत्री गौरव ठाकुर के निर्देशन में किया गया।

### फिटनेस और स्वस्थ शरीर के लिए कलेक्टर ने की साइकिलिंग



कलेक्टर आदित्य सिंह ने शनिवार सुबह कलेक्टर निवास से साइकिल यात्रा कर जिले की तहसील चंदेरी के लिये रवाना हुए। उन्होंने लगभग 60 किलोमीटर की यात्रा साइकिलिंग से पूरी कर चंदेरी पहुंचे। साइकिलिंग यात्रा कर जिले में पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य के प्रति जागृति का संदेश दिया। साइकिल चलाना एक बेहतरीन कसरत है जो आपको सक्रिय रखती है। यह शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से स्वस्थ जीवनशैली को आकार देने में मदद कर सकती है।साइकिल चलाने से आपके फिटनेस स्तर और स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है।

### आज कलश यात्रा के साथ आरंभ होगी सात दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव

**सीहोर।** चित्रांश समाज और अखिल भारतीय कायस्थ महासभा सीहोर के तत्वाधान में रविवार से शहर के पटेल मार्केट स्थित रुकमीण गार्डन में आयोजित होने वाली सात दिवसीय मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जीवन गाथा श्रीराम कथा ज्ञान महोत्सव का श्रीगणेश कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा अध्यक्ष प्रदीप कुमार सक्सेना और शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार को शाम पांच बजे शहर के शुगर फैक्ट्री स्थित त्यागी बाबा आश्रम से कलश यात्रा निकाली जाएगी और जो प्रमुख मार्गो से होते हुए कथा स्थल पर पहुंचेगी। रात्रि आठ बजे से कथा संत उद्घावदास महाराज के द्वारा वाचन किया जाएगा। महासभा और चित्रांश समाज ने सभी क्षेत्रवासियों से कथा श्रवण करने की अपील की है।

# ग्राम पंचायत गरौंली में निर्माण कार्यों में भारी भ्रष्टाचार

- रुकने का नाम नहीं ले रहा मनरेगा में फर्जीवाड़ा फर्जी
- काम,मजदूर,फोटो अपलोड कर निकाल रहे हैं, शासन की राशि
- अधिकारी नहीं जाते मौके पर जांच करने
- सरपंच सचिव रोजगार सहायक और इंजीनियर मिलकर डकार रहे हैं, गरीबों के हक राशि






**सत्ता सुधार ■ अशोक नगर**

जनपद पंचायत अशोकनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत गरौंली में निर्माण कार्यों में भारी भ्रष्टाचार चल रहा है। ग्राम पंचायत में इंजीनियर की मेहरबानी से गुणवत्ता हीन निर्माण कार्य हो रहा है। इतना ही नहीं मनरेगा में भी फर्जीवाड़ा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जहां ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा पोर्टल पर फर्जी काम,मजदूर और फोटो अपलोड कर शासन की राशि निकाली जा रही है। अधिकारी मौके पर कभी जांच करने नहीं जाते जिसके चलते सरपंच सचिव रोजगार सहायक और इंजीनियर मिलकर गरीबों के हक की राशि डकार रहे हैं।शनिवार को ग्राम पंचायत के भ्रष्टाचार, मनरेगा के फर्जीवाड़ा की मौके पर जाकर हकीकत देखी तो,पता चला कि ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा पोर्टल पर 08 काम और 74 मजदूर चढ़ाए गए हैं। और मजदूरों के नाम पर महिलाओं का फर्जी फोटो अपलोड किया गया है। पंचायत में मनरेगा पोर्टल पर जो काम चल रहे हैं,उनमें हितेषी कपिल धारा कूप तालाब निर्माण कार्य दिगपाल सिंह पुत्र मुंशीलाल यादव

### ■ इंजीनियर की मेहरबानी से हो रहा गुणवत्ता हीन निर्माण कार्य

गरोंली,सुदूर सड़क संपर्क मार्ग गरौंली चक से प्रधानमंत्री सड़क की ओर,ग्राम गरौंली में सार्वजनिक सामुदायिक फॉर्म तालाब निर्माण कार्य पीपल के पास बताए गए हैं। जबकि मौके पर ना तो कोई कार्य होता दिख रहा ना ही मजदूर मिले,बल्कि महिलाओं का फर्जी फोटो भी कहीं और का अपलोड कर दिया गया। जबकि धरातल पर कोई महिलाएं मजदूरी करते हुए नहीं मिली। पंचायत में प्रतिदिन मनरेगा में फर्जीवाड़ा चल रहा है। इंजीनियर राजकुमार शाक्य या कोई अधिकारी निर्माण कार्यो को मौके पर देखने नहीं आता, जिसके चलते सरपंच सचिव रोजगार सहायक और इंजीनियर मिलकर फर्जीवाड़ा कर रहे हैं, और शासन की राशि को हड़प रहे। इस संबंध में ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक कृष्णपाल यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अब सभी पंचायत में मैट की आईडी बन गई है, वो ही फोटो अपलोड करते हैं, जब उनसे कहा कि महिलाओं का फर्जी फोटो अपलोड किया है,मौके पर कोई काम नहीं चल रहा, ना ही कोई महिलाएं हैं, मनरेगा में पूरा फर्जीवाड़ा चल रहा है,और तुम पर कार्रवाई होगी, यह तुम्हारी जिम्मेदारी है, इस फर्जीवाड़े का जिम्मेदार कौन होगा। तब उन्होंने कहा कि सरपंच सचिव सहित सभी की जिम्मेदारी है।

#### इनका कहना है....

मैट की आईडी हर पंचायत में बन गई है, फोटो मैट डालता है, और इसमें सरपंच सचिव सहित सभी की जिम्मेदारी रहती है।
**कृष्ण पाल यादव, ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत भरौंली जनपद पंचायत, जिला अशोकनगर**

इस मामले को चेक करवाकर जांच करवा लेता हूं।
**शैलेंद्र यादव, जनपद सीईओ अशोक नगर**

### विजय शाह एवं जगदीश देवड़ा के द्वारा सेना के प्रति अपमानजनक बयान पर कांग्रेस ने दोनों का किया पुतला दहन

# भाजपा मंत्री सत्ता के नशे में मदहोश बार-बार कर रहे हैं सेना का अपमानः राजीव गुजराती



**सत्ता सुधार ■ सीहोर**

प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए बयान पर कांग्रेस ने शाह के इस्तीफे को लेकर प्रदर्शन तेज कर दिया है। इस बीच उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का भी सेना को लेकर विवादित बयान सामने आया है देवड़ा ने शुक्रवार को प्रभार के जिले जबलपुर में एक कार्यक्रम में कहा कि सेना प्रधानमंत्री मोदी के चरणों में नतमस्तक है। सेना को अपमानित करने वाले उपमुख्यमंत्री देवड़ा के इस बयान पर कांग्रेस ने शाह के साथ-साथ देवड़ा पर भी कार्यवाही की मांग करते हुए इस्तीफे की मांग की है।

सीहोर मुख्यालय पर कांग्रेसजनों ने जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान की विशेष उपस्थिति में स्थानीय लिसा टाकिज चौराहे पर बड़ी संख्या में उपस्थित होकर विजय शाह एंव जगदीश देवड़ा के विरोध में नारे लगाये कि सेना का यह अपमान नही सहेगा हिन्दुस्तान, सेना के सम्मान में कांग्रेस है मैदान में के साथ ही दोनों के पुतले जलाये गये। इस मौके पर राजीव गुजराती ने कहा कि विजय शाह का बयान सिर्फ कर्नल सोफिया का अपमान नहीं, बल्कि भारतीय सेना और देश की हर उस बेटी का अपमान है जो राष्ट्र के लिए समर्पित है। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने अपना फर्ज निभाया, लेकिन बीजेपी, नरेंद्र मोदी, और मोहन यादव की चुप्पी देश को निराश कर रही है। यदि बीजेपी को सचमुच सेना का थोड़ा भी सम्मान है, तो विजय शाह को तत्काल बर्खास्त करना होगा।

भाजपा के मंत्री अपनी कुर्सी के नशे में इतने मदहोश है कि उन्हें देश की सेना की मान मयार्दा की कोई परवाह ही नही है, हाल ही में जिसका उदाहरण उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का वह बयान सामने आया है जिसमें देवड़ा ने शुक्रवार को प्रभार के जिले जबलपुर में एक कार्यक्रम में कहा कि सेना प्रधानमंत्री मोदी के चरणों में नतमस्तक है। देश हमारे लिये सर्वपरि है और इन दोनों के बयानों ने देश को ठेस पहुंचाई है, नरेन्द्र मोदी एंव मोहन यादव में यदि देश के प्रति समर्पण की भावना है तो तत्काल इन विजय शाह एंव जगदीश देवड़ा को बर्खास्त कर उन पर कठोर कार्यवाही करना चाहिये। लेकिन सवाल यह है कि क्या मोदी और मोहन यादव ऐसा करेंगे? या फिर यह मामला भी उनके लिए एक और चुनावी मुद्दा बनकर रह जाएगा? देश इंतजार कर रहा है, और जब तक इनको बर्खास्त कर इनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही नही की गई तब तक कांग्रेस पार्टी देश हित में धरना आन्दोलन कर देश की सेना को उनका सम्मान दिलाकर रहेगी।

प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि पुलिस में एफआईआर दर्ज होने के बाद मंत्री विजय शाह फरार हैं, पुलिस उन्हें अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। वहीं उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के द्वारा दिये गये अनरगल बयान के बाद सभी सरकारी काम छोडकर सिर्फ बयान पर सफाई देते फिर रहे हैं। पुतला देहन करने वालों में प्रमुख रूप से प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौहान, नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर, ओम वर्मा, नईम नवाब, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजेन्द्र वर्मा, राजाराम बड़े भाई, रमेश गुप्ता, सीताराम भारती, राजेश भूरा यादव, पवन राठौर, नरेन्द्र खंगराले, बलवान पटेल, घनश्याम मीणा, राजाराम बड़े भाई, आशीष गहलोत, हरीश आर्य, मुस्तफा अंजुम, मनोज पटेल, दसरथ पटेल, के.के. रिछारिया, भगतसिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, गजराज परमार, कपिल गौर, धिरेन्द्र ठाकुर, लक्की सक्सेना, मनीष मेवाड़ा, तानिष त्यागी, यश यादव, विक्की विश्वकर्मा, शुभम त्यागी, ब्रजेश पाटीदार, राहुल गोस्वामी, अभिषेक लोधी, ओम सोनी, मेहंदी हसन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# अशोकनगर में कर्ज से परेशान दो सगे भाइयों ने ट्रेन के सामने कूदकर दी जान



### परिजनों ने एएसपी से की न्याय की मांग

**सत्ता सुधार ■ अशोक नगर**

जिले में एक दर्दनाक घटना ने सबको झकझोर कर रख दिया। कर्ज और सूदखोरों की प्रताड़ना से तंग आकर दो सगे भाइयों, रामेश्वर सोनी और नंदकिशोर सोनी ने 15 मई को रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। शनिवार को मृतकों की अस्थियां लेकर परिजन और समाज के सदस्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) गजेंद्र सिंह कंवर से मिलने पहुंचे। उन्होंने ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि दोनों भाई सूदखोरों की लगातार प्रताड़ना से मानसिक रूप से परेशान थे।

**सूदखोरों की धमकियों से थे परेशान :** परिजनों का कहना है कि भाइयों ने पहले भी सूदखोरों की धमकियों और व्यवहार की शिकायत पुलिस से की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सूदखोर कर्ज से अधिक राशि वसूलने के बाद भी और पैसों की मांग कर रहे थे। वे घर आकर गाली-गलौज करते, धमकाते और जान से मारने की बात कहते थे। इतना ही नहीं, बैंक का एक कर्मचारी भी दुकान पर आकर उन्हें जेल भेजने की धमकी देता था, जिससे उनकी मानसिक स्थिति और बिगड़ गई थी। मृतकों को कुछ लोगों से पैसे मिलने थे, जो उन्हें नहीं मिल पाए।

**दोषियों पर कार्रवाई की मांग :** समाज के लोगों और परिजनों ने एएसपी से मामले में गंभीरता दिखाते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि आगे किसी और को ऐसी पीड़ा से न गुजरना पड़े।

# राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट विद्यालय में कार्यशाला हुई आयोजित




**सत्ता सुधार ■ सीहोर**

स्थानीय, शासकीय उमावि . क्रमांक 1, सीहोर राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को तंबार्क के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें तंबाकू मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था। इस कार्यशाला में छात्रों को तंबार्क के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में डॉक्टर नेहा सिंह द्वारा जानकारी दी गई, जैसे कि कैंसर, फेफड़ों की बीमारियों और हृदय संबंधी बीमारियों के बारे में विस्तार से बताया। उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में तंबाकू निषेध बैनर , संदेश, दीवार पर बने संकेतक को अधिकारियों द्वारा र्सक्ष्म निरीक्षण किया गया एवं वीडियो ग्राफी भी की गई। कार्यशाला में छात्रों को तंबार्क के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देने के अलावा, तंबार्क मुक्त एंबेसडर भी बनाया गया। कार्यशाला में मुख्य कार्यपालक डॉक्टर नेहा सिंह, सहायक संचालक सलोनी शर्मा , जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, जिला समन्वयक प्राचार्य सुनीता जैन द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। साथ डॉक्टर नेहा सिंह ने बताया कि किशोरों में तंबार्क के सेवन का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है, जिसे रोकना नितांत आवश्यक है । कार्यशाला में जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने अपने संबोधन में बताया कि नई पीढ़ी को उक्त तंबाकू या किसी भी प्रकार की नशे वाली सामग्री से दूर रहने की हिदायत दी। उपस्थित सदन में कहा कि घर को भी जागरूक करे और तंबार्क सेवन से घर को बचाए। यदि घर में कोई तंबाकू से पीड़ित है, तो जिला चिकित्सालय ले जाकर इलाज करवाए। कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्र, अभिभावक, शिक्षक, कर्मचारी, प्रभारी उपस्थित रहे।

## एनएफडीपी पोर्टल पर मछुआरों के किए जा रहे पंजीयन

**सीहोर।** मत्स्य पालन कार्य से जुडे कृषकों और मछुआरों को तकनीकि रूप से सशक्त बनाने और एक ही प्लेटफार्म पर सारी सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफार्म पोर्टल विभाग द्वारा विकसित किया गया है। इस पोर्टल पर मछुआरों और मत्स्य व्यवसाय से जुडे लोगों के पंजीयन किए जा रहे हैं। जिले में मछली पालन के व्यवसाय से जुडे लोग और मछुआरों की बडी संख्या है। मत्स्य विभाग इस कार्य में संलग्न लोगों तक पहुंचकर पोर्टल पर पंजीयन कराने में जुटा हुआ है। गौरतलब है कि जिले में मत्स्य कृषकों की काफी बडी संख्या है। खास तौर से बुधनी- भैरुंदा क्षेत्र में नर्मदा नदी से सटे हुए ग्रामीण क्षेत्रों में मछुआरों की बडी आबादी निवास करती है। जो मछली पालन के व्यवसाय से जुडे हुए हैं। मछली पालन के व्यवसाय से जुडे लोगों के पंजीयन एनएफडीपी पोर्टल पर किए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस पोर्टल पर ही मत्स्य विभाग की सारी योजना संचालित होंगी और ऋण और अनुदान संबंधी योजना भी इसी पोर्टल के माध्यम से संचालित की जाएगी।

**जिले में अब तक 1252 पंजीयन :** मत्स्य निरीक्षक जगदीश तिलेथे ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में वर्तमान में 1252 पंजीयन हो चुके हैं। ज्यादा से ज्यादा लोगो को पंजीयन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिए टीम गांव गांव पहुंच रही है। मछुआ कृषक स्वयं के मोबाईल से भी पोर्टल पर पंजीयन करा सकते हैं। किसी को तकनीकि रूप से कोई समस्या आ रही है तो वह सीएससी पर जाकर रजिस्ट्रेशन करवा सकता है।

**केवाईसी, नेटवर्क से आ रही परेशानी :** पोर्टल पर कई किसानों के पंजीयन निरस्त भी हो रहे हैं। जिसकी बडी वजह यह सामने आ रही है कि कई मछुआरों की केवाईसी नहीं है। बैंक खातों से आधार कार्ड लिंक नहीं होने के कारण भी पंजीयन में दिक्कत आ रही है। तो कई ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या के कारण भी पंजीयन नहीं हो पा रहे हैं।

**मोबाईल से भी पंजीयन :** एक ही प्लेटफार्म पर सारी योजनाएं संचालित की जाएगी, जिसमें ऋण संबंधी योजना भी होंगी। मछुआरे और इस व्यवसाय से जुडे लोग अपना पंजीयन करवा सकते हैं। मोबाईल से किसान अपना रजिस्ट्रेशन खुद कर लें। प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है।

# भाजपा नेताओं की सेना विरोधी मानसिकता के विरोध में उतरी कांग्रेस

### विरोध प्रदर्शन कर उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का पोस्टर जलाया



**सत्ता सुधार ■ अशोक नगर**

भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की सतत सेना विरोधी बयान बाजी जारी है। कोर्ट ने पहले ही विजय शाह के बयानों को गटर छाप बयान बाजी करार दिया,और उनके खिलाफ एफआईआर के आदेश दिए। उन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन बोला था, वहीं अगले दिन उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने समस्त सेना को मोदी के चरणों में नत मस्तक होने को कहा और फिर इसके बाद सांसद फंगगन सिंह कुलस्ते ने पाकिस्तान के आतंकवादियों को हमारे आतंकवादी लोग संबोधित किया। इस गटर छाप बयान बाजी के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने शनिवार को स्थानीय गांधी पार्क पर करीब 1 घंटे नारेबाजी और प्रदर्शन किया एवं इन नेताओं को बर्खास्त करने की मांग की गई।

विधायक हरी बाबू राय ने कहा कि सारे नेता अपने नंबर बढ़ाने के लिए कुछ तो भी अनर्गल बयान बाजी कर रहे हैं,और मोदी के चरणों में अव्वल आने का प्रयास कर रहे हैं। शहर जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा ने कहा कि आज वास्तविकता में जनता इंदिरा गांधी को याद कर रही है, जिनके रहते कभी किसी अन्य देश की हमारे विदेशी मामलों में हस्तक्षेप करने की हिम्मत नहीं हुई। वहीं नेता प्रतिपक्ष नपा रितेश जैन आजाद ने ऑपरेशन सिंदूर को सेना की सफलता लेकिन मोदी सरकार की कूटनीतिक असफलता बताया। उन्होंने कहा कि जहां पाकिस्तान के साथ चीन तुर्की और अजरबेजान खुले तौर पर खड़े थे,वहीं भारत के साथ एक भी देश नहीं आया। एक तरफ विदेश मंत्री और प्रधानमंत्री विदेश में डंका बजाने की बात करते हैं लेकिन आज जब जरूरत पड़ी तो आतंकवाद के खिलाफ कोई भी देश हमारे साथ नहीं आया। विदेश मंत्री जयशंकर को आज तक का सबसे असफल विदेश मंत्री बताया । आजाद ने कहा पिछले 4 दिनों में भाजपा का सेना विरोधी देश विरोधी चेहरा उजागर हुआ है जिस तरह से इन्होंने अमेरिकन राष्ट्रपति ट्रंप के हस्तक्षेप को स्वीकार किया है, उससे देश की संपूर्ण अस्मिता पर प्रश्न चिन्ह लगा है। ब्लॉक अध्यक्ष सचिन शर्मा द्वारा उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के फोटो को जलाकर विरोध किया गया। इस दौरान कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह यादव, शिशुपाल रघुवंशी, शिव प्रताप रघुवंशी, दशरथ सिंह रघुवंशी, गिरीश जैन,शिवचरण शर्मा, सुरेंद्र राणा, अकील खान, वाहिद पटेल,बली सरदार, नंदराम लोधी, राजकुमार लोधी, रामस्वरूप शिवहरे, सुनील जैन, अकबर खान, सुरेंद्र रघुवंशी नरेंद्र शर्मा, अमन शर्मा, केवल चंद जैन आदि उपस्थित रहे।

### माना पीएचई विभाग का आभार

# खंगराले के प्रयासों से तकीपुर दलित बस्ती में कराया गया नवीन बोर खनन कार्य

**सत्ता सुधार ■ सीहोर**

अ.जा.ज.पि.वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण परिषद के प्रदेश महामंत्री नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक के प्रयासों से तकीपुर ग्राम की दलित बस्ती में भीषण जलसंकट को देखते हुए नवीन बोर खनन कार्य लगभग 400 फिट कराया गया। उक्त बस्ती में पानी का भीषण जल संकट था।

उक्त कार्य कराये जाने से भीषण जलसंकट से बस्ती के लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी मिल सकेगा। बोर खनन कार्य को लेकर श्री खंगराले द्वारा कई दिनों से पत्राचार किया जा रहा था। इस अवसर पर नवीन बोर मशीन के चालक मैकेनिक लल्लन कोल, अभिषेक लोधी, शिवम लोधी का तकीपुर , महुआखेड़ी पंचायत के पूर्व जन प्रतिनिधि पर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजा विभाग जिला सीहोर सीताराम भारती द्वारा पुष्पमालाऐं पहनाकर स्वागत किया गया तथा उपस्थित जनता द्वारा कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य विभाग जिला सीहोर प्रदीप सक्सेना, पीएचई सीहोर के सहायक यंत्री एन.आर.अहिरवार का आभार माना। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नरेन्द्र खंगराले, सीताराम भारती, ठेकेदार भागीरथ प्रजापति, गेंदालाल राठौर, पर्व सरपंच नंदकिशोर मालवीय, ग्राम पटेल लखन परमार, जितेन्द्र प्रजापति, मांगीलाल भारती, केशर सिंह प्रजापति, प्रीतम मालवीय, मुन्नालाल जायसवाल, लीला बाई मालवीय, प्रेम बाई प्रजापति, संगीता यादव, चन्द्रकला भारती, आशा प्रजापति, प्रमिला अहिरवार, गीता भारती, सावित्री प्रजापति, भारती कोरी, सीमा बारेला, बविता परमार आदि ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## शिवपुरी गुना में ब्लड न मिलने से परेशान बच्चे को लगवाए ब्लड

**अशोकनगर।** थैलेसीमिया एक गंभीर बीमारी है, जो मुख्य रूप से बच्चों में पाई जाती है, इस बीमारी से पीड़ित बच्चों के शरीर में नया खून बनना बंद हो जाता है जिसके चलते ऐसे बच्चों के लिए महीने में एक से तीन बार तक ब्लड लगवाना अनिवार्य हो जाता है। ऐसा ही एक मामला सामने आया जब शिवपुरी जिले की कोलारस तहसील के ग्राम हिनोतिया का एक परिवार अपने 9 साल के बच्चे मयंक यादव को लेकर पिछले करीब एक महीने से गुना,शिवपुरी ब्लड बैंकों के चक्कर काट रहा था, लेकिन बच्चे के लिए ब्लड नहीं मिल पा रहा था। चूंकि ब्लड ग्रुप भी ए निगेटिव था, जो बहुत कम मात्रा में मिल पाता है। मयंक के पिता शिवराज यादव बच्चे की गंभीर हालत से परेशान थे, बच्चे के शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्र केवल चार एवं प्लेटलेट्स 43000 थीं परेशान होकर जब परिजन ने ब्लड हेल्प ग्रुप से मदद मांगी तो तत्काल बच्चे को अशोक नगर लाया गया जहां जिला चिकित्सालय में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ संतोष रघुवंशी को दिखाया गया। डॉक्टर ने बच्चे का तुरंत उपचार कर ब्लड लगवाने को कहा। उल्लेखनीय है कि ब्लड हेल्प ग्रुप ने कोरोना काल में भी जिले के अलावा आसपास के जिलों के सैकड़ों थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को ब्लड लगवाए थे। मयंक यादव के लिए गौरव जैन ने अपना नौवां रक्तदान किया। बच्चे को 2 दिन में 2 यूनिट रेयर ब्लड लगवाए गए।



## ब्रीफ न्यूज

### पांच दिनों से दिन का तापमान 36 डिग्री, उमस ने किया परेशान

**इंदौर।** शहर में पिछले पांच दिनों से दिन का तापमान 36 डिग्री से ज्यादा रिकॉर्ड हो रहा है। इसके साथ ही काफी उमस महसूस हो रही है जिससे लोग परेशान हैं। शुक्रवार को भी ऐसा ही मौसम रहा। इस दौरान मौसम में 42त्न नमी दर्ज की गई, वहीं हवा की गति 6 किमी प्रति घंटा थी। शनिवार सुबह से धूप और बादलों का दौर चल रहा है। मौसम वैज्ञानिकों ने आज तेज हवा और बारिश का अनुमान जताया है। शुक्रवार को दिन का तापमान सामान्य से 4 डिग्री कम होकर 36.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह 8.30 बजे 27.4 डिग्री तापमान था, जो दोपहर में अधिकतम 36.9 पर और शाम साढ़े 5 बजे 36.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इन दिनों तापमान जरूर कम है, लेकिन उमस ने बेहाल कर रखा है। शुक्रवार को मौसम में नमी 42 प्रतिशत दर्ज की गई, वहीं हवा की गति 6 किमी प्रति घंटा थी। मौसम विभाग ने शुक्रवार को बारिश और आंधी की संभावना जताई थी, लेकिन कुछ क्षेत्रों में शाम तक बूंदाबादी ही हुई। उधर, गुरुवार रात का तापमान 26 (+1) डिग्री सेल्सियस था। इसमें हल्का उतार रहा और 25.2 (0) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मई में पारा 46 डिग्री के पार पहुंच चुका है। 31 मई 1994 को इंदौर में 46 डिग्री के पार तापमान पहुंचा था। वहीं बारिश और मई की बात करें तो 2023 में पूरे महीने 3 इंच बारिश हुई थी। इंदौर में इस बार मई का मिजाज काफी बदला हुआ है। मई में अब तक 5 इंच बारिश हो चुकी है।

### डायपर की दुकान में लगी आग, सिलावटपुरा की बिजली बंद की

**इंदौर।** डायपर की दुकान में देर रात आग लग गई। देखते ही देखते आग फैलने लगी। शॉर्ट सर्किट से आग न बढ़े इसलिए पूरे बिजली कंपनी ने तत्काल पूरे इलाके की बिजली बंद कर दी। इस वजह से आग ज्यादा बढ़ नहीं सकी। कुछ देर में फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। रहवासियों ने बताया कि जहां आग लगी वहां घनी बस्ती है। यदि सही समय पर बिजली बंद न की होती तो आग फैल सकती थी। दुकान के आगे डेंटल क्लिनिक है। लेकिन हादसे के वक्त वहां कोई नहीं था। फायर ब्रिगेड के साथ ही पुलिस भी मौके पर पहुंची।

### इंदौर नगर निगम की टीम पर हुआ पथराव

**इंदौर।** राजेंद्र नगर में नगर निगम की टीम पर पथराव हो गया। विवाद बढ़ते-बढ़ते मारपीट और तोड़फोड़ तक पहुंच गया। नगर निगम के कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि स्थानीय दुकानदारों ने उनके साथ मारपीट की और निगम की गाड़ी पर पथराव कर कांच फोड़ दिए। वहीं, दुकानदारों का आरोप है कि सफाई के दौरान गंदा पानी दुकान में घुस गया, विरोध करने पर कर्मचारियों ने दुकान में घुसकर मारपीट की और तोड़फोड़ की। पुलिस के मुताबिक, ननि जोन 21 के दरोगा जयराज जाधव निवासी रावजी बाजार की शिकायत पर पुलिस ने राज, बॉबी, रोहित शर्मा, निशांत नायडू, गब्बु, साहिल सहित अन्य के खिलाफ जातिसूचक शब्द कहने, मारपीट करने और शा. वाहन में तोड़फोड़ करने का मामला दर्ज किया है।

---

### डिजाइन अभी तक नहीं हुई फाइनल, 450 करोड़ में होगा रि-डेवलपमेंट

# इंदौर रेलवे स्टेशन को 2028 सिंहस्थ के पहले पूरा करने का लक्ष्य

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**




2028 में होने वाले सिंहस्थ के पहले इंदौर रेलवे स्टेशन का रि-डेवलपमेंट का कार्य पूरा होना मुश्किल लग रहा है, क्योंकि अभी तक इसकी डिजाइन फाइनल नहीं हुई है। जानकार बताते हैं कि डिजाइन को लेकर बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन यह अभी तक फाइनल क्यों नहीं हुआ इसकी वजह समझ नहीं आ रही है। बता दें कि इस प्रोजेक्ट का फरवरी 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली भूमिपूजन किया था। करीब 450 करोड़ की लागत से तैयार होने वाले इस रेलवे स्टेशन का काम सिंहस्थ के पहले पूरा करने का लक्ष्य है।

रेलवे ने दिसंबर 2024 में ही गुजरात की निर्माण एजेंसी को काम सौंप दिया था, उसने अब तक फाइनल डिजाइन ही स्वीकृत नहीं कराई है। जिससे रि-डेवलपमेंट का काम 5 माह बाद भी शुरू नहीं हो पाया है। अगले महीने से बारिश आ जाएगी और तीन माह काम शुरू करने में ही परेशानी आएगी। इस कारण दो साल में रेलवे स्टेशन का रि-डेवलपमेंट का काम पूरा होना मुश्किल नजर आ रहा है। सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि नए स्टेशन की डिजाइन पर पिछले दिनों हुई बैठक में सहमति बनी थी। इसके बाद इसे फाइनल करने के लिए मुख्यालय भेजा था। संभवतः इसे फाइनल कर दिया गया है, लेकिन फाइनल डिजाइन अभी तक मिली नहीं है। इसके जल्द ही मिलने की उम्मीद है। नया निर्माण नई डिजाइन के आधार पर ही टुकड़ों-टुकड़ों में किया जाएगा, ताकि ट्रेनों का संचालन और यात्रियों को कोई परेशानी न हो।

**कंपनी ने टेंडर होने के बाद यह किया:** कंपनी ने यहां पर तैयारी शुरू कर ली है। मिट्टी का परीक्षण किया जा चुका है पर डिजाइन फाइनल न होने के कारण काम शुरू नहीं हो पा रहा है। निर्माण एजेंसी को सबसे पहले रेलवे स्टेशन की अंदरूनी डिजाइन तैयार करनी है। इसमें स्टेशन भवन, पैदल पुल, सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग आदि का फोटो के साथ मेजरमेंट लिया जाना है। इसके बाद इस डिजाइन रिपोर्ट को निर्माण विभाग रिव्यू करेगा। स्वीकृति मिलने पर ही काम शुरू हो पाएगा। डिजाइन को लेकर रेलवे अधिकारियों ने भी नाराजगी जताई है।

**सिंहस्थ के पहले तैयार करने का है लक्ष्य:** उज्जैन में 2028 में होने वाले सिंहस्थ को देखते हुए इंदौर में नया स्टेशन इससे पहले ही तैयार करने का लक्ष्य रखा है, क्योंकि सिंहस्थ में बड़ी संख्या में पूरे देश से यात्री उज्जैन पहुंचेंगे और इंदौर इसके लिए प्रमुख स्टेशन होगा। इसे देखते हुए इसे ज्यादा यात्रियों के लिए सिंहस्थ के पहले तैयार करने की योजना है। जानकारों का कहना है कि जिस तरह से इस साल हुए प्रयागराज कुंभ में लोगों की भीड़ आई थी, उस हिसाब से उज्जैन सिंहस्थ में भी भीड़ आएगी। रेलवे स्पेशल ट्रेनें भी चलाएगा।

#### 50 साल की जरूरत को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा

सांसद लालवानी ने बताया कि नया स्टेशन 50 साल की जरूरत को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा और नई बिल्डिंग 7 मंजिला होगी। पहले चरण में 495 करोड़ खर्च होंगे और साल 2027 में स्टेशन ऑपरेशनल होगा। लालवानी ने बताया कि नया स्टेशन सर्वसुविधायुक्त होगा और 26 लिफ्ट एवं 17 एस्केलेटर होंगे। रेल यातायात और यात्री संख्या के लिहाज से आने वाले समय में रेलवे स्टेशन का विस्तार करना जरूरी हो गया है। स्टेशन से प्रतिदिन 68 ट्रेनों का आना-जाना होता है और 30 से 35 हजार यात्री सफर करते हैं। रेल यातायात दबाव बढ़ने के चलते आधा दर्जन से अधिक लंबी दूरी की ट्रेनों का संचालन महू स्टेशन से किया जा रहा है।

---

# सैनिकों के सम्मान में इंदौर उतरा सड़कों पर तिरंगा यात्रा में दिखा देशभक्ति का जुनून

### निगम ने बांटे तिरंगे, समाज के सभी वर्गों के नागरिकों ने उत्साह के साथ की सहभागिता

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में निकाली गई तिरंगा यात्रा का जुनून नजर आया। इस यात्रा में समाज के सभी वर्गों के नागरिकों ने जोश के साथ सहभागिता की। यात्रा में भाग लेने के लिए पहुंचे नागरिकों को इंदौर नगर निगम द्वारा तिरंगे झंडे का वितरण भी किया गया।

बड़ा गणपति से प्रारंभ होकर राजबाड़ा तक निकली इस यात्रा में इंदौर शहर राष्ट्रभक्ति के रंग में डूब गया। मुख्यमंत्री विशेष रथ में सवार होकर पूरे मार्ग पर जनसमुदाय का अभिवादन करते रहे। यात्रा के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारों से आसमान गूंज उठा। पूरे यात्रा मार्ग पर देशभक्ति के गीतों की गूंज हो रही थी। बच्चों से लेकर युवा और बुजुर्ग तक सभी इस यात्रा का हिस्सा बने थे। अल्पसंख्यक वर्ग के नागरिक अपनी परंपरागत वेशभूषा में इस यात्रा में शामिल हुए। हर धर्म, जाति और वर्ग के नागरिकों की व्यापक भागीदारी ने निकली तिरंगा यात्रा को एकता और देशप्रेम का प्रतीक बना दिया। बच्चों से लेकर वृद्धों तक सभी ने भारत माता के सम्मान में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कहा कि पूरा प्रदेश एक तरफ और इंदौर एक तरफ। यह शहर जो करता है वह अद्भुत, अकल्पनीय और ऐतिहासिक करता है। ऐसा ही कुछ हमारी सेना के जवानों ने पाकिस्तान को रण में धूल चटाकर किया है। सेना के सम्मान में इंदौर का यह प्रेम देखकर मन उत्साह और उमंग से भर उठा है। मुख्यमंत्री ने पाकिस्तान को धमकाते हुए कहा कि हमारी सेना ने अभी तो यह सिर्फ ट्रेलर दिखाया है, पूरी पिक्चर अभी बाकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत नए युग में प्रवेश कर चुका है। तिरंगा यात्रा में कल सेना के शौर्य और पराक्रम के सामने नतमस्तक होकर मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचे, जो तिरंगा हाथों में ले देशभक्ति के नारे लगा रहे थे। मुस्लिम समाज के मंच से पुष्पवर्षा की गई।

**पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुआ सिंधी समाज:** हजारों की तादाद में शामिल हुए सिंधी भाइयों ने सिर पर सिंधी टोपी लगा रखी थी। वे सभी देशभक्ति गीतों पर थिरक भी रहे थे।

**जवानों ने कैमरे में कैद की तिरंगा यात्रा:** तिरंगा यात्रा के लिए कल बीएसएफ ने भी बड़ी तैयारी कर रखी थी। एक तरफ सेना का बैंड देशभक्ति गीतों पर लोगों को थिरका रहा था तो वहीं तिरंगा यात्रा को बीएसएफ के जवान अपने कैमरे में कैद कर रहे थे।

#### बीएसएफ जवानों के साथ सेल्फी की मची होड़

तिरंगा यात्रा को अपने कैमरे में कैद करने के लिए पहुंचे बीएसएफ के जवानों के साथ चल रहे सशस्त्र जवानों के साथ सेल्फी और फोटो लेने वालों में होड़ मच गई। जवानों ने भी तिरंगा यात्रा में शामिल किसी भी इंदौरी को नाराज नहीं किया और सभी के साथ फोटो खिंचवाई। तिरंगा यात्रा के दौरान वैसे तो मंचों से मुख्यमंत्री को भारत माता और महापुरुषों की तस्वीरें और तलवार भेंट की गई, मगर टोरी कार्नर पर गुरु की फैमस चाय के लिए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इशारा किया, जिस पर वहां मुख्यमंत्री के साथ सभी ने केसरयुक्त चाय का लुत्फ उठाया, वहीं महापौर के हाथों में किसी ने कचौरी थमाई, जिसका मंत्री विजयवर्गीय ने भी लुत्फ उठाया।

---

# मेट्रो : टीसीएस से रेडिसन तक ट्रायल रन पर फोकस





### प्रभारी एमडी बोले- गांधी नगर से टीसीएस के बीच कमर्शियल रन की तैयारियां रखें

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**

गांधी नगर से टीसीएस के बीच मेट्रो के कमर्शियल रन की तैयारियां पूरी रखें। इसके लिए तैयार स्टेशन की सफाई और सुरक्षा मुस्तैदी से की जाए। अब टीसीएस से रेडिसन-विजयनगर तक चल रहे ट्रैक व स्टेशन के कामों में तेजी लाएं। हमारा 11 किमी के इस कॉरिडोर पर भी जल्द ही मेट्रो चलाने का लक्ष्य है। मेट्रो का 17 किमी का एलिवेटेड ट्रैक तैयार है। इस पर ट्रॉली रन भी हो चुका है। अंडरग्राउंड के लिए भी काम में तेजी लाएं। चौबीस घंटे काम करने की जरूरत है। प्रभारी एमडी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन संकेत भोंडवे ने निर्देश दिए। उन्होंने एलिवेटेड ट्रैक और कमर्शियल रन के लिए तैयार प्रायोरिटी कॉरिडोर का निरीक्षण किया और कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान भोंडवे ट्रैक, स्टेशन व डिपो तीनों जगह पहुंचे। प्रायोरिटी कॉरिडोर, एससी 3 स्टेशन से गांधीनगर तक मेट्रो में यात्रा भी की।

#### स्टेशन का सिविल वर्क पूरा

एमडी भोंडवे ने अफसरों को स्पष्ट कर दिया, प्रायोरिटी कॉरिडोर के साथ ही हमारा लक्ष्य पूरे 17 किमी पर कमर्शियल रन जल्द से जल्द शुरू करना है। एलिवेटेड ट्रैक और स्टेशन का सिविल वर्क पूरा हो गया है। अब हमें इनके तकनीकी काम करने हैं। इन कामों को करते समय हमारी कोशिश रहे, यह परीक्षण की तैयारियों के अनुरूप ही किए जाएं, जिससे सीएमआरएस निरीक्षण के लिए अलग से काम नहीं करना पड़े और पहली बार में ही हमारा ट्रैक सफल हो जाए। मेट्रो कॉर्पोरेशन का संचालन डिपो से ही हो रहा है।

---

# कैबिनेट बैठक के लिए राजवाड़ा में रहेगा अस्थायी मुख्यमंत्री कार्यालय

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**



मंगलवार 20 मई को मोहन सरकार की कैबिनेट बैठक इंदौर के राजवाड़ा में आयोजित की गई है, जिसकी जोर-शोर से तैयारियां चल रही है। पुलिस-प्रशासन, निगम, प्राधिकरण से लेकर सभी विभाग इसमें जुटे हैं। वहीं राजवाड़ा में ही अस्थायी सीएम कार्यालय भी तैयार किया जा रहा है और कलेक्टर ने इस बैठक को लेकर अधिनस्थ अधिकारियों को जिम्मेदारी भी सौंप दी है। पूरी मोहन सरकार इस अवसर पर इंदौर में मौजूद रहेगी। संभव है कुछ मंत्री और अफसर एक दिन पहले ही शहर पहुंच जाएं। लोकमाता अहिल्या देवी की 350वीं वर्ष समाप्ति के अवसर पर यह बैठक आयोजित की गई है। नगर निगम द्वारा जहां राजवाड़ा के सामने स्थित अहिल्या उद्यान को सजाया-संवारा जा रहा है, वहीं प्रतिमा को भी विशेष केमिकल से साफ किया गया। कूड़ा-करकट हटाकर पूरे उद्यान में नए सजावटी गमले भी लगाए जा रहे हैं, तो फव्वारे को भी चालू किया गया है। दूसरी तरफ राजवाड़ा के भीतर भी कैबिनेट बैठक के लिए पूरा सेटअपर किया जा रहा है। इसके लिए विशाल टेबल और मुख्यमंत्री से लेकर सभी मंत्रियों और मुख्य सचिव के साथ सभी अधिकारियों की बैठक व्यवस्था की जा रही है और उनके साथ ही अस्थायी सीएम कार्यालय भी बनाया जा रहा है। कलेक्टर ने अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है, जिसमें प्रशासन से लेकर निगम और अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हैं। मुख्य आयोजन यानी राजवाड़ा के लिए अपर कलेक्टर रिंकेश वैश्य और उनके साथ एसडीएम निधि वर्मा की ड्यूटी लगाई गई है और पिछले दिनों निलंबित किए गए अपर तहसीलदार नांदेड़ा को भी उनके साथ ड्यूटी पर लगाया गया है। वहीं सीएम ग्रीन रूम की जिम्मेदारी एसडीएम सीमा कनेश और तहसीलदार विकास रघुवंशी को सौंपी गई है, तो अहिल्या उद्यान और प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण सहित अन्य जिम्मेदारियां निगम के अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर देखेंगे। कैबिनेट में शामिल होने वाले सभी अतिथियों के सत्कार और उन्हें प्रतीक चिन्ह वितरण की जिम्मेदारी प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रामप्रकाश अहिरवार और सम्पदा अधिकारी मनीष श्रीवास्तव को सौंपी गई है। अस्थायी सीएम कार्यालय का जिम्मा एसडीएम श्रीमती कल्याणी पांडे और आईटी अधिकारी शीतल पाठक के जिम्मे रहेगी।

### मां के घर छोड़कर जाने के तनाव में किशोरी ने जान दी

**इंदौर।** संयोगितागंज क्षेत्र में 14 साल की किशोरी ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। एक माह पहले पारिवारिक विवाद के कारण किशोरी की मां घर छोड़कर चली गई थी। किशोरी का अपनी मां से गहरा लगाव था। मां उसे एक शादी समारोह में भी मिली, लेकिन तब मां ने उससे बात नहीं की थी। इससे किशोरी ज्यादा तनाव में आ गई और आत्महत्या का कदम उठा लिया। कमरे से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। श्यामाचरण शुक्ल नगर में रहने वाली पूर्वी पिता सुरेश खांडे ने अपने घर के एक कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। जब वह देर तक घर में नजर नहीं आई तब बड़ी बहन ने कमरे में जाकर देखा तो उसके होश उड़ गए। पूर्वी फांसी के फंदे पर लटकी थी। पूर्वी ने पिता को कॉल कर घटना के बारे में बताया। इसके बाद पुलिस को भी सूचना दी गई। पिता सुरेश ट्रैवल्स के कर्मचारी है। वे रात को ड्यूटी पर गए थे। पूर्वी की आत्महत्या के बारे में पता चला तो घर लौटे। उन्होंने बताया कि पूर्वी आठवीं कक्षा की छात्रा थी। वह अपनी मां से बहुत प्यार करती थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

---

# हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय पर किया प्रदर्शन

### लव जिहाद के आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और सख्त सजा देने की मांग

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**



भोपाल सहित प्रदेशभर में बड़े स्तर पर चल रहे लव जिहाद के विरोध में सकल हिंदू समाज से जुड़े संगठनों ने इंदौर कलेक्टर कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा। सभी ने लव जिहाद में शामिल लोगों पर पुलिस द्वारा कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने और सख्त सजा देने की मांग की।कलेक्टर कार्यालय पर हिंदूवादी संगठनों और समाज के अन्य वर्गों के प्रतिनिधि एकत्रित हुए। संगठन के संजय भाटिया ने बताया कि मुख्यमंत्री के नाम दिए गए इस ज्ञापन में पिछले दिनों भोपाल में बड़े पैमाने पर लव जिहाद का मामला सामने आया है। साथ ही उज्जैन, इंदौर, रीवा, सागर, दमोह और मुरैना में भी इस तरह की घटनाएं हुई हैं। ऐसे में प्रदेश में इसके खिलाफ व्यापक अभियान चलाने की आवश्यकता महसूस हो रही है। संगठन के लोगों ने ज्ञापन में लव जिहाद के मामले में एनआईए जैसी एजेंसी को इस प्रकार के मामले सौंपने की मांग की है, ताकि इस अंतरराज्यीय संगठित अपराध के मामले उजागर हो सके।

वहीं अपराध में शामिल और सहयोग करने वालों को भी अपराधी बनाया जाएं, वहीं शासकीय और अशासकीय विभागों में कार्यरत कर्मचारियों के पुलिस वेरिफिकेशन भी हो। सरकार ने ऐसे व्यक्तियों को फांसी जैसा कड़ा दंड देने की घोषणा की थी। इसको लेकर प्रकरण में पर्याप्त साक्ष्य जोड़े जाएं, जिससे इस प्रकार के लोग छूट नहीं पाएं। इसके साथ ही 9 बिन्दुओं पर कार्रवाई की मांग मुख्यमंत्री से की गई है, ताकि प्रदेश में तेजी से पनपते लव जिहाद के मामले रोके जा सके।

---

**सर्वे**

### नदियों में जल की सतत आवक सुनिश्चित करने हेतु हाईड्रोलॉजिकल सर्वे भी कराया जा रहा

# जलगंगा अभियान में करोड़ों के इनाम के साथ कुओं-बावड़ियों का जलपुनर्जीवन

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**




नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने बताया है कि शहर के 411 पुराने कुओं का जीर्णोद्धार कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसके साथ ही शहर की पारंपरिक बावड़ियों को पुनर्जीवित करने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं। नदियों में जल की सतत आवक सुनिश्चित करने हेतु हाईड्रोलॉजिकल सर्वे भी कराया जा रहा है। जल कार्य समिति के प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू ने बताया कि यह अभियान तीन साल पहले शुरू किया गया था और अब तक 15 तालाबों का गहरीकरण किया जा चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आव्हान पर पूरे प्रदेश में जलगंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना है। अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागों को सम्मानित किया जाएगा। इसके तहत कलेक्टरों और जिला पंचायत के सीईओ को नकद पुरस्कार भी दिए जाएंगे, जिससे कार्य में उत्साह और प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।

#### पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की पुरस्कार योजना

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने जलगंगा संवर्धन में उल्लेखनीय योगदान के लिए पुरस्कारों की घोषणा की है। समग्र प्रदर्शन के आधार पर जिले के कलेक्टर को क्रमशः ?1,50,000, ?1,25,000 और रुपए 1,00,000 की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को रुपए1,00,000, रुपए75,000 और रुपए 50,000 की नकद राशि प्रदान की जाएगी। वहीं, जिले के अमले को भी 6 लाख, 4.5 लाख और 3 लाख रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी।

#### ए और बी श्रेणी में बांटी जाएंगी पुरस्कार श्रेणियां

पुरस्कार वितरण दो श्रेणियों – ए और बी – में किया जाएगा। जिला स्तरीय पुरस्कार के लिए ए श्रेणी में चार या उससे कम जनपद और बी श्रेणी में पांच या उससे अधिक जनपदों को शामिल किया गया है। विकासखंड स्तरीय पुरस्कार के लिए ए श्रेणी में 70 या उससे कम ग्राम पंचायतों वाली जनपद पंचायतें और बी श्रेणी में 71 या उससे अधिक ग्राम पंचायतों वाली पंचायतें आएंगी। दोनों स्तरों पर प्रथम पुरस्कार के तहत कलेक्टर को 1 लाख, सीईओ को 75 हजार, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री को 50 हजार और जिले के अमले को 2.75 लाख रुपए दिए जाएंगे।

---

# क्लाइमेट मिशन के तहत 100 दिन में बचाई डेढ़ करोड़ यूनिट बिजली

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**

देश में स्वच्छता को लेकर पहचान बनाने वाले इंदौर ने जलवायु परिवर्तन में नई लकीर खींची है। 100 दिन के इंदौर क्लाइमेट मिशन में डेढ़ करोड़ यूनिट बिजली बचाई है। अभियान के तहत नगर निगम और एनर्जी स्वराज फाउंडेशन के प्रो.चेतन सिंह सोलंकी ने शहर में चार लाख से ज्यादा लोगों को ऊर्जा साक्षर बनाया। रहवासी संघों, स्कूल, कॉलेजों में जाकर चौपाल लगाई और जलवायु परिवर्तन के खतरों को और उन्हें कम करने के उपयों को बताया। मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से बारह हजार मेट्रिक टन कार्बन डाईआक्साइड गैस का उत्सर्जन रुका। दो माह के अभियान में पौने दस करोड़ रुपये की वित्तिय बचत भी दर्ज हुई। प्रो.सोलंकी ने कहा कि दूसरे देश कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए तकनीकों का इस्तेमाल कर रहे है, लेकिन इंदौर ने जनभागीदारी से इस मिशन को अंजाम दिया है। जो चार लाख से ज्यादा लोग ऊर्जा साक्षर बने है, उनमे ज्यादातर बच्चे और युवक है। वे बिजली बचत का संस्कार भी अभियान के बहाने सीख गए है, जो जीवनभर के लिए आदत में बदल जाएगा। उन्होंने बताया कि 100 दिन के इस अभियान में जलवायु चौपाल लगाई।

## ब्रीफ न्यूज

### रिठौरा सागर तालाब के बंड पर की साफ-सफाई

**मुरैना।** जल संसाधन संभाग मुरैना के अधीनस्थ जल संसाधन ए.बी.सी. उपसंभाग क्र. 2 मुरैना के अनुविभागीय अधिकारी अंकित प्रताप सिंह, सुरेश चन्द्र शर्मा उपयंत्री, डी.के. गौड उपयंत्री एवं मुलायम सिंह तोमर, हेल्पर, विनोद सिकरवार हेल्पर तथा विभागीय मैदानी कर्मचारियों द्वारा शुक्रवार को जल गंगा संवर्धन अभियान-2025 के अंतर्गत रिठौरा सागर तालाब के बंड की साफ सफाई का कार्य जन भागीदारीध्जन सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों ने विभागीय मैदानी कर्मचारियों के साथ श्रमदान किया।

### जिला स्तरीय दावे-आपत्तियों के निराकरण बैठक 21 मई को

**मुरैना।** आंगनबाड़ी, मिनी कार्यकर्ता, सहायिका के दावे-आपत्तियों के निराकरण संबंधी जिला स्तरीय बैठक 21 मई को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत के सभागार में आयोजित की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती उपासना राय ने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मिनी कार्यकर्ता, सहायिका के प्राप्त आवेदनों पर दावे-आपत्तियों के संबंध में निराकरण हेतु बैठक आयोजित की गई है। बैठक में अध्यक्ष सीईओ जिला पंचायत होंगे। जबकि सदस्य के रूप में कलेक्टर द्वारा नामांकित सदस्य डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्रतिज्ञा शर्मा, अध्यक्ष स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास समिति श्रीमती गिरिजा देवी, जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा नामांकित सदस्य श्रीमती रेश्मा कुशवाह और संबंधित परियोजनाओं के परियोजना अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाब गहरीकरण का कार्य किया

**मुरैना।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति उम्मेदगढ़ बांसी के द्वारा ग्राम उम्मेदगढ़ वांसी में तालाब का गहरीकरण किया गया। इस दौरान मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सतीश तोमर ने बताया कि जल संरक्षण तालाब एक रणनीतिक अनुकूलन अभ्यास साबित होते हैं, जो मानसून के दौरान वर्षा जल को इकट्ठा करते हैं और भूजल भंडार को फिर से भरते हैं, साथ ही भूस्खलन ढलानों से अत्यधिक कटाव और सतह के अपवाह को रोकते हैं। जौरा के ब्लॉक समन्वयक बीडी शर्मा ने ग्राम वासियों से चर्चा करते हुए कहा कि तालाब गहरीकरण जल संरक्षण का एक महत्वपूर्ण तरीका है। इससे तालाब की जल धारण क्षमता बढ़ती है, जिससे अधिक पानी जमा हो सकता है और भूजल स्तर भी ऊपर उठ सकता है। यह सिंचाई और पीने के पानी की आपूर्ति में मदद करता है, तालाबों का गहरीकरण जन सहभागिता से भी किया जा सकता है। वहीं नवांकुर समिति सचिव विष्णु सिंह तोमर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चलाई जा रहीं सभी गतिविधियों और कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में सहायक प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी हरेंद्र सिंह तोमर, नवांकुर समिति से कैलाश शर्मा, विष्णु सिंह तोमर, परीक्षित शर्मा, अलकेश राठौर, जितेंद्र शर्मा, परामर्शदाता प्रशांत शर्मा, शिवानी शर्मा, जया बागड़े, श्रीकुमार शर्मा, विनोद शर्मा, विकाश सिंह तोमर, धनेश कुमार शर्मा, बलिराम, प्रिया तोमर आदि छात्र छात्राएं मौजूद थे।

### ग्राम पंचायत विजयगढ़ के सरपंच, सचिव, सहायक सचिव ने डकारे एक करोड़

# कागजों में तैयार हुए 7 डेम

### ■ जिला कलेक्टर के साथ ग्रामीणों ने संचालक पंचायत विकास भोपाल को जांच के लिए भेजा पत्र

सत्ता सुधार ■ मुरैना

मुख्यालय पर बैठे जिला कलेक्टर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के अधिकारियों की अनदेखी के कारण जिले की पंचायतो में झंकार भ्रष्टाचार मचा हुआ है और कार्यों में ही निर्माण कार्य कराई जा रहे हैं। यही नहीं मनरेगा के तहत भी मशीनों से काम हो रहा है, मजदूर को काम नहीं मिल रहा। जिले की पंचायत में खुलेआम राज्य सरकार की मंशा को धूमिल किया जा रहा है, लेकिन जिला स्तर पर बैठे अधिकारी भ्रष्ट सरपंच, सचिव एवं अन्य सरकारी अधिकारी कर्मचारियों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे, जिससे वह बेलगाम होकर अनियमितताओं को अंजाम दे रहे हैं। जागरूक ग्रामीण शिकायत कर रहे हैं तो कहीं कोई कार्रवाई नहीं हो रही है जिससे भ्रष्ट तंत्र की पोल खुल रही है।

पोरसा जनपद की ग्राम पंचायत विजयगढ़ के ग्रामीणों द्वारा राजधानी में बैठे संचालक पंचायत के नाम शिकायत भेजते हुए बताया है कि वर्तमान सरपंच श्रीराम सखवार, सचिव राजेन्द्र सिंह सखवार एवं नरेश सखवार सहायक सचिव के द्वारा बिना कार्य कराये शासकीय राशि रोजगार गारन्टी योजना से 7 डेमों के 14-14 लाख रूपये की राशि निकाल ली गई है। जग कि मौके पर कोई काम नहीं करवाया है। ग्राम पंचायत विजयगढ़ में शासकीय कुए खुले पड़े है जबकि 50,000 रूपए स्टीमेट के हिसाब से राशि आहरित की गयी है। कुछ कुओं को पत्थर की रस्मी से ढक दिया है, शेष की राशि हड़प ली गई है। जनपद सी.ई.ओ. ने जिगनी गांव ब्लॉक पोरसा में अपनी पत्नी के नाम से सीमेन्ट गट्टा फैक्ट्री लगाई है। इनके द्वारा पूरे ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में गट्टा वितरित किया जा रहा है। जनपद सी.ईओ. द्वारा बांध निर्माण में पचायतों से अपना हिस्सा बंधा हुआ है। रात्रि में जे.सी.बी. मशीनों द्वारा कार्य किया जाता है। मनरेगा के तहत मजदूरों से कार्य नहीं करवाया जा रहा है।



#### पीएम आवास सर्वे में निर्माण के लिए राशि दिलाने पर ली जा रही रिश्वत

ग्रामीणों ने शिकायत में बताया है कि पी.एम. आवास सर्वे में सरपंच की मिलीभगत से सचिव व जी.आर.एस. द्वारा निर्माण के लिए राशि दिलाने के नाम पर किसी से 10,000 तो किसी से 20,000 रूपए मांगे जा रहे हैं और हितग्राही को 2,50,000 रूपये का आश्वासन दिया जा रहा है। सरपंच एवं सचिव के द्वारा अपने कर्मचारी छोड़ दिए गए हैं जो राशि डेढ़ लाख, 2 लाख, ढाई लाख की राशि मंजूर करने की एवज में 40,000 रूपए देने पड़ेगे, अगर 1,50,000 आता है तो 20.000 रूपए देने पड़ेगे। 15वीं वित्त व राजवित्त व डवों वित्त की राशि 2023-24 व 2024-25 बगैर स्टीमेट के ही खुर्द-बुर्द कर दी गयी है।



#### कुएं में गिरी गाय के ऊपर ही मिटटी डलवाकर भर दिया, जांच हो तो कंकाल निकल सकते हैं

ग्राम पंचायत विजयगढ़ के पंचगढ़ मूला शर्मा, रजनी देवी, आनंद, रमेश शर्मा, कमलेश, राजीव शर्मा, आकाश तोमर, श्रीनिवास शर्मा, चंदू शर्मा, गौरव सिंह, विष्णु शर्मा, बृजेश शर्मा, रमेश, विनोद शर्मा, दलबीर सिंह, विपिन आदि द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को भ्रष्टाचार संबंधी की गई शिकायत में बताया है कि खुले पड़े कुए में दो गाय जिन्दा गिर पड़ी थी, जिन्हें निकालने की बजाय जिन्दा गायों को ऊपर से मिट्टी डालकर दवा दिया गया है, अगर इस मामले की जांच निष्पक्ष की जाए तो आज भी मिट्टी निकलवाने पर गाय के कंकाल मौके पर मिलेगे।

## सांदीपनि सीएम राइज स्कूल सबलगढ का समर कैंप समापन समारोह संपन्न




सत्ता सुधार ■ सबलगढ़

सांदीपनि सीएम राइज विद्यालय में समर कैंप का समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे बीईओ पीएल शर्मा, विशिष्ट अतिथि क्रीड़ा प्रभारी वीरभान सिंह जादौन एवं बालक-बालिकाओं के पालक शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य ब्रह्मानंद शर्मा ने की। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा इंग्लिश स्पीकिंग में भी बच्चों ने प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर बीईओ श्री शर्मा ने अपने उद्बबोधन में समर कैंप से बच्चों मे जो विकाश होगा उससे अवगत कराया तथा प्राचार्य एवं प्रशिक्षकों को सफल समर कैंप संचालन की बधाई दी। प्रशिक्षकों द्वारा तीन थीम्स मे बच्चों को पारंपरिक नृत्य, गायन, वादन, खेलकूद, योग समर कैंप के माध्यम से उनका प्रशिक्षण प्रतिदिन दिया गया। समापन के अवसर पर मौजूद अतिथियों ने समर कैंप में शामिल बालक व बालिकाओं को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान किये। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य धर्मेंद्र सिंह जादौन मिडिल स्कूल प्रभारी, देवेंद्र शर्मा, प्राथमिक स्कूल प्रभारी लोकेन्द्र गुप्ता, दुर्गाकांत गर्ग, परसादी मीणा, रवि बंसल, शिव कुमार यादव, राकेश हरदैनिया मौजूद रहे। मंच का संचालन संतोषी लाल सिंघल ने किया।

### अग्रवाल महासभा का विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर आज

**मुरैना।** अग्रवाल महासभा मुरैना द्वारा एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन अग्रवाल सेवा सदन टी आर पुरम पर आज 18 मई 2025 को सुबह 08:30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक किया जा रहा है। कार्यकम संयोजक श्रीमती शशि अग्रवाल अध्यक्ष अग्रवाल महिला मण्डल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ती में बताया कि स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन स्व. श्रीमती शीलादेवी गर्ग पत्नी रमेश गर्ग मुख्य संरक्षक अग्रवाल महासभा की पावन स्मृति में डॉ. आनन्द बंसल जी बी आई एम आर हॉस्पीटल्स ग्वालियर के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस शिविर में डॉ. आनन्द बंसल के नेतृत्व में बिरला हॉस्पीटल के वरिष्ट चिकित्सकों के द्वारा समस्त रोगों का परीक्षण कर उपचार किया जावेगा। साथ ही शिविर में चयनित मरीजों के आंखों के आपरेशन बी.आई.एम.आर. हॉस्पीटल्स ग्वालियर में किये जायेंगे। जिन मरीजों ने अपने पंजीयन नहीं करा पाए हैं। उनके पंजीयन अग्रवाल सेवा सदन पर ही किये जायेंगे। मरीजों के लाने व ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था अग्रवाल महासमा के द्वारा की गई है, जिससे मरीजों को आने जाने में परेशानी का सामना न करना पडे। साथ ही साथ जिला चिकित्सालय के सहयोग से आयुष्मान कार्ड भी बनाए जावेंगे। मरीज अधिक जानकारी के लिए जयप्रकाश गुप्ता मो.नं. 7000979972 पर संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

## बानमोर में पुनः एक्सप्रेस गाडियों के ठहराव के लिये डीआरएम के नाम स्टेशन मैनेजर दिया ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ बानमोर



वरिष्ठ नागरिक परिसंघ के द्वारा नगर के वरिष्ठ नागरिकों व व्यापार मण्डल के अध्यक्ष सहित स्टेशन प्रबंधक के माध्यम से मण्डल रेले प्रबंधक झाँसी के नाम ज्ञापन दिया है।

ज्ञातव्य हो कि कोरोना काल से पूर्व रेल्वे स्टेशन बामौर पर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का ठहराव था, जिसे बन्द करने के बाद पुनः अभी तक प्रारम्भ नही किया गया है। इस कारण यात्रीगण, व्यापारी, बानमोर सीतापुर औद्योगिक क्षेत्र के कर्मचारियों सहित शनिदेव, बटेश्वर मन्दिर समूह, पढावली गढ़ी, विष्णू मन्दिर व करहधाम के पर्यटक दर्शनार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि बामौर स्ठेशन पर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का पुनः ठहराव किया जावे।

ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से तहसील अध्यक्ष हरीमोहन दीक्षित, प्रदेश उपाध्यक्ष पं. मनमोहन शर्मा, व्यापार मण्डल के अध्यक्ष रमेश चन्द शर्मा, उपाध्यक्ष मुन्नालाल, रामहेत, सतीश बांदिल, विनोद गुप्ता, मनोज बांदिल, वृन्द्रावन सिंह घुरैया, शिवपाल सिंह तोमर, राकेश शिवहरे, नत्थीलाल रजक मौजूद रहे।

## स्विफ्ट डिजायर कार से अवैध शराब तस्करी कर रहा आरोपी गिरफ्तार, डेढ़ लाख की शराब बरामद



सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले की नूराबाद थाना पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम ग्वालियर से अवैध तस्करी कर नगरा की ओर ले जाई रही जा रही अवैध शराब के साथ स्विफ्ट डिजायर गाड़ी से तस्कर को गिरफ्तार किया है और डेढ़ लाख रुपए की अवैध देशी शराब बरामद की है।

थाना प्रभारी नूराबाद ओ.पी. रावत को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सीतापुर तिराहा टेकरी सुमावली रोड़ पर से कार के माध्यम से अवैध शराब तस्करी कर ले जाई जा रही है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना नूराबाद पुलिस द्वारा चैकिंग लगाई गई स चैकिंग के दौरान सामने से एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक डीएल 9 सीएडी 3949 आती दिखी, जिसे फोर्स की मदद से घेराबंदी कर रोका एवं तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान गाड़ी से 25 पेटी देशी मदिरा प्लेन, 05 पेटी देशी मसाला कुल 30 पेटी शराब कीमती 1,55,000 रुपये बरामद 4 लाख कीमत की गाड़ी को जप्त कर आरोपी राहुल शर्मा निवासी गोपालपुरा मुरैना के विरुद्ध आबकारी एक्ट का मामला दर्ज किया है।

### ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ 19 मई को

**मुरैना।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर वर्ष–2025 के शुभारम्भ के लिये बैठक कॉन्फ्रेंस हॉल, पुलिस लाईन मुरैना में गत दिवस सम्पन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया कि शिविर का शुभारम्भ 19 मई से प्रारम्भ होगा। मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में शिक्षा एवं जिला स्तरीय खेल संघों से सहयोग से जिला मुख्यालय पर 10 खेलों (एथलेटिक्स, हॉकी, थ्रॉ बॉल, बैडमिंटन, फुटबॉल, योगा, व्हॉलीवॉल, क्रिकेट, लॉन टेनिस, ताईक्वाण्डों) का नियमित प्रशिक्षण शिविर चिन्हित किए गए है। ये विभिन्न खेल मैदानों पर 19 मई 2025 से लगभग 30 दिवसीय प्रातः 6 से 8 बजे के मध्य आयोजित होंगे। खेलों के शिविरों में रजिस्ट्रेशन पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 22 मई 2025 निर्धारित की गई है। एथेटिक्स, हॉकी खेल का प्रशिक्षण शिविर शा. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय क्रमांक–01 मुरैना, थ्रॉ बॉल खेल का प्रशिक्षण शिविर हॉम गोर्ड ऑफिस के सामने, चम्बल कॉलोनी मुरैना, बैडमिंटन, लॉनटेनिस खेलों का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पुलिस लाईन मुरैना, फुटबॉल, वॉलीबॉल खेल का प्रशिक्षण शिविर पुलिस परेड ग्राउण्ड मुरैना, क्रिकेट खेल का प्रशिक्षण शिविर शा. पॉलिटेक्निक कॉलेज, मुरैना, ताईक्वाडों खेल का प्रशिक्षण शिविर अभ्योदय आश्रम, दीनदयाल पार्क, चम्बल कॉलोनी पार्क, चम्बल कॉलोनी पार्क मुरैना, ताईक्वाण्डों अकेडमी, संजय कॉलोनी मुरैना में किया जायेगा। खेलों में रूचि रखने वाले बालक एवं बालिका खिलाड़ियों एवं उनके संरक्षकों, पालकों, अभिभावकों, खेल संघों के सचिव, अध्यक्ष से अनुरोध है कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना से अधिक से अधिक लाभ लेने के उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए बालक एवं बालिका खिलाड़ियों के रजिस्ट्रेशन करायें।

## संयम की साधना के लिए इंद्रियों को जीतना आवश्यक है: मुनिश्री

सत्ता सुधार ■ मुरैना

संयम की साधना के लिए इंद्रियों को जीतना आवश्यक है। जो इंद्रियों के लोलुपी हैं, विषयानुरागी हैं,ऐसे लोगों से संयम की आराधना नहीं हो सकती, संयम की उपासना नहीं हो सकती। संयम की साधना में इंद्रियां बाधक बनती हैं। सर्दी, गर्मी, प्यास उनसे सहन नहीं होगी, वो व्रत और उपवास नहीं कर पाएगा। ऐसे लोगों के मन में अनेकों प्रकार के विकल्प आयेंगे। ऐसे लोग इंद्रियों की पुष्टि के लिए 24 घंटे काम करते रहते हैं, इंद्रियों की रक्षा के लिए सतत प्रयासरत रहते हैं। आप कितना भी प्रयास कर लेना, ये इंद्रियां सदैव आपका साथ नहीं देंगी।

वे अंतिम समय में आपका साथ छोड़ देंगी, एक न एक दिन ये आपको धोखा अवश्य देंगी। जो तुम्हें धोखा देने वाली हैं, समय रहते उनका सदुपयोग करलो। अपनी इंद्रियों को सही दिशा में लगाते हुए उनका उपयोग करलो। थोड़ा-थोड़ा प्रयास करने से



बहुत बड़ा कार्य हो सकता है। जो लोग इंद्रियों को वश में नहीं करेंगे, वे अनेकों प्रकार की बीमारियों से ग्रसित हो जायेंगे। स्वस्थ रहने के लिए इंद्रियों पर कंट्रोल करना आवश्यक है। स्वस्थ रहने के लिए इंद्रियों पर अंकुश रखना होगा। आप स्वस्थ होगें तो दूसरों की सेवा कर सकेंगे, यदि आप स्वस्थ होगे तो संयम की साधना कर सकेंगे। आने वाला समय आपसे कह रहा है कि अभी भी समय है, आप जाग जाइए। यदि स्वस्थ रहना है तो इंद्रियों पर अंकुश रखिए, यदि आपको संयम की साधना करनी है तो अपनी इंद्रियों पर विजय प्राप्त करिए अन्यथा एक दिन ये इंद्रियां आपका साथ छोड़ देंगी और आप कुछ नहीं कर पाएंगे। उक्त उद्गार दिगम्बर जैन संत मुनिश्री विलोक सागर महाराज ने बड़े जैन मंदिर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

### फिजियो थेरेपी से हुआ 125 मरीजों का उपचार

ज्ञान सेवा सदन मुरैना में चल रहे एक्यूप्रेशर फिजियो थेरेपी चिकित्सा शिविर में तीसरे दिन 125 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया। उक्त शिविर में जोधपुर के फिजियो थेरेपिस्ट विशालकुमार, श्रमण चौधरी, करन चौधरी एवं मनीष चौधरी रोगियों का परीक्षण कर एक्यूप्रेशर फिजियो थेरेपी चिकित्सा पद्धति से उपचार प्रदान कर रहे हैं। उक्त शिविर 15 मई से 21 मई तक स्वयंसेवी संस्था श्री यंग दिगम्बर जैन फाउंडेशन के तत्वावधान में बड़े जैन मंदिर में चल रहा

### मामला सेना के खिलाफ विवादित बयान देने का

## सबलगढ़ कांग्रेसियों ने डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा का पुतला जलाया

सत्ता सुधार ■ सबलगढ़

शनिवार को डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा द्वारा सेना को लेकर दिये बयान के खिलाफ कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह जादौन समेत कांग्रेसी कार्यकर्ताओ बड़ी संख्या में अदालत चौराहे पर प्रदर्शन कर डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा का पुतला दहन किया गया।

इस दौरान सबलगढ़ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने कहा कि डिप्टी सीएम सत्ता के नशे में चूर हैं। कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि ऐसे बयान देने वाले नेताओं को मंत्री पद से हटाया जाये व उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जेल भेजा जाये। प्रदर्शन में कमल सिंह रावत, जिला कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश बंसल, वरिष्ठ नेता त्रिलोक चौधरी, दीपू सिंघल, अभिषेक पचौरी, अजय प्रताप सिंह जादौन, संदीप जादौन, महिला अध्यक्ष शशि कैमोर सहित कई कांग्रेसी उपस्थित रहे।



### सिविल सेवा परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले निःशक्तजन अभ्यर्थियों को प्रोत्साहन योजना का लाभ

**मुरैना।** संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा आयोजित होने वाली सिविल सेवा परीक्षाओं में विभिन्न स्तरों पर सफल होने वाले निःशक्तजनों के प्रतिभागियों को प्रोत्साहन राशि देने की स्वीकृति प्रदान की है। जिसमें प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण होने पर 20 हजार, मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर 30 हजार और अंतिम चयन होने पर 20 हजार रूपये की पात्रता है। जानकारी में बताया गया कि प्रोत्साहन राशि प्रत्येक स्तर पर किसी अभ्यर्थी को एक ही बार देय होगी। निःशक्त अभ्यर्थी को प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने के लिये मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। अभ्यर्थी को प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने हेतु अपने निवास के जिले के संयुक्त संचालक, उप संचालक, सामाजिक न्याय, मध्यप्रदेश को निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत करना होगा। प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने के लिये परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि से 30 दिवस के भीतर आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

## साईं सहारा ग्राम संगठन धूरकूड़ा में 72 दिवसीय जूट शिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम आरम्भ

सत्ता सुधार ■ कैलारस



जूट शिल्प बुनियादी प्रशिक्षण आयुक्त हथकरघा एवं हस्त शिल्प संचनालय भोपाल के द्वारा साई सहारा ग्राम संगठन धूरकूडा में 72 दिवसीय जूट शिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। यह प्रशिक्षण 15 मई से 11 अगस्त तक चलेगा, जिसका उद्घाटन जिला हथकरघा अधिकारी केदारनाथ गुप्ता, लेखापाल जगदीश किरार, पहाड़गढ़ यूको बैंक मैनेजर प्रवीण कुमार शर्मा, सीएचओ सतीश अर्गल, आजीविका मिशन से किशोरी लाल, जगदीश सिंह किरार, मुकेश बुनकर, रोशन लाल एवं रजनी शर्मा की उपस्थिति में किया गया।

इस दौरान साई सहारा ग्राम संगठन की अध्यक्ष आराधना सिंह धाकड़ ने बताया कि यह जूट प्रशिक्षण 72 दिन तक संचालित रहेगा। इसमें 10 हितग्राही महिलाएं जिनको 100 रुपए प्रतिदिन की उपस्थिति दी जाएगी एवं प्रशिक्षण उपरांत जुट कार्य हेतु सिलाई मशीन दी जाएगी। उक्त प्रशिक्षण में मशीन हेतु 90:राशि शासन द्वारा और 10:राशि हित ग्राही की है। इस कार्यक्रम में ग्राम संगठन सचिव सुनीता धाकड़, सह सचिव साधना धाकड, उपाध्यक्ष बबीता धाकड़, कोषाध्यक्ष अनीता धाकड़ एवं हितग्राही रूबी धाकड, रूमाली धाकड, कविता धाकड़, देवकी धाकड, भारती शाक्य, सरस्वती शाक्य, ओमवती धाकड, रामकली धाकड, राजकुमारी धाकड, शारदा धाकड़ उपस्थित रही।

## ब्रीफ न्यूज

### एक महीने का समय है, अच्छी तैयारी करें ताकि परीक्षा में उत्तीर्ण हो सके: कलेक्टर

**दमोह।** इस बार दसवीं और बारहवीं के परिणाम आए हुए हैं जिसमें लगभग 11000 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुए थे। इन विद्यार्थियों को द्वितीय अवसर जून-जुलाई में परीक्षाओं के लिए मिल रहा है। इस सबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया उक्त परीक्षाओं के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है। कलेक्टर कोचर ने बताया 15 मई से इन विद्यार्थियों की कक्षाएं लगाना प्रारंभ की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा सभी विद्यार्थियों और उनके माता-पिता से आग्रह हैं इन कक्षाओं में जरूर भेजें। इनके लिए मटेरियल भी तैयार किया गया है, वो मटेरियल भी इनको सप्लाई किया जा रहा है। विद्यार्थी सभी क्लासेज अटेंड करें, अपने डाऊट्स क्लियर करें और एक महीने का समय इनको मिला है, अच्छी तैयारी करें ताकि परीक्षा में उत्तीर्ण हो सके। उन्होंने कहा यदि अनुतीर्ण विद्यार्थियों को पढ़ाई करने में किसी प्रकार की भी दिक्कत आ रही है तो दमोह हेल्पलाईन पर संपर्क करके हमें अपनी परेशानी बता सकते हैं। हम उसके निराकरण का पूरा प्रयास करेंगे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा मेरा फिर से अनुतीर्ण विद्यार्थियों से उनके माता पिता से अनुरोध हैं कि आपके ही स्कूल में उन्हीं बच्चों के स्कूल में कक्षाएं प्रारंभ कर दी है। 15 मई से इन बच्चों को जरूर स्कूल भेजें ताकि इनका साल भी बर्बाद ना हो और इनका भविष्य उज्वल बने।

### बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**हरदा/टिमरनी।** मध्यप्रदेश के टिमरनी क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से जनता त्रस्त है। बिना पूर्व सूचना के हो रही बिजली गुल से आम जनजीवन, किसान, व्यापारी और छात्र सभी प्रभावित हो रहे हैं। इस जनविरोधी स्थिति के खिलाफ कांग्रेस परिवार टिमरनी द्वारा 19 मई को दोपहर 4बजे, बिजली ऑफिस, टिमरनी में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। टिमरनी कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष जितेंद्र सोनकिया ने कहा कि हमारी प्रमुख मांगे है जिसमें अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल रोक नियमित और सुनिश्चित बिजली आपूर्ति आवश्यक होने पर पूर्व सूचना के बाद कटौती की जाए। कांग्रेस पार्टी जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और यह प्रदर्शन उसी प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

### जय श्री राम,जय केवटराज और जय निषादराज के नारों से गुंजायमान हुआ तेंदूखेड़ा

# तेंदूखेड़ा में केवट जयंती पर निकाली गई ऐतिहासिक भव्य शोभायात्रा

सत्ता सुधार ■ दमोह

तेंदूखेड़ा/दमोह जिले के तेंदूखेड़ा में प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त केवट, रैकवार, माझी, बर्मन आदि समस्त उपजातियों के आराध्य के आराध्य देव भगवान केवटराज जी की जयंती के अवसर पर केवट/माझी समाज तेंदूखेड़ा के द्वारा भव्य शोभायात्रा वार्ड क्रमांक 02 केवट मुहल्ला तेंदूखेड़ा से समाज के वरिष्ठ जनों ने प्रभु श्रीराम और केवटराज जी का पूजन कर प्रारंभ हुई। जिसमें हजारों की संख्या में महिला पुरुषों के साथ छोटे छोटे बच्चे अखाड़ा का प्रदर्शन कर नगर में अखाड़ा के माध्यम से कलाकृतियां दिखाई गई समूचे तेंदूखेड़ा में जब सड़कों पर केवट समाज के द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन दिखाया जा रहा था तब स्थानीय लोग कलाबाजियां देखकर गदगद हो होते गए इस दौरान केवट माझी समाज के युवा और युवतियां,डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए जय श्री राम,जय केवटराज और जय निषादराज के नारों समूचे तेंदूखेड़ा की गलियां गुंजायमान हो गई।



केवट जयंती पर आयोजित भव्य शोभायात्रा नगर भ्रमण उपरांत कन्या शाला स्कूल के पास भव्य शोभायात्रा का समापन किया गया। जहां पर समाज के छोटे-छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर माझी समाज के मंडल अध्यक्ष एवं केवटराज जयंती के संयोजक रामकुमार केवट (टेलर) ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि हम सब मिलकर केवट जयंती का पर्व मनाते हैं। जिस उत्साह के साथ हमारे स्वजातीय बंधुओं का योगदान रहता है। वहीं हमारी ताकत है। माझी जिला दमोह के ग्रामीण अध्यक्ष व युवा माझी समाज के प्रदेश अध्यक्ष मोंटी रैकवार ने संबोधित करते हुए कहा है कि कुछ लोग केवट और रैकवार को एक नहीं मानते हैं। तो उन्होंने कहा कि मोंटी का खून निकाला जाएं और विशाल केवट का खून निकाला जाएं तो मोंटी और विशाल के खून में माझी,केवट, बर्मन, धुरिया,कहार का खून निकलेगा। उन्होंने समाज से आव्हान करते हुए कहा है हमारे लिए तेंदूखेड़ा की एकता को समूचे देश में लेकर चलना है। भाषण के दौरान समाज के ग्रामीण अध्यक्ष मोंटी रैकवार ने मप्र सरकार के मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी से समाज को माझी आरक्षण का लाभ दिलाने का आग्रह किया गया जिस मंत्री धर्मेन्द्र लोधी ने कहा कि आपकी मांग को उचित फोरम पर रखी जाएगी। केवट समाज के वरिष्ठ छोटेलाल केवट (ठेकेदार) एवं पूर्व जल संस्था अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि लगभग 200 साल पहले हमारी केवट समाज उत्तर प्रदेश इलाहाबाद के एक छोटे से ग्राम अटरा से मध्य प्रदेश दमोह जिले के तेंदूखेड़ा में झोपड़ी बनाकर रहने लगे और जिस स्थान पर रहते थे उस स्थान का नाम निषादराज बस्ती एवं केवट मोहल्ले के नाम से जाना जाने लगा लगभग वार्ड क्रमांक 1,2,3 मैं सबसे ज्यादा केवट समाज रहती है और अन्य बस्तियां हैं जैसे मोरिया भाटरिया मैं भी समाज लगभग 40त्न रहती है लगभग सबको मिला करके अगर जोड़ा जाए तो जबेरा विधानसभा में 28000 की संख्या में केवट, रैकवार, बर्मन समाज निवास करती है मध्यप्रदेश सरकार के संस्कृति और पर्यटन मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी केवट जयंती पर संबोधित करते हुए कहा है कि श्रीराम ने केवट से नाव मांगी तो केवट नाव नाव ले आता है। केवट कहने लगा कि मैंने तुम्हारा मर्म जान लिया है। तुम्हारे चरण कमलों की धूल के लिए सब लोग कहते हैं कि यह मनुष्य बना देने वाली कोई जड़ी है। केवटराज ने प्रभु श्रीराम से कहा कि पहले पांव धुलवाओ, फिर नाव पर चढ़ाऊंगा, केवटराज चाहते थे कि वह अयोध्या के राजकुमार को छुएं और उनका सानिध्य प्राप्त करें तब से केवट, रैकवार समाज के हाथ पवित्र है। केवट समाज प्रभु श्रीराम को मानने वालीं समाज है। उन्होंने तेंदूखेड़ा में निषादराज भवन के लिए जगह देने की घोषणा कर शीघ्र ही निषाद भवन बनाने की घोषणा कर कहा कि माझी, केवट और रैकवार समाज की उपजातियों की आरक्षण की जो मांग है उसे उचित फोरम पर रखूंगा। कार्यक्रम का सफल संचालन माझी समाज के युवा जिलाध्यक्ष विशाल केवट, युवा नेत्री मुस्कान केवट आभार समाज के वरिष्ठ धर्मचंद केवट के द्वारा व्यक्त किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से मप्र सरकार के पूर्व मंत्री दशरथ सिंह लोधी, सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह लोधी, नगर परिषद अध्यक्ष ऋषभ जैन, दीपक जैन, गोंविद यादव,केवट समाज वरिष्ठ छोटे लाल केवट(ठेकेदार ), धर्मचंद केवट,राजू केवट,तखत केवट,रमेश केवट,कल्लू केवट,शिवचरण केवट काशीराम केवट,सरजू केवट,हरि सिंह केवट,हिमांशु रैकवार,राम रैकवार,अजय रैकवार, धर्मेन्द्र रैकवार, हेमराज रैकवार,जितेंद्र केवट,अमर केवट ,मनीष केवट,अमित केवट,गोविंद केवट,सुमित केवट,संदीप केवट प्रिंस केवट,राजा केवट सहित तेंदूखेड़ा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रही।

# वर्षों से सरकारी कार्यालय में अंगद के पांव की तरह जमे पदस्थ इंजीनियर

### घटिया कार्यों की जांच कराकर कार्यवाही में कोताही

सत्ता सुधार ■ हरदा

जिले के सरकारी कार्यालयों में पदस्थ इंजीनियर वर्षों से अंगद के पांव की तरह जमे हुए हैं। सेवानिवृत होने की कगार पर हैं, उन्हें इधर से उधर नहीं किया गया। जिसकी वजह से पद एवं अधिकार का दुरुपयोग करते हुए मनमानी करते हैं और दायित्वों के निर्वहन में घोर उदासीनता करते हैं। कार्यशाला के दौरान किराये गये निर्माण कार्यों का बारिकी से निरीक्षण कर वास्तविकता का पता लगाया जाये तो चौंकाने वाली स्थिति सामने आ जायेगी। नगर पालिका हरदा में इंजीनियर का 5 पद स्वीकृत है। जिसमें चार पदस्थ हैं। श्री दोगने, एस.के. बोहरे, श्री चौरसिया और श्री दुबे सभी लंबा कार्यकाल इस कार्यालय में बिता चुके हैं।इसी तरह खिडकिया नगर परिषद में श्री सोनी को भी कार्यकाल इस कार्यालय में बिता चुक ा है। न तो ट्रांसफर किया जा रहा है और न हीं गुणवत्ता विहीन कार्यों की अन्य उच्च स्तरीय जांच पड़ताल कराकर कार्यवाही की जा रही है। श्री बोहरे का कार्य व्यवहार समझ के परे है। बात करने का तरीका किसी को पसंद नहीं आ रहा है। लंबे कार्य काल के बाद भी इधर-उधर नहीं किया गया जिसकी वजह से काम कम वकालत अधिक करते हैं। अधिकार क्षेत्र के बाहर तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों से बात करते हैं। जिसको लेकर सुर्खियों में है। उनका अडियल कार्य व्यवहार चर्चा का विषय बना हुआ है।



#### इंजीनियरों के कार्यकाल की जांच से खुलेगी पोल -

लंबे समय से अंगद के पांव की तरह जमे इंजीनियर पद एवं अधिकार का व्यापक पैमाने पर दुरुपयोग कर रहे हैं। जनपद पंचायत खिडकिया, हरदा, टिमरनी के बी.आर.सी. कार्यालय हरदा, खिड़किया, टिमरनी, नगर परिषद खिड़किया, टिमरनी और सिराली जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय हरदा में इंजीनियर लंबे समय से पदस्थ गंभीर अनियमितता और घटिया निर्माण का मामला सामने आने पर अन्य के खिलाफ कार्यवाही कर दी जाती है और इंजीनियर को कार्यवाही से दूर रखा जाता है। उनको इधर-उधर स्थानांतरण भी नहीं किया जाता है। एक स्थान कार्यालय में जमे इंजीनियर मनमानी कर जहां शासन को लाखों रूपये का चूना लगा रहे हैं वही निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी कर जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। घटिया निर्माण कार्य से निकट भविष्य में हादसे होने पर जानमाल को खतरा रहता है। इसकी परवाह किये बिना इंजीनियर पैसे के लालच में सब कुछ कर देते हैं।

#### शासन के नियम की अनदेखी

सरकारी अधिकारियों कर्मचारियों के एक स्थान पर 3 वर्ष से अधिक का कार्यकाल पूर्ण नहीं करना चाहिए। 3 वर्ष से अधिक समय से जमे इंजीनियर की जांच पड़ताल करायी जाए। देख सुनकर सभी आश्चर्यचकित हो जायेंगे। सेवानिवृत हो गये या हो रहे हैं फिर भी एक दशक से अधिक समय के बाद भी स्थानांतरण नहीं किया जा रहा है। शासन के आदेश होते हैं। चुनाव के समय में भी स्थानांतरण के आदेश जारी किए जाते हैं जिस पर अमल नहीं किया जाता है। नगर पालिका हरदा में अन्य कर्मचारी भी एक-दो दशक से अधिक समय से अंगद के पांव की तरह जमे हैं। लगता है यहीं से सेवानिवृत भी हो जाएंगे और उनका ट्रांसफर नहीं हो पायेगा। हाथी के दांत खाने और दिखाने के और होते हैं। उच्च अधिकारियों की उदासीनता से यह शत प्रतिशत चरितार्थ हो रही है। स्थानांतरण नहीं किया जा रहा है और घटिया निर्माण की जांच कराकर कठोर कार्यवाही की जा रही है।

#### मुख्य मुख्यालय से बाहर हैडक्वाटर

सरकारी कार्यालयों में पदस्य अधिकांश इंजीनियर मुख्यालय से बाहर हेड क्वार्टर बनाये हैं। भोपाल, इटारसी, खंडवा आदि से अप डाउन करते हैं। सप्ताह में या फिर दो-तीन सप्ताह में आकर निरीक्षण की खाना पूर्ति करके चले जाते हैं। जनपद, बीआरसी कार्यालय के अधीन जितने निर्माण कार्य होते हैं। इंजीनियर की अनदेखी के कारण गुणवत्ता विहीन होते हैं। जिसे कोई देखने व सुनने वाला नहीं है।

# एकलव्य विवि में इंटेक दमोह चैप्टर का उद्घाटन



सत्ता सुधार ■ दमोह

एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह में भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक विरासत ट्रस्ट (इंटेक) दमोह चैप्टर का भव्य उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। इस ट्रस्ट का मूल उद्देश्य सांस्कृतिक विरासतों को संरक्षित एवं संवर्धित करना है। इसकी स्थापना 1984 में की गई थी। यह आयोजन एकलव्य विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया, प्रति कुलाधिपति पूजा मलैया, रति मलैया के कुशल नेतृत्व एवं कुलगुरू प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार जैन, कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा के निर्देशन में किया गया।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री माननीय श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, विधायक दमोह एवं पूर्व वित्त मंत्री माननीय श्री जयंत मलैया, राष्ट्रीय अध्यक्ष इंटेक दिल्ली श्री अशोक सिंह ठाकुर, सेवा निवृत्त आई ए एस, प्रदेश संयोजक इंटेक मध्यप्रदेश श्री दीपक खांडेकर, सेवा निवृत्त आई ए एस, विशेष सचिव, सह संयोजक इंटेक मध्यप्रदेश श्री राजेश बहुगुणा, संयोजक इंटेक, जबलपुर डॉ. संजय महरोत्रा, जिलाधीश, दमोह एवं अध्यक्ष इंटेक दमोह श्री सुधीर कोचर, पुलिस अधीक्षक, दमोह एवं उपाध्यक्ष इंटेक दमोह श्री श्रुतकीर्ति सोमवंशी, इंटेक दमोह अध्याय संयोजक एवं कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया, सह संयोजक इंटेक दमोह अध्याय एवं कुलगुरू डॉ. पवन कुमार जैन, कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा के गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद अतिथियों का स्वागत पौधा, साल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर किया गया। स्वागत उद्बोधन में डॉ. सुधा मलैया ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि हमें भारतीय संस्कृति के साथ ही इतिहास के बारे में ज्ञान रखना आवश्यक है। इतिहास के पाठ्यक्रम से आक्रांताओं को अलग कर शिवाजी, महाराणाप्रताप जैसे पराक्रमी देशभक्त योद्धाओं पढ़ाना होगा।

# यात्री परिवार और अन्य सहभागियों की जांच कर आकलन किया गया

सत्ता सुधार ■ खंडवा

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एवं ट्रैफिक पुलिस द्वारा गुरुवार को इंदौर रोड पर संयुक्त रूप से कार्यवाही की गई। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, खंडवा द्वारा बताया गया कि जांच के दौरान अवशेषों की सूची, चालक परिचालकों के लेसेंस और पैदल यात्रियों की जांच की गई।



कार्यवाही के दौरान विभिन्न रूटों की लगभग 39 बच्चों की जांच की गई। साथ ही चालक-परिचालकों एवं यात्री वाहन स्वामियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे मध्य प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा स्थापित व्यापारी-चालकों एवं यात्री वाहन स्वामियों के साथ ही किराए पर लें, अन्यथा उनके विरुद्ध मोटर व्यवसाय अधिनियम की धाराएं जारी की जाएंगी। इस दौरान जिस यात्री बस में कमियों ने अपने विरुद्ध सामान कर यात्री बस और अन्य सामान से 32 हजार 800 रुपये का अर्थदंड वसूला। स्कूल विद्यार्थियों के सुरक्षित संचालन के लिए सभी स्कूल शिक्षकों को वर्तमान में अकादमी सत्र का अवसान करने के लिए, उन्हें उनकी संस्था के सभी स्कूल विद्यार्थियों में दस्तावेज़ / तकनीकी मानक की रूपरेखाएँ पूर्ण करने के निर्देश दिए गए थे।

# देवी अहिल्या के जीवन व दर्शन पर कार्यक्रम



**हरदा।** शासकीय आदर्श महाविद्यालय द्वारा प्राचार्य विजय कुमार अग्रवाल के निर्देशन में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के आयोजन के उपलक्ष में 17 मई को परिचर्चा व प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। परिचर्चा में प्रथम स्थान दुर्गेश टेकाम बीएससी तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान रानी कर्मा बीएससी तृतीय वर्ष व तृतीय स्थान प्रीति बीएससी तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया ।प्रश्न मंच प्रतियोगिता में आदित्य व दुर्गेश टेकाम की टीम ने प्रथम स्थान, प्रीति व रानी की टीम ने द्वितीय स्थान और विशाल व प्रमिला की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. अनिता बिरला, राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ माया रावत, भूगर्भ शास्त्र की प्राध्यापक डॉ धर्मिष्ठा निगवाल द्वारा प्रतियोगिता के अंत में देवी अहिल्या के जीवन व दर्शन पर प्रकाश डाला गया।

# महाविद्यालय में नवीन सत्र शुरू हो रहे हैं रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम

सत्ता सुधार ■ हरदा

प्रदेश में महाविद्यालयों में नवीन सत्र के प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं। इस सत्र में विद्यार्थियों को नए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों का विकल्प भी होगा। शासकीय स्नातक महाविद्यालय टिमरनी में राज्य सरकार एवं उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से शैक्षणिक सत्र 2025-26 से अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम एईडीपी के तहत बीए एवं बीकॉम में बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज एंड इंश्योरेंस और बीएससी में हेल्थकेयर मैनेजमेंट कोर्सेस की शुरूआत हो रही है। तीनों कोर्सेस में 30-30 सीटों पर प्रवेश मिलेगा। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत युवाओं को कौशल आधारित एवं रोजगारोन्मुखी उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की जा रही है। प्रोग्राम नोडल अधिकारी डॉ. सादिया पटेल ने बताया कि ए.ई.डी.पी. पाठ्यक्रमों की विशेषता यह है कि विद्यार्थियों को स्नातक की पढ़ाई के अंतिम वर्ष में 6 से 12 महीने की अप्रेंटिसशिप दी जाएगी, जिसमें उन्हें न्यूनतम 8,000 रू प्रतिमाह का स्टाइपेंड भी मिलेगा। यह कोर्स छात्रों को न केवल अकादमिक ज्ञान देगा, बल्कि उन्हें व्यावहारिक अनुभव और इंडस्ट्री से जुड़ाव का भी अवसर प्रदान करेगा। संस्था प्राचार्य डॉ.जिनेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि एईडीपी के माध्यम से विद्यार्थियों को उनकी रुचि के क्षेत्र में अनुभव प्राप्त होगा और उन्हें स्नातक की डिग्री के साथ-साथ रोजगार की बेहतर संभावनाएं भी मिलेंगी। यह कोर्स युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विद्यार्थी जिन्होंने 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर ली है, वे इन पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस पाठ्यक्रम की अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय में नोडल अधिकारी डॉ.सादिया पटेल, डॉ.सुनीत काशिव, डॉ.दुर्गेशनंदिनी अग्रवाल से संपर्क किया जा सकता है।

## अलर्ट

### भोपाल कंट्रोल रूम से आया कॉल, एक घंटे तक चली जांच में नहीं मिला कुछ संदिग्ध

# कामायनी एक्सप्रेस में बम की सूचना से खंडवा रेलवे स्टेशन पर मचा हड़कंप

सत्ता सुधार ■ खंडवा

शनिवार दोपहर खंडवा रेलवे स्टेशन पर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब भोपाल कंट्रोल रूम से एक संदिग्ध कॉल आया। कॉल में कहा गया– हेलो हेलो 123 हेलो खंडवा कामायनी एक्सप्रेस में बम है। इस सूचना ने रेलवे और सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट मोड पर ला दिया। जैसे ही यह संदेश खंडवा जीआरपी को प्राप्त हुआ, तत्काल जीआरपी, आरपीएफ और स्थानीय पुलिस बल को सूचित किया गया। कुछ ही मिनटों में सुरक्षा टीम स्टेशन पर पहुंची और आने वाली कामायनी एक्सप्रेस की बोगियों की बारीकी से तलाशी शुरू की गई।



**सख्त सुरक्षा घेरा, डॉग स्क्वॉड की तैनाती:** सूचना को गंभीरता से लेते हुए डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ते को भी मौके पर बुलाया गया। लगभग एक घंटे तक कामायनी एक्सप्रेस की सभी बोगियों की जांच की गई। यात्रियों को असुविधा से बचाने के लिए उन्हें धीरे-धीरे ट्रेन से बाहर निकाला गया और उनके सामान की भी जांच की गई।

**टीआई एमपी ठक्कर (जीआरपी, खंडवा) ने बताया:** हमें भोपाल कंट्रोल रूम से सूचना प्राप्त हुई थी कि कामायनी एक्सप्रेस की किसी बोगी में संदिग्ध वस्तु या बम हो सकता है। हमने तत्काल आरपीएफ और सिटी पुलिस को सूचना दी तथा संयुक्त रूप से ट्रेन की गहन जांच की गई। जांच के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं पाई गई।

**क्या थी ये एक अफवाह:** हालांकि कोई भी विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, लेकिन इस प्रकार की कॉल रेलवे सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत संवेदनशील मानी जाती है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि यह कॉल किसने की और इसके पीछे की मंशा क्या थी। अफवाह फैलाने वाले व्यक्ति की तलाश की जा रही है, और साइबर सेल को भी जांच में शामिल किया गया है।

#### कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली

करीब एक घंटे चली तलाशी के बाद सुरक्षा एजेंसियों को राहत मिली, जब उन्हें ट्रेन में कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद यात्रियों को पुनः ट्रेन में बैठाया गया और ट्रेन को निर्धारित मार्ग पर आगे रवाना कर दिया गया।

#### यात्रियों की प्रतिक्रिया

घटना के बाद कई यात्री डरे हुए नजर आए, वहीं कुछ ने पुलिस की तत्परता की सराहना की। यात्रियों का कहना था कि शुरुआती घबराहट के बाद उन्हें राहत मिली जब उन्हें बताया गया कि यह सिर्फ एक संदेह था खतरा नही।

# किसानों द्वारा खेती-किसानी की तैयारी शुरू



**हरदा।** इन दिनों वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी की तपती धूप के बीच किसान खेतों की सफाई में जुटे हुए हैं। वर्तमान में किसान खेतों से कांटा, कचरा व झाड़-झंखाड़ हटाने के कार्य में लगे हुए हैं। खेतों में उगी हुई घास व झाड़ियों को सावधानीपूर्वक निकालकर इकट्ठा कर रहे है और उसे जलाकर नष्ट किया जा रहा है। जिससे खेत पूरी तरह साफ हो सके। जिससे फसल उत्पादन में किसी प्रकार की बाधा न आए। किसान द्वारा जुताई की जा रही है, जिसके बाद खेतों में गोबर की खाद का छिड़काव किया जा सके, ताकि मिट्टी भुरभुरी व उपजाऊ बनी रहे और बुवाई के समय बेहतर परिणाम आ सकें। महिलाएं, पुरुष और बुजुर्ग सभी मिलकर खेतों की तैयारी में लगे हैं। ग्रामीणों को उम्मीद है कि इस वर्ष मानसून अच्छा रहेगा और फसल उत्पादन में वृद्धि होगी। खेतों की यह मेहनत आने वाले समय में अच्छी पैदावार की संभावना हो सके।

# फिरोजाबाद: हम रहेंगे तो बना रहेगा महिलाओं का सम्मान

**फिरोजाबाद में महिला टेलरों की कमी के कारण महिलाएं पुरुष टेलरों पर निर्भर हैं। हालांकि, आरसेटी महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश कर रहा है। इस पहल से महिलाएं अपने...**

सत्ता सुधार ■ फिरोजाबाद

फिरोजाबाद में महिला टेलरों की कमी है। कुछ महिलाएं टेलरिंग सीख लेती हैं तो वे अपना बुटीक खोल लेती हैं लेकिन बाजार में कपड़ों को बेचने वाले जल्दी से अपना काम कराने के लिए पुरुष टेलरों को ही काम भिजवाते हैं। ऐसे में महिलाओं को और किशोरियों को जिन समस्याओं से गुजरना पड़ता है वे न तो दुकानदार महसूस करना चाहते हैं और न टेलरिंग की दुकानें चलाने वाले किसी महिला टेलर को अपने यहां पर रखना चाहते हैं। सरकार का आदेश हुआ कि महिलाओं की नामजोख महिला टेलर ही करेंगीं लेकिन पूरे जिले में इस आदेश का कहीं पालन नहीं हुआ। प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया और महिलाएं मजबूरी में अभी भी पुरुष टेलरों से अपने कपड़ों को बनवाने से लेकर फिटिंग कराने तक के लिए पहुंच रही हैं। हालांकि आरसेटी इस समस्या में कुछ हद तक महिलाओं का मददगार साबित हो रहा है। हर दो महीने में महिलाओं के बैच को सिलाई सिखाकर पारंगत बनाया जाता है। इनमें से कई युवतियां ग्रामीण अँचलों में अपनी टेलरिग की बुटीक खोल लेती हैं तो कई युवतियां टेलरिंग की दुकान खोलकर महिलाओं को लाभ देने का काम करती हैं। युवतियों द्वारा हर बारीकी को सीखा जाता है जिससे कभी किसी महिला के कपड़े फिटिंग में खराब नहीं हों और कभी किसी प्रकार की शिकायत नहीं आए इसके लिए खुद को बेहतर टेलर बनाने का काम कर रही हैं। युवतियों द्वारा खुद का कारोबार भी खोला जाएगा और वे अन्य युवतियों को भी टेलरिंग का काम सिखाएंगीं जिससे ज्यादा से ज्यादा युवतियां इस काम में आगे आ सकें। आरसेटी में इसका मिलता प्रशिक्षण आरसेटी सेंटर के वरिष्ठ संकाय सदस्य योगेश कुमार शर्मा बताते हैं कि आरसेटी में युवक युवतियों को एक साथ प्रशिक्षण देने का काम किया जाता है। इनको हास्टल की सुविधा और खानपान की व्यवस्था निशुल्क की जाती है। इनको सेलफोन सर्विसिंग, एसी, फ्रिज रिपेयरिंग, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, चार पहिया वाहनों की ड्राइविंग, कंप्यूटर आपरेटिंग, पशु मित्र, मछली पालन, मुर्गा पालन, कृषि, बकरी पालन, गाय, भैंस पालन आदि की ट्रेनिंग दी जाती है। कई बार हो जाती हैं छेड़छाड़ की शिकार युवतियों ने बताया कि कई बार पुरुष टेलरों द्वारा महिलाओं के साथ छेड़छाड़ कर दी जाती है। महिलाएं कुछ कह नहीं पातीं क्योंकि अगर कुछ बोलती हैं तो टेलर कपड़े खराब कर देगा और अगर दूसरे टेलर पर गई तो वह ज्यादा रुपये लेगा। जबकि कपड़ों की दुकान वालों ने अपने पुरुष टेलरों को फिक्स कर रहा था जो मनमानी का कारण बन जाता है। इस पर भी रोक लगनी चाहिए। मन की बात परिवार अपनी बेटियों को भरोसे पर सिलाई सीखने के लिए भेज रहा है और हम इस प्रशिक्षण को पूरे मन से पूरा कर रही हैं ताकि कोई ऐसी कमी न रह जाए दोबारा किसी से पूछना पड़ जाए। हम चाहती हैं कि बैंक से लोन लेकर अपना कारोबार डाल दें। -सरिता मैं खुद सिलाई सीखने के बाद महिलाओं के हुनर को निखारूंगी। मैं चाहती हूं कि ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को टेलरिंग आए ताकि वे अपने आसपास, गली मोहल्लों और बाजार में अपने तरीके से बुटीक, दुकान खोलकर काम कर सकें।

## ब्रीफ न्यूज

### बगैर सहमति चल रहे दर्जन भर होटलों को थमाए नोटिस

**फिरोजाबाद।** जनपद के होटलों को अब उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सहमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। बिना सहमति के होटल चलाने पर सख्त कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा। पीसीबी ने नियमों का उल्लंघन करने वाले होटल... जनपद में होटल संचालकों को अब उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से हर हाल में सहमति हासिल करनी होगी। इसके बाद ही अपने होटल का संचालन कर सकेंगे। अन्यथा की स्थिति में उन्हें सख्त कार्यवाही का सामना करना पड़ जाएगा। पीसीबी ने नियमों का पालन न करने पर दर्जन भर होटल संचालकों को कारण बताओ नोटिस थमा दिए हैं। विभागीय सर्वे के दौरान टूंडला और फिरोजाबाद के बीच यह होटल चिन्हित किए गए थे। इन होटलों का संचालन प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की बगैर सहमति से किया जा रहा था। शहरी क्षेत्र के अलावा टूंडला एवं फिरोजाबाद के मध्य नेशनल हाईवे के सहारे संचालित किया जा रहे।

### चोरी की बिजली से घरों में चल रहे थे एसी और कूलर

**फिरोजाबाद।** विद्युत विभाग की टीम ने न्यू अंबेडकर नगर, बघेल कॉलोनी और कृष्णानगर में चार घरों पर बिजली चोरी करते हुए पकड़ा। उपभोक्ता मीटर से हटकर अलग केबल डालकर बिजली चुरा रहे थे। इस कार्रवाई के तहत सभी के खिलाफ...विद्युत विभाग की टीम ने शहर में विभिन्न मौहल्लों के अंतर्गत चलाए अभियान के तहत चार घरों पर बिजली चोरी होते हुए पकड़ ली। यह सभी उपभोक्ता मीटर से हटकर अलग केबल डालते हुए बिजली चोरी कर रहे थे। यह कार्रवाई अधिशासी अभियंता शहरी क्षेत्र के निर्देश पर की गई। सभी के खिलाफ विभागीय थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया। अधिशासी अभियंता शहरी क्षेत्र माघेन्द्र सिंह ने बताया कि उन्हें शिकायत मिल रही थी की शहर के मौहल्ला न्यू अंबेडकर नगर, बघेल कॉलोनी एवं कृष्णानगर में लोग बड़े पैमाने पर बिजली चोरी को अंजाम दे रहे हैं।

### पूर्व सैनिकों ने मेधावी छात्रा को किया सम्मानित

**शिकोहाबाद।** सैनिक समाज सेवा संगठन ने इंटरमीडिएट की छात्रा प्रिया यादव को 99 फीसदी अंक प्राप्त करने पर प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। छात्रा प्रिया यादव के पिता संजीव कुमार यादव निवासी लाछ्पुर नसीरपुर हाल निवासी स्टेशन रोड मेहराबाद शिकोहाबाद पूर्व सैनिक हैं। वह 2020 में हवलदार के पद से सेवानिवृत हो चुके हैं। इस मौके पर छात्रा के रिश्तेदार जयप्रकाश यादव, अतीत कुमार, महेश बाबू, राजीव कुमार इंजी. रामब्रेश यादव, विशेष कुमार, ध्रुवजीत सिंह, केके शर्मा मौजूद रहे।

# दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही की जाए : एडीएम

## यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए

सत्ता सुधार ■ फिरोजाबाद



जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन किया जाए। ऐसे स्थानों में सुधारात्मक कार्रवाई कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।

एडीएम विशु राजा ने कहा कि सड़क के किनारो का अतिक्रमण, दुर्घटनाओं का एक महत्वपूर्ण कारण बनता है। इसे हटाने के लिए राजस्व, पुलिस विभाग एवं नगर निगम के अधिकारी टीम बनाकर संयुक्त कार्रवाई करें, जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। दुपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट का प्रयोग करें। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें, नाबालिग बच्चों को गाड़ी न चलाने दें। स्कूल बसों के फिटनेस जांच करने के निर्देश दिए।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन सुरेश चंद्र यादव ने कहा कि शहरी क्षेत्र में ई-रिक्शा का रूट मैप नगर निगम कार्यालय संभागीय परिवहन अधिकारी व यातायात पुलिस व अपर नगर आयुक्त द्वारा तैयार किया जाएगा। नाबालिग वाहन चालकों एवं दो पहिया, ट्रिपलिंग, ओवर स्पीडिंग, नशे में वाहन चलाने वाले, भारी वाहनों से यात्रा करने वाले, वाहन चालकों के खिलाफ जागरूकता अभियान, चेकिंग कर कार्रवाई की जाए।

आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे की निगरानी निरंतर 24 घंटे एक्सप्रेस वे पर स्थापित कंट्रोल रूम से पीटी जेड कैमरों के माध्यमों से की जा रही है। साथ ही पेट्रोलिंग पार्टियों के द्वारा भी निरंतर निगरानी कराई जा रही है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाली वाहनों के विरुद्ध 17721 वाहनों का चालान हुआ, 171 वाहनों को सीज किया गया है।

एडीएम ने बैठक में अनुपस्थित रहने पर सहायक नगर आयुक्त को स्पष्टीकरण जारी करने के आदेश दिए है। बैठक में सीएमओ डॉ राम बदन राम, बीएसए आशीष कुमार पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहें।

# जिलाधिकारी का प्रयास लाया रंग, ग्लास वेयर के साथ-साथ फूड प्रोसेसिंग को भी ओडीओपी में एक अतिरिक्त उत्पाद के रूप में किया गया शामिल

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन के प्रयासों से एक जनपद एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत जनपद फिरोजाबाद में ग्लास वेयर के साथ-साथ फूड प्रोसेसिंग को भी एक अतिरिक्त उत्पाद के रूप में ओडीओपी योजना में शामिल किया गया है, इस पहल से नवीन इकाईयां जनपद में स्थापित होंगी, जिससे एक लाख से ज्यादा लोगों को प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा, जिलें में इससे आलू प्रसंस्कृरण इकाईयों में सुधार होगा, इससे किसानों की दशा एवं दिशा सुधरेगी, जिलें में देखा जाए तो इस समय कुल 1.78 लाख हे0 कृषि क्षेत्र है, जिसमें से कुल 48000 हे0 पर आलू की खेती की जा रही है, आलू प्रसंस्करण इकाई के अलावा कृषि आधारित उत्पादों जैसे- आचार, मुरब्बा, चिप्स जैम और जैली जेसे प्रोडक्शन यूनिटों को इससे फायदा पहुेचेगा, फूड प्रोसेसिंग इकाईयों से युवाओं और तकनीकी रूप से कुशल लोगों को नये रोजगार मुहैया होंगे, ओडीओपी के तहत अतिरिक्त उत्पाद में फूड प्रोसेसिंग के रूप में शामिल करने से युवाओं को नए क्षेत्र में कारोबार करने का मौका मिलेगा, जैसा कि विदित है कि लोकल को ओकल करने के विचार से छोटे शहरों के उत्पादों को अंतराष्ट्रीय पहचान दिलाने के उददेश्य से उ0प्र0 सरकार ने 24 जनवरी 2018 को ओडीओपी योजना की शुरूआत की प्रमुख उददेश्य था लघु कुटीर और मध्यम उद्योगों का विकास करना जिससे न केवल क्षेत्रीय उत्पादों को पहचना मिलेगी अपितु इससे बडी संख्या में युवाओं को रोजगार भी मिलेगा।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान 61 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर ही 10 शिकायतों का कराया निस्तारण

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन के मार्ग निर्देशन में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सिरसागंज में किया गया, इस दौरान राजस्व, पुलिस, पूर्ति विभाग, जिला पंचायत, बेसिक शिक्षा विभाग इत्यादि से संबंधित शिकायतें आई, जिनमें से कुछ का मौके पर निस्तारण किया गया और कुछ का जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व और पुलिस की टीम बनाकर निस्तारित करने के आदेश दिए गए। इस दौरान एक मामला राम बहादुर पुत्र गौरी शंकर निवासी ग्राम जहांगीरपुर का आया जिसमें पक्की मुडडी गड़वाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया जिस पर राजस्व निरीक्षक, पुलिस क्षेत्राधिकारी चकबंदी, एस एच ओ सिरसागंज को इस मामले को निस्तारण करने के आदेश दिए गए, निस्तारण के उपरांत नियुक्त टीम जिलाधिकारी को भी अवगत कराएगी। इसी तरह धर्मवीर, लाखन सिंह, मंजेश कुमार ने शिकायत की, की राम हटी अपने गुंडागर्दी व ताकत के बल पर सरकारी रास्ता व ग्राम सभा के घुरे के गढ्ढ़ों पर अतिक्रमण कर अपने खेतों में जबरन मिला रखा है, और रास्ते को भी बंद कर रखा है, जिससे ग्राम वासियों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, साथ ही साथ गांव के सभी घरों के पानी की निकासी भी नहीं हो पा रही है। इस प्रार्थना पत्र पर पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर जांच करने के आदेश दिए गए, इसी तरह विजेंद्र पुत्र कांता प्रसाद जो की मलाहपुर शाहजहांपुर पोस्ट धातरी का निवासी है, उसने शिकायत की, कि वह अपने पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए कई बार ग्राम पंचायत अधिकारी मलाहपुर शाहजहांपुर के पास गया, परंतु उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया, इस पर खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया, कि संपूर्ण मामले की जांच कर आख्या उपलब्ध कराऐं, इसी तरह कुल मिलाकर 61 शिकायतें आयीं, जिनमें 10 का मौके पर ही निस्तारण कराया गया, इस दौरान उप जिलाधिकारी सिरसागंज विकल्प, पुलिस क्षेत्राधिकारी सिरसागंज एवं समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# कन्या सुमंगला योजना के तहत जहां भी उपजिलाधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों के स्तर पर आवेदन लम्बित है, उनका करें शीघ्र निस्तारण : जिलाधिकारी

सत्ता सुधार ■ फिरोजाबाद

कन्या सुमंगला योजना उ0प्र0 सरकार द्वारा बालिकाओं के कल्याण के लिए शुरू की गयी एक महत्वपूर्ण योजना है, यह योजना निम्न उददेश्यों से संचालित की गयी है, जिनमें कन्या भ्रुण हत्या को समाप्त करना, समान लैंगिक अनुपात स्थापित करना, बाल विवाह की कुप्रथा को रोकना, बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा को प्रोत्साहन देना, बालिकाओं को स्वाबलंवी बनाने में सहायता प्रदान करना, बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना, इस महत्वपूर्ण योजना से ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचें इसके लिए जिलाधिकारी लगातार समस्त उपजिलाधिकारियों एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक कर रहें है, जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारीयों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को सख्त शब्दों में चेतावनी दी है, कि अपने यहां कन्या सुमंगला से सम्बन्धित लम्बित आवेदनों का निस्तारण शीघ्र करायें, अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जाएगी, समीक्षा के दौरान यह पाया कि उपजिलाधिकारी के स्तर पर फिरोजाबाद और टूण्डला में सर्वाधिक आवेदन लम्बित है, जबकि खण्ड विकास अधिकारी के स्तर पर शिकोहाबाद, एका और अरांव में सर्वाधिक आवेदन लम्बित है, जिलाधिकारी ने कठोर शब्दों में चेतावनी दी है, कि जो भी आवेदन उपजिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी के स्तर पर लम्बित है, उनका निस्तारण शीघ्र कराऐं।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ग्रीन बेल्ट के लिए सर्वे शुरू किया

सत्ता सुधार ■ फिरोजाबाद



सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नोटिफाई इंडस्ट्रियल एरिया में ग्रीन बेल्ट विकसित की जाएगी। इसमें सैकड़ों फलदार और छायादार पौधे रोपे जाएंगे। यह आदेश एमसी मेहता बनाम यूनियन ऑफ इंडिया मामले में 22 अप्रैल 2025... सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नोटिफाई इंडस्ट्रियल एरिया में ग्रीन बेल्ट विकसित की जाएगी। जहां पर विविध प्रजाति के सैकड़ों फलदार एवं छायादार पौधे वर्षा काल में रोपित किए जाएंगे। बताते चलें कि सुप्रीम कोर्ट में चल रहे एमसी मेहता बनाम यूनियन ऑफ इंडिया आदि के मामले में 22 अप्रैल 2025 को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने टीटी जॉन में शामिल फिरोजाबाद के औद्योगिक क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्रीन बेल्ट विकसित किए जाने का आदेश दिया था। इसी क्रम में टीटी जॉन अथॉरिटी चेयरमैन एवं कमिश्नर आगरा शैलेंद्र कुमार सिंह ने डीएम एवं वन विभाग के अधिकारियों को नोटिफाई इंडस्ट्रियल एरिया की सड़कों के सहारे पौधा रोपण कर ग्रीन बेल्ट विकसित किए जाने के निर्देश दिए थे। जिसको लेकर वन विभाग एवं उद्योग विभाग की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को फिरोजाबाद एवं टूंडला में ग्रीन बेल्ट विकसित करने के लिए तीन इंडस्ट्रियल एरिया का स्थलीय सर्वे किया।

# जलभराव से परेशान लोगों का प्रदर्शन:तीन माह से भरा गंदा पानी

## स्कूली बच्चों को खेतों से होकर जाना पड़ रहा

सत्ता सुधार ■ फिरोजाबाद

शिकोहाबाद के वार्ड नंबर 10 में आवगंगा रोड स्थित मुहल्ला वंशीनगर में जलभराव की समस्या से लोग परेशान हैं। पिछले तीन माह से मकानों के बाहर गंदा पानी भरा हुआ है। स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया है। स्थिति यह है कि मैनपुरी चौराहे से बुढ़रई रोड पर नगर पालिका क्षेत्र की सीमा के बाद ग्राम पंचायत बुढरई की सीमा आती है। पहले नगर पालिका का पानी बुढ़रई गांव के खेतों में जाता था। फसलें खराब होने पर गांव वालों ने नाली का पानी रोक दिया। इससे पानी सड़क पर भर गया है। जलभराव के कारण लोगों को भारी परेशानी होती है। गंदे पानी में गिरते हैं बच्चे राहगीरों को खेतों से होकर गुजरना पड़ता है। स्कूली बच्चों को गंदे पानी से होकर जाना पड़ता है। कई बार छोटे बच्चे गंदे पानी में गिर जाते हैं। स्थानीय निवासी आनंद प्रकाश के अनुसार, जलभराव से मच्छर पनप रहे हैं और संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ रहा है। शिकायतों का फर्जी निस्तारण मीना देवी ने बताया कि नगर पालिका में कई बार शिकायत की गई है। लोगों ने थाना पुलिस और तहसील में भी शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। शिकायतों का केवल फर्जी निस्तारण किया जा रहा है। चुनाव के दौरान वोट मांगने आने वाले नेता अब इस क्षेत्र की ओर नहीं आते हैं। शिकोहाबाद नगर पालिका के ईओ का कहना है कि समस्या का शीघ्र समाधान कराया जाएगा।

# फिरोजाबाद में प्रधान पति का दबंग रवैया:किसान की जमीन पर कब्जा, मारपीट कर मांगी 1 लाख की रंगदारी

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद के नगला मान्धाती गांव में एक किसान के साथ प्रधान पति की दबंगई का मामला सामने आया है। किसान शीलेन्द्र उर्फ बबलू की निजी जमीन पर प्रधान पति सुनील यादव ने कब्जा कर लिया। जब किसान अपनी जमीन की बात लेकर प्रधान पति के घर पहुंचा, तो उसने किसान के साथ मारपीट की। प्रधान पति ने किसान को धमकी दी कि अगर सुबह तक एक लाख रुपये नहीं दिए तो उसकी लाश अरथी पर जाएगी। डरा हुआ किसान थाना एका पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद उसने एसडीएम जसराना पुष्पेंद्र सिंह को भी प्रार्थना पत्र देकर कब्जा हटवाने की मांग की। पीड़ित किसान के अनुसार, सुनील यादव पर पहले से ही कई मुकदमे दर्ज हैं। उसने ग्राम समाज और चरागाह की जमीन पर भी अवैध रूप से तीन मंजिला मकान बना लिया है। राजस्व विभाग और उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। किसान ने अब मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर थाना एका का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गाली-गलौज को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष: फिरोजाबाद में लाठी-डंडों से हमला, दो महिलाओं समेत 5 घायल

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद के थाना सिरसागंज क्षेत्र के गांव जहांगीरपुर में शुक्रवार शाम एक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। धर्मेंद्र और अजय के पक्षों के बीच गाली-गलौज को लेकर शुरू हुआ विवाद लाठी-डंडों तक पहुंच गया। घटना शाम करीब साढ़े 6 बजे की है। इस हिंसक झड़प में दोनों पक्षों से कुल 5 लोग घायल हुए, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। घायलों में मनु नामक युवती और अजय की स्थिति गंभीर बनी हुई है।पुलिस ने सभी घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती करवाया है। थाना सिरसागंज की पुलिस मामले की जांच कर रही है। दोनों पक्षों के बीच हुए इस विवाद की जड़ में गाली-गलौज की घटना बताई जा रही है। पुलिस पूछताछ में पीड़ित धर्मेंद्र ने बताया कि वह अपनी पत्नी और बेटी के साथ आ रहे थे। तभी शराब के नशे में अजय ने गाली देना शुरू कर दिया। उन्होंने गाली देने का विरोध किया तो उसने सरिया उठाकर उन्हें पीटना शुरू कर दिया। जिसमें उन्हें काफी चोटें आई हैं। इंस्पेक्टर वैभव सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# बिहार से दिल्ली जा रही कार का टायर फटा, सात घायल

**शिकोहाबाद।** एक्सप्रेस-वे से दिल्ली जा रही कार का अचानक टायर फट गया। जिससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना में कार में सवार सात लोगों को मामूली चोट आई है, जोकि बिना उपचार कराए गंतव्य के लिए रवाना हो गए। वहीं क्षतिग्रस्त कार को हाइड्रा मंगवाकर पुलिस ने एक्सप्रेस-वे से हटवाया है। शुक्रवार को एक स्विफ्ट डिजायर कार बिहार से दिल्ली जा रही थी। जिसको चालक तेज नारायण यादव निवासी बिहार चला रहा था। कार में परिवार के ही कुल सात लोग बैठे हुए थे। जिनमें दो बच्चे बताए गए हैं।

कार जब दोपहर ढाई बजे करीब आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर थाना नसीरपुर क्षेत्र के अंतर्गत किलो मीटर संख्या 52.800 के समीप पहुंची। तभी अचानक कार का अगला टायर फट गया। इससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि कार अनियंत्रित होकर पलटी नहीं, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

घटना की सूचना पर पहुंची नसीरपुर पुलिस ने कार सवारों को कार से बाहर निकालकर कार को हाइड्रा की मदद से एक्सप्रेस-वे से हटवाया। कार सवारों को मामूली चोट आई थी। इसके चलते वह बस के द्वारा गंतव्य के लिए रवाना हो गए। इंस्पेक्टर नसीरपुर राजीव राघव ने बताया कि मामूली चोट आई थी। वह बिना उपचार कराए ही दिल्ली रवाना हो गए।

# आगरा की किशोरी से फिरोजाबाद में छेड़छाड़, मां को मरवाने की धमकी

सत्ता सुधार ■ फिरोजाबाद

**फिरोजाबाद के एक युवक ने आगरा की किशोरी को उसकी मौसी की नौकरी दिलाने का झूठा आश्वासन देकर उसके साथ छेड़छाड़ की। किशोरी की मां के पहुंचने पर युवक ने धमकी दी कि उसके संबंधियों से उसे नुकसान पहुंचाया...**



परिवार की आर्थिक तंगी का फायदा उठाते हुए फिरोजाबाद के युवक ने आगरा की किशोरी को उसकी मौसी की नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया। युवक ने कोटला चुंगी स्थित अपने दफ्तर पर आगरा की एक किशोरी को बुलाकर उसके साथ छेड़छाड़ की। पीछा करते हुए किशोरी की मां पहुंची तो किसी तरह किशोरी को बचाया। युवक ने अपने संबंध बदमाशों से बताते हुए कहा कि उसके अंकल जेल के अंदर से ही मरवा देंगे। मामला आगरा के बिचपुरी निवासी एक महिला एवं उसकी बेटी से जुड़ा है। महिला का कहना है कि उसकी 14 वर्षीय बेटी के साथ में फिरोजाबाद का हिमांशु नाम का युवक फोन पर बात करता रहता है। 12 मई सोमवार की शाम हिमांशु ने किशोरी को कोटला चुंगी स्थित दफ्तर पर बुलाया तथा उसको अकेला पाकर छेड़खानी करने लगा।

# दस्तावेज लेखक संघ, अधिवक्ताओं की पूरे प्रदेश में होगी हड़ताल

सत्ता सुधार ■ फिरोजाबाद



सदर तहसील में दस्तावेज लेखक संघ एवं अधिवक्ताओं की कलमबंद हड़ताल दसवें दिन भी जारी रही। सब रजिस्ट्रार कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। बार कार्उसिल की प्रत्याशी हरजीत अरोरा ने कहा कि दस्तावेज लेखक संघ के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। शासन ने यदि ध्यान नहीं दिया तो पूरे प्रदेश की तहसीलों में कामकाज बंद हो जाएगा। इसके लिए सरकार जिम्मेदार होंगी।

सदर तहसील में दस्तावेज लेखक संघ एवं अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए हरजीत अरोरा एडवोकेट ने कहा कि पीपीपी मॉडल पर निबंधन मित्र रखकर अधिवक्ताओं और दस्तावेज लेखकों, फोटोग्राफरों के साथ ही फोटो स्टेट आदि करने वालों को बेरोजगार बनाने का काम सरकार कर रही है। पीपीपी मॉडल के तहत निबंध मित्रों की नियुक्ति तथा फ्रंट ऑफिस के विरोध में दस्तावेज लेखक एवं टाइपिस्ट के साथ कलम बंद हड़ताल का समर्थन करती हूं। अधिवक्ताओं की मांग जायज है। आने वाले समय में पूरे उत्तर प्रदेश की तहसील बंद हो जाएंगी। ट्रिपल पी के खिलाफ पूरे प्रदेश में वह जन जागरण का काम करेंगी। ऐसी स्थिति में सरकार जब तक इस कानून को वापस नहीं लेती है तब तक अधिवक्ताओं बैनामा लेखन की हड़ताल रहेगी।

धरना-प्रदर्शन के दौरान संघर्ष समिति के मान सिंह यादव, कार्तिक तोमर, सौरव यादव, विनोद यादव, श्यामसुंदर वर्मा एडवोकेट, रत्नेश कुमार सिंह, राजेंद्र प्रसाद यादव, श्रीलाल यादव, कृष्णा यादव, मोहम्मद इस्लाम, रामसनेही, मोहित अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## ब्रीफ न्यूज़

### प्रज्ञानानंदा ने रोमांचक टाइब्रेक प्लेआफ मुकाबले में जीती चैंपियनशिप

**नई दिल्ली।** भारत के आर प्रज्ञानानंदा ने अलीरजा फिरोजा और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव के साथ रोमांचक टाइब्रेक प्लेआफ मुकाबला जीतकर सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूर्नामेंट अपने नाम कर लिया है। भारत के विश्व चैम्पियन डी गुकेश चार अंक लेकर नौवें स्थान पर रहे। अब अगला टूर्नामेंट सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज एक जुलाई से क्रोएशिया में खेला जाएगा। प्रज्ञानानंदा को पुरस्कार राशि के रूप में 77,667 डालर यानी करीब 66,48,345 रुपए मिले और उन्हें 10 ग्रैंड शतरंज टूर अंक दिए गए। चेन्नई के 19 साल के युवा खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। जीत के बाद प्रज्ञानानंदा ने एक्स पर लिखा- अविश्वसनीय अनुभव। अभी बुकारेस्ट में सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूर्नामेंट जीता। मेरी टीम और सहयोगियों को लगातार हौसला अफजाई के लिये धन्यवाद। प्रज्ञानानंदा, वाचियेर लाग्रेव और फिरोजा नौ दौर के बाद 5.5 अंक लेकर बराबरी पर थे जिससे विजेता का फैसला त्रिकोणीय टाइब्रेकर से हुआ। टाइब्रेकर में पहली दो बाजियां ड्रॉ रहने के बाद प्रज्ञानानंदा ने तीसरी बाजी और खिताब जीता। पिछले महीने वारसॉ में आयोजित सुपरबेट रैपिड एंड ब्लिट्ज पोलैंड इवेंट में प्रज्ञानानंदा तीसरे स्थान पर रहे थे।

### नीरज दूसरा स्थान पाकर खुश, अगली प्रतियोगिताओं में इससे अच्छा प्रदर्शन करूंगा

**नई दिल्ली।** भारत के एथलीट नीरज चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में दूसरा स्थान हासिल किया है। उन्होंने तीसरे प्रयास में 90.23 मीटर का थ्रो फेंका। जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। नीरज ने कहा कि मैं 90 मीटर से ज्यादा भी फेंक सकता हूं। यह मिला जुला रिजल्ट है। मैं 90 मीटर भाला फेंक कर खुश हूं, लेकिन मैंने दूसरा स्थान हासिल किया है। यह मैंने तुर्कू और स्टॉकहोम में कंपीट किया था तो भी रिजल्ट आया था। मैंने नेशनल रिकॉर्ड तोड़ा और आज दूसरा स्थान हासिल किया, लेकिन मैं जूलियन वेबर के लिए भी बहुत खुश हूं। उन्होंने 91 मीटर भाला फेंका। हम इतने सालों से यह कोशिश कर रहे थे। आखिरकार आज हम इसे हासिल करने में सफल हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नीरज ने कहा कि उनकी कमर उनके प्रदर्शन में रुकावट बनी है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों से मुझे हमेशा कमर में कुछ न कुछ महसूस होता रहता था। इस वजह से मैं अपना 100 फीसदी प्रदर्शन नहीं दे पाता था। इस साल मैं बेहतर महसूस कर रहा हूं। हम कुछ पहलुओं पर भी काम करेंगे और इसलिए मुझे विश्वास है कि मैं इस साल आने वाली प्रतियोगिताओं में 90 मीटर से ज्यादा भाला फेंक सकता हूं।

### प्लेऑफ की उम्मीदें बरकरार रखने जीटी के सामने उतरेगी डीसी

**नई दिल्ली ।** आईपीएल 2025 में अब मुकाबले अपने अंतिम चरण में पहुंच चुके हैं और हर मैच प्लेऑफ की तस्वीर को बदल सकता है। इसी कड़ी में रविवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और गुजरात टाइटन्स (जीटी) के बीच अरुण जेटली स्टेडियम में एक बेहद अहम मुकाबला खेला जाएगा। दिल्ली कैपिटल्स ने इस सीजन की शुरुआत दमदार अंदाज में की थी और पहले छह में से पांच मैच जीते थे, लेकिन फिर प्रदर्शन में उतार-चढ़ाव आया। अब टीम 11 मैचों में 13 अंकों के साथ अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है और प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए उसे अपने बाकी तीनों मैच जीतने होंगे, खासकर गुजरात जैसी मज़बूत टीम के खिलाफ। दिल्ली के लिए चिंता का सबसे बड़ा कारण उसके प्रमुख तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क का टूर्नामेंट से बाहर हो जाना है, जिससे गेंदबाजी इकाई पर दबाव बढ़ गया है। उनकी गैरहाजरी में तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा, मुकेश कुमार और टी नटराजन को अब अतिरिक्त जिम्मेदारी उठानी होगी।



ह्यूस्टन, टेक्सास, अमेरिका में थॉर्न्स एफसी फॉरवर्ड पेटन लिनेहन (15) शेल एनर्जी स्टेडियम में पहले हाफ में ह्यूस्टन डैश डिफेंडर केटी लिंड (25) के खिलाफ शॉट लगाते हुए।

# 'गोल्डन बॉय' नीरज ने फेंका 90 मीटर से ज्यादा दूर भाला, पीएम ने दी बधाई

## कहा- यह कड़ी मेहनत, अनुशासन और जुनून का नतीजा, हमें उन पर गर्व

एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारत के 'गोल्डन बॉय' नीरज चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग 2025 में कमाल कर दिया है। नीरज चोपड़ा ने जैवलीन थ्रो में 90.23 मीटर दूर भाला फेंककर दुनिया में खलबली मचा दी है। उनकी इस सफलता से भारत में खुशी का माहौल है। नीरज चोपड़ा के इस रिकॉर्ड से पीएम मोदी भी गदगद हैं। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- 'वाह! क्या शानदार उपलब्धि है! दोहा डायमंड लीग 2025 में 90 मीटर का आंकड़ा पार करने और अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो हासिल करने के लिए नीरज चोपड़ा को बहुत-बहुत बधाई। यह उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और जुनून का ही नतीजा है। उनकी इस सफलता पर पूरा भारत खुश है और गर्व कर रहा है। भारत के 'गोल्डन बॉय' नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को दोहा डायमंड लीग में पहली बार 90 मीटर के पार भाला फेंककर इतिहास रच दिया है। उन्होंने फाइनल में अपने तीसरे प्रयास में 90.23 मीटर भाला



फेंककर अपना पर्सनल बेस्ट बनाया। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.94 मीटर था, जो उन्होंने 30 जून 2022 को स्टॉकहोम डायमंड लीग में फेंका था। बेस्ट थ्रो के बावजूद नीरज चोपड़ा को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। जर्मनी के वेबर जूलियन ने 91.06 मीटर के साथ गोल्ड मेडल जीता था। नीरज छह में से पांचवें थ्रो तक नंबर एक पर थे, लेकिन छठे और आखिरी थ्रो में जूलियन उनसे आगे निकल गए थे। 90 मीटर की दूरी केवल एक आंकड़ा नहीं थी, बल्कि नीरज चोपड़ा के लिए यह एक चुनौती थी। वह कई बार इस आंकड़े के बेहद करीब पहुंचे थे, लेकिन हर बार 88 या 89 मीटर तक सीमित रह गए। नीरज चोपड़ा ने जब तीसरे प्रयास में यह ऐतिहासिक थ्रो फेंका तो पूरा मैदान झूम उठा। इस प्रदर्शन में उनके नए कोच जान जेलेज्नी की भूमिका अहम मानी जा रही है। उन्होंने हाल ही में जर्मन कोच डॉ. क्लॉस बार्टोनिएट्ज को हटाकर तीन बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता जेलेज्नी को अपना कोच बनाया था। इस थ्रो के साथ नीरज अब 90 मीटर क्लब में शामिल हो गए हैं, जिसमें ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम जैसे खिलाड़ी पहले से ही मौजूद हैं। यह उपलब्धि नीरज के लिए सिर्फ एक रिकॉर्ड नहीं, बल्कि व्यक्तिगत रूप से भी एक बहुत बड़ी जीत है। दोहा में यह नीरज का इस सीजन का पहला बड़ा मुकाबला था, जहां उनका सामना दो बार के वर्ल्ड चैंपियन और 2024 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ग्रेनेडा के पीटर्स एंडरसन, चेकिया के याकूब वाडलेजच (2024 के दोहा विजेता), जर्मनी के वेबर जूलियन और मैक्स डेह्निंग, केन्या के जूलियस येगो और जापान के रोडरिक जेंकी डीन जैसे दिग्गजों से हुआ। इन सभी को पीछे छोड़ नीरज ने यह रिकॉर्ड बनाया।

### मेरा लक्ष्य अच्छी वापसी करना है : स्टोक्स

**लंदन।** इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स कहा है कि वह अपनी हैमस्ट्रिंग चोट के बाद की रिहैबिलिटेशन (पुनर्वास) प्रक्रिया से गुजर रहे है और उनका लक्ष्य तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में धमामेदार वापसी करना है। स्टोक्स दिसंबर में हुए टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ हुए टेस्ट में हैमस्ट्रिंग में लगी चोट के बाद बाहर हो गये थे। उसके बाद से ही वह खेल से दूर हैं। इसी कारण वह इंग्लैंड के भारत दौरे और चैंपियंस ट्रॉफी से भी बाहर रहे थे। स्टोक्स इसके बाद से ही फिटनेस हासिल करने का प्रयास कर रहे हैं। स्टोक्स ने कहा, ÷मैं हमेशा कड़ी मेहनत करता हूं। जब मैं फिट नहीं होता हूं, तो मेरा प्रयास पहले से बेहतर फिटनेस हासिल करने का रहता है।

# पूर्व कोच रवि शास्त्री ने बुमराह को टेस्ट कप्तान बनाए जाने का क्यों किया विरोध





### शुभमन गिल और पंत को बताया बेहतर विकल्प

एजेंसी ■ नई दिल्ली

टीम इंडिया के नए टेस्ट कप्तान से जल्द ही पर्दा उठेगा। हालांकि अभी भी क्रिकेट दिग्गज अपनी-अपनी राय दे रहे हैं। इस कड़ी में टीम इंडिया के पूर्व कोच रवि शास्त्री का बयान सामने आया है। शास्त्री ने कहा कि वह नहीं चाहते कि जसप्रीत बुमराह को टीम इंडिया का कप्तान बनाया जाए। इसके लिए उन्होंने वजह जाहिर की है। उन्होंने कप्तानी का असली दावेदार शुभमन गिल को बताया है, वहीं उन्होंने इस दौरान ऋषभ पंत का नाम लिया। पूर्व कोच शास्त्री का मानना है कि इन दोनों खिलाड़ियों के पास सीखने के लिए काफी समय है। शास्त्री का कहना है कि अगर आप बुमराह को टेस्ट कप्तान बनाते हैं, तब टीम एक बेहतर गेंदबाज को खो देगी। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कप्तानी की थी, मगर वे चोटिल हो गए थे और वह इस चोट के चलते चैंपियंस ट्रॉफी जैसे बड़े टूर्नामेंट में भी हिस्सा नहीं ले पाए थे।

शास्त्री ने कहा, मेरे हिसाब से जसप्रीत ऑस्ट्रेलिया के बाद स्पष्ट विकल्प होता। लेकिन मैं नहीं चाहता कि जसप्रीत को कप्तान बनाया जाए और फिर आप उसे एक गेंदबाज के रूप में खो दें। मुझे लगता है कि बुमराह को एक समय पर एक ही मैच के लिए तैयार करना चाहिए। वह एक गंभीर चोट के बाद अब वापस आ रहा है।÷

रिपोर्ट्स हैं कि गिल से हेड कोच गौतम गंभीर और चयनकर्ता अजीत अगरकर की बात हो गई है और वह ही अगले टेस्ट कप्तान बन सकते है। गिल को लेकर पूर्व कोच ने कहा, वहां आईपीएल क्रिकेट खेल चुका होगा, जो चार ओवर का क्रिकेट है। अब 10 ओवर, 15 ओवर गेंदबाजी करने की परीक्षा होगी। और आखिरी चीज जो आप चाहते हैं वह यह है कि कप्तान होने के नाते उसके दिमाग पर कोई दबाव न हो। आप किसी को तैयार करते हैं, और मैं कहूंगा कि शुभमन बहुत अच्छा लग रहा है। उन्हें मौका दें। वह 25, 26 साल का है, गिल को समय भी दें। रवि शास्त्री ने शुभमन गिल के साथ ऋषभ पंत को भी अच्छा विकल्प बताया है। उन्होंने कहा, ऋषभ भी एक बेहतर विकल्प हैं। मुझे लगता है कि ये दोनों ही खिलाड़ी हैं, जिनकी उम्र कम है और उनके पास एक दशक का समय है। इसलिए, उन्हें सीखने दीजिए। अब उन्हें कप्तान के तौर पर अनुभव हो गया है, अपनी फ्रेंचाइजी की कप्तानी करने से फर्क पड़ता है। मैंने शुभमन को जितना भी देखा है, वह काफी दिलचस्प है। शांत, संयमित, उसमें सभी गुण हैं।




# रोस्टन चेज बने वेस्टइंडीज के नए कप्तान, 2016 में किया था डेब्यू

एजेंसी ■ नई दिल्ली

वेस्टइंडीज ने रोस्टन चेज को नया टेस्ट कप्तान बनाया है। बारबाडोस में जन्मे चेज दाएं हाथ के बल्लेबाज और दाएं हाथ के ऑफ-ब्रेक गेंदबाज हैं। 6 फीट 5 इंच लंबे चेज मैदान पर अपने शांत स्वभाव के लिए जाने जाते हैं और खेल के सभी फॉर्मेट में वेस्टइंडीज के लिए प्रमुख खिलाड़ी हैं। क्रैग ब्रैथवेट ने इस साल के शुरू में मार्च में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। अब उनकी जगह चेज लेंगे। साल 2016 में चेज ने टेस्ट मैच से डेब्यू किया था। उन्होंने 21 जुलाई 2016 में भारत के खिलाफ पहला मैच खेला था। दूसरे ही टेस्ट मैच में उन्होंने भारतीय टीम के खिलाफ शतक ठोक था। इसके अलावा उन्होंने पांच विकेट लेने की उपलब्धि हासिल की थी। ऐसा करने वाले वे वेस्टइंडीज के चौथे खिलाड़ी बन गए थे। हालांकि, इसके बावजूद यह टेस्ट सीरीज भारत ने जीती थी। रोस्टन चेज ने वेस्टइंडीज के लिए अब तक 49 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 26.33 की औसत से 2265 रन बनाए हैं, जिसमें पांच शतक शामिल हैं। उन्होंने 85 विकेट भी लिए हैं। जनवरी 2019 में इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट मैच में चेज ने चौथी पारी में 60 रन देकर 8 विकेट लिए थे जो एक शानदार प्रदर्शन था। कोच डैरन सैमी ने एक बयान में कहा कि हमारे नए कप्तान चेज ने अपने साथियों का सम्मान अर्जित किया है, वह इस भूमिका के साथ आने वाली जिम्मेदारी को समझते हैं। टीम को अब आगे ले जाने की जरूरत है।

चेस के सामने पहले चुनौती ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज होगी, जो नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सेशन में दोनों टीमों के लिए पहला मैच होगा। यह सीरीज 25 जून से शुरू होकर 17 जुलाई तक चलेगी। वेस्टइंडीज दौरे पर ऑस्ट्रेलिया को कुल 3 टेस्ट मैच खेलने हैं। दोनों टीमों का ऐलान होना है। वेस्टइंडीज के जोमेल वारिकन को टीम का उप-कप्तान बनाया गया है।

### इंडिया ए स्क्वॉड में हुआ चयन

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया ए स्क्वॉड की घोषणा की। टीम में करुण नायर का नाम देख हर कोई खुश था। दरअसल, करुण ने 2024-25 के घरेलू सीजन में रनों की बौछार कर दी थी। जिसका इनाम उन्हें इंडिया ए के स्क्वॉड में चयन के रूप में मिला है। बता दें, इंडिया ए इंग्लैंड में तीन चार दिवसीय मैच खेलेगी, इसमें से दो मैच 30 मई से 2 जून तक कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ और 6 से 9 जून तक नॉर्थम्प्टन में खेलने है।

### दो साल से क्रिक्रेट से दूर रोस्टन चेस को वेस्टइंडीज ने टेस्ट कप्तान नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** ऑलराउंडर रोस्टन चेस को शुक्रवार को वेस्टइंडीज टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया। हालांकि उन्होंने दो साल से अधिक समय से कोई टेस्ट नहीं खेला है। चेज ने अपना आखिरी टेस्ट साउथ अफ्रीका के खिलाफ 8 मार्च, 2023 को खेला था। उसके बाद डब्ल्यूआई की टीम 13 मैच खेल चुकी है। 33 वर्षीय चेस क्रैग ब्रैथवेट की जगह लने वाले हैं, जिन्होंने तीन साल बाद मार्च में पद से इस्तीफा दे दिया था। वह इससे पहले वेस्टइंडीज के लिए वनडे और टी20 में एक-एक मैच में कप्तानी कर चुके हैं।

दैनिक
सत्ता सुधार
समाचार एवं विज्ञापन
के लिए संपर्क करें
विनोद तिवारी
जिला ब्यूरो प्रमुख दमोह
मो. 6266038075















सत्ता सुधार

भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के माहौल के दौरान पाकिस्तान का समर्थन करने वाले तुर्किये का विरोध बढ़ता जा रहा है। अयोध्या में तपस्वी छावनी के पीठाधीश्वर जगदगुरु परमहंस आचार्य ने तुर्किये का झंडा जलाकर विरोध प्रकट किया। उन्होंने कहा कि देश में कोई भी व्यक्ति तुर्किये के उत्पाद का प्रयोग न करे।



# दो तरह का मौसम-19 जिलों में लू, 15 जिलों बूंदाबांदी का अलर्ट

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में मौसम का अजब-गजब हाल है। प्रदेश के दक्षिणी इलाकों और बुंदेलखंड के ज्यादातर हिस्से लू की चपेट में हैं, तो वहीं तराई और कुछ पूर्वी हिस्से में गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी देखने को मिली है।

मौसम विभाग ने रविवार के लिए दक्षिणी यूपी और बुंदेलखंड के 19 जिलों में लू की चेतावनी जारी किया है। वहीं पूर्वी और तराई के 14 जिलों में गरज-चमक संग बूंदाबांदी की संभावना जताई है। इस दौरान तराई के विभिन्न इलाकों में 40 से 50 किमी प्रति घंटे की



रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की भी संभावना है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में एक नया विक्षोभ और वेदर सिस्टम सक्रिय हो रहा है। बंगाल की खाड़ी से पर्याप्त मात्रा में नमी लिए हुए पूर्वा हवाओं का असर रविवार के बाद पूरे उत्तर प्रदेश में दिखाई देगा। इसके असर से बादलों की आवाजाही के साथ प्रदेश के विभिन्न इलाकों में गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी देखने को मिलेगी।

वहीं तराई इलाकों में गरज चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी के संकेत हैं। इससे लू की परिस्थितियों में कमी आएगी। शनिवार को प्रदेश में प्रयागराज, वाराणसी, बांदा, झांसी, हमीरपुर और कानपुर में गर्म हवा के थपेड़ों के साथ लू की परिस्थितियां रहीं। दोपहर बाद झांसी में अधिकतम 44.8 डिग्री, प्रयागराज में 42 डिग्री, मेरठ में 40.6 डिग्री और आगरा में 40.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।

### यहां बूंदाबांदी होने की संभावना

मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी एवं आसपास के इलाकों में। वहीं प्रदेश भीषण गर्मी से तप रहा है। कई जिलों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री के पार चला गया।

### इन जिलों में लू की चेतावनी

बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में मौसम विभाग ने लू की चेतावनी जारी की है।

## एक ही छत के नीचे मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

वर्धानी क्लासेस ने अब NEET (मेडिकल) और IIT-JEE (इंजीनियरिंग) की संयुक्त कोचिंग शुरू की है। साथ ही, कक्षा 9-10 के छात्रों के लिए 'जूनियर डिवीजन' लॉन्च किया गया है, जो ओलंपियाड, NTSE, और फाउंडेशन कोर्स पर फोकस करेगा। यह कदम छात्रों को शुरुआती स्तर से ही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने का लक्ष्य रखता है।



डॉ. करण वर्धानी
निर्देशक, वर्धानी बायोलॉजी क्लासेस




## ब्रीफ न्यूज

### एएमयू की कुलपति बनी रहेंगी प्रो. नईमा खातून

**अलीगढ़।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एएमयू की पहली महिला कुलपति प्रोफेसर नईमा खातून की नियुक्ति को चुनौती देने वाली सभी याचिकाएं खारिज करते हुए उनकी नियुक्ति को वैध ठहराया है। न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्र और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने कहा कि नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया एएमयू अधिनियम, विनियमों और प्रावधानों के अनुरूप हुई। यद्यपि प्रो. खातून के पति प्रो. मो. गुलरेज ने कार्यवाहक कुलपति के रूप में कुछ बैठकों की अध्यक्षता की थी, परन्तु वे केवल औपचारिक भूमिका में थे और उनके होने से चयन प्रक्रिया की निष्पक्षता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। अदालत ने यह भी कहा कि अंतिम निर्णय भारत के राष्ट्रपति द्वारा लिया गया, और उनके विवेकाधिकार पर कोई पक्षपात का आरोप सिद्ध नहीं होता। न्यायालय ने माना कि प्रो. नईमा खातून की योग्यता और पात्रता निर्विवाद है, उनके चयन को चुनौती देने का कोई आधार नहीं बनता।

### पांच जून से किड्स योग समर कैंप का आयोजन

**लखनऊ।** समाज को मानसिक, शारीरिक व व्यक्तित्व विकास की दिशा में सशक्त करने के लिए दिव्य आशीष योग संस्थान के तत्वावधान में द्वितीय व्यक्तित्व विकास किड्स योग समर कैंप-2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष कैंप 5 जून से 15 जून तक लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। यह शिविर प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक संचालित होगा, जिसमें बच्चों को योग, ध्यान, अनुशासन, व्यक्तित्व निर्माण, कला, संगीत, पर्यावरण जागरूकता, खेलकूद व टीम बिल्डिंग जैसी गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। यह शिविर पूरी तरह शैक्षिक, रचनात्मक व बाल हितैषी रूप से डिजाइन किया गया है। संचालक व प्रमुख मार्गदर्शक आशीष (संस्थापक - दिव्य आशीष योग संस्थान) के नेतृत्व में प्रशिक्षित टीम बच्चों को सकारात्मक ऊर्जा और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाने के लिए तत्पर है।

### 19 मई से चार दिसंबर तक निरस्त रहेंगी 3 जोड़ी ट्रेनें

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन ने 19 मई से चार दिसंबर तक रेदो जोड़ी विशेष और एक जोड़ी नियमित ट्रेनें निरस्त करने का निर्णय लिया है। साथ ही तीन जोड़ी ट्रेनों का शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन करने का निर्णय लिया है। गोरखपुर जंक्शन की पुरानी पिट लाइन नंबर एक पर इंजीनियरिंग कार्य के कारण रेलवे प्रशासन ने यह निर्णय लिया है।

यूपी में एक ही परिसर में आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी का अब रोगियों को मिलेगा उपचार

# हर मंडल में बनेंगे इंटीग्रेटेड आयुष महाविद्यालय

**मुख्यमंत्री योगी ने आयुष विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा की**

**परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को भी वैश्विक पहचान दिलाएंगे**

### इनका कहना है....

आयुष भारत की परंपरा का प्रतीक है। इसे जनकल्याण से जोड़कर वैश्विक पहचान दिलाना हमारा लक्ष्य है। उत्तर प्रदेश को आयुष के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व देना है।

**योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी**

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को आयुष विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि प्रदेश के हर मंडल में इंटीग्रेटेड आयुष महाविद्यालय स्थापित किए जाएंगे। इन कॉलेजों में आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी समेत आयुष की सभी चिकित्सा पद्धतियां एक ही परिसर में उपलब्ध कराई जाएंगी। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि यह न सिर्फ प्रदेश के लिए एक सशक्त हेल्थ संरचना तैयार करेगा, बल्कि परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को भी वैश्विक पहचान दिलाएगा। सीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राज्य के सभी आयुष संस्थानों में नेचुरोपैथी और योग सेंटर की स्थापना अनिवार्य रूप से हो। उन्होंने कहा, आयुष सिर्फ इलाज नहीं, जीवनशैली है। इसे जन-जन तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है।



### जल्द हो भर्ती

मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष संस्थानों में शत-प्रतिशत सैचुरेशन के साथ सभी पदों की समयबद्ध भर्ती की जाए। इससे न केवल सेवाओं में सुधार होगा, बल्कि युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे।

### निर्माण तेजी से हो

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आयुष विश्वविद्यालय की निर्माण प्रक्रिया गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से पूरी हो। साथ ही प्रदेश में चल रही सभी निर्माणाधीन आयुष परियोजनाओं को तेजी से पूरा किया जाए।

### निजी निवेशकों को करें प्रेरित

सीएम योगी ने कहा कि आयुष क्षेत्र में निजी निवेश को बढ़ावा देने की जरूरत है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निजी क्षेत्र के संचालित आयुष कॉलेज और चिकित्सालयों के मानकों की समीक्षा कर इन्फ्रास्ट्रक्चर, फैकल्टी, लैब, लाइब्रेरी आदि की गुणवत्ता सुनिश्चित कराई जाए।

### पंचकर्म को मिले बढ़ावा

सीएम ने कहा कि आयुर्वेद में पंचकर्म जैसी पद्धतियां गंभीर बीमारियों में अत्यधिक प्रभावी हैं। इन पद्धतियों को प्रदेश के सभी आयुष संस्थानों में प्रोत्साहित किया जाए और आमजन को इनके लाभों की जानकारी दी जाए। सीएम योगी ने निर्देश दिए कि हर जिले में सरकारी या पीपीपी मॉडल पर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्थापित किए जाएं। इन सेंटरों के माध्यम से आमजन को प्राथमिक आयुष सेवाएं सुलभ कराई जाएंगी।

### योग दिवस की तैयारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के सफल आयोजन के लिए अभी से तैयारियां शुरू की जाएं। हर जिले में प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स की व्यवस्था की जाए, जो आम जनता को योग का प्रशिक्षण दे सकें।

### एमओयू की व्यवस्था

सीएम ने निर्देश दिए कि डाबर, वैद्यनाथ, पतंजलि जैसी संस्थाओं के साथ एमओयू कर सभी आयुष संस्थानों में जरूरी दवाओं की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

### सघन मॉनिटरिंग होगी

अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 2,127 आयुर्वेदिक, 259 यूनानी और 1,598 होम्योपैथिक चिकित्सा संस्थान संचालित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी संस्थानों की कार्यप्रणाली की नियमित मॉनिटरिंग होनी चाहिए। इसके लिए टेक्नोलॉजी का बेहतर उपयोग किया जाए।







# संभल उपद्रव में शामिल 50 पर आरोप तय

- कोर्ट के आदेश पर अब शुरू होगा ट्रायल
- पुलिस 80 लोगों को कर चुकी गिरफ्तार

सत्ता सुधार ■ संभल

संभल हिंसा के 50 उपद्रवियों पर न्यायालय में आरोप तय हो गए हैं। अब ट्रायल शुरू होगा। इस मामले में आरोपियों की ओर से चार-पांच अधिवक्ताओं ने न्यायालय में डिस्चार्ज प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया और डिस्चार्ज किए जाने के लिए बहस की। जिस पर अभियोजन ने अपने तर्क देकर विरोध किया। जिस पर न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुन कर डिस्चार्ज प्रार्थनापत्र खारिज कर दिए। बता दें कि 24 नवंबर 2024 की सुबह संभल की शाही जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने के दावे को लेकर मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा हो गई थी। इस मामले में पुलिस की ओर से कई मुकदमे दर्ज किए गए। पुलिस अब तक 80 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जिनकी जमानत अर्जी के लिए न्यायालय में प्रार्थनापत्र दिए जा रहे हैं। अब तक लगाई गई सभी जमानत अर्जियां खारिज हो चुकी हैं।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एससीएसटी एक्ट रागिनी सिंह के न्यायालय में विवेचक द्वारा लगाए गए आरोपपत्रों पर आरोप तय किए गए। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता हरिओम प्रकाश उर्फ हरीश सैनी ने बताया कि कुछ आरोपियों के पक्ष में चार-पांच अधिवक्ताओं द्वारा अपने-अपने मुल्जिमानों के पक्ष में डिस्चार्ज प्रार्थनापत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए। जिनमें उनके द्वारा तर्क दिया गया कि उनके अभियुक्त नामजद नहीं हैं।

### 50 आरोपियों के विरुद्ध पुलिस के पास सबूत

जो हिंसा की घटना में शामिल नहीं थे। पुलिस ने घर से उठा कर बिना तथ्यों के आधार पर जेल भेज दिया। जिसका विरोध करते हुए सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता द्वारा न्यायालय को बताया कि सभी के नाम विवेचना में सामने आए हैं। जिसकी वीडियो फुटेज है। पुलिस पर पत्रावली पर साक्ष्य हैं। सभी 50 आरोपियों के विरुद्ध पुख्ता सबूत हैं।

## खनुआ नदी में सफाई के दौरान पलटी नाव

### देवरिया में बड़ा हादसा टलाः मंत्री थे मौजूद

**देवरिया।** बघौचघाट के बाबा भागवत दास घाट पर खनुआ नदी की सफ़ाई करते समय नाव पलट गई। इसमें सवार दर्जनों लोग डूबने लगे। स्थानीय मछुआरों ने डूब रहे लोगों को बचाया। इससे बड़ा बड़े हादसा होने से बच गया। नाव में भाजपा मंडल के अधिकांश पदाधिकारी सवार थे। कृषि मंत्री के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सुबह छह बजे से बघौचघाट के बाबा भागवत दास घाट पर खनुआ नदी की सफाई चल रही थी। कृषि मंत्री भी मौके पर मौजूद थे। तभी एक पुरानी नाव पर क्षमता से अधिक लोग सवार हो गए। नाव में पानी भर गया और नाव डूब गई। नाव में सवार सभी लोग डूबने लगे। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। किसी तरह स्थानीय नाविकों और मछुआरों के सहयोग से उनको बचाया गया। मौके पर ही डॉक्टरों की टीम ने सभी चेकअप कर घर भेज दिया। इस घटना में सभी लोग बच गए और हादसा टल गया।




# आतंकियों के लिए जासूसी कर रहे वेस्ट यूपी, दिल्ली और देहरादून के एजेंट

### पानीपत से पकड़े गए आईएसआई के एजेंट ने किया खुलासा

सत्ता सुधार ■ शामली

पाकिस्तान के लिए जासूसी में पकड़े गए कैराना के नोमान इलाही से पूछताछ और पुलिस की जांच में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। कैराना के 14 युवाओं के अलावा मुजफ्फरनगर, सहारनपुर और देहरादून के कई एजेंट पकड़े गए नोमान और पाकिस्तान में बैठे आईएसआई एजेंट इकबाल उर्फ काना के संपर्क में हैं। जांच में पता चला है कि कपड़े की फेरी, जन सुविधा केंद्र और प्राइवेट नौकरी की आड़ में सूचनाएं पाकिस्तान भेजी जा रही थीं। आरोपी नोमान इलाही के संपर्क में विभिन्न स्थानों के युवा हैं। पूछताछ में सामने आया है कि नोमान के खाते में करीब आठ हजार रुपए की ट्रांजेक्शन दिल्ली के रहने वाले किसी युवक ने की थी। माना जा रहा है कि उक्त युवक भी नोमान के साथ जुड़कर पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहा है।

### संपर्क में थे कई युवा

नोमान के संपर्क में रहने वाले उक्त युवा कपड़े की फेरी, जन सुविधा केंद्र संचालन और प्राइवेट नौकरी करते हैं। सभी पर शिकंजा कसने के लिए पानीपत पुलिस स्थानीय पुलिस से भी सहयोग लेगी। इसके अलावा पता चला है कि सिर्फ आठवीं पास नोमान व्हाट्सएप ही नहीं इंस्टाग्राम, टेलीग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म का भी प्रयोग कर रहा था। हालांकि, अन्य प्लेटफार्म पर अभी तक की जांच में कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं मिली है।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव द्वारा करुणा प्रिन्टर्स महाडिक् साहब के बाड़े के पास, निम्बालकर की गोठ नं. 2 कम्पू लश्कर, ग्वालियर से मुद्रित एवं 62 छत्रसालपुरा, ललितपुर से प्रकाशित। संपादक - गोपाल श्रीवास्तव। मोबाईल न. 9893126900, 7869966100।
भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910, आर.एन.आई. नं. यूपीएचआईएन/2006/18447 विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट, शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।